# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 66 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1999: अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू।

2001: शेर बहादुर देउबा नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने।


2001: समूह-आठ के देशों का जीनिवा में सम्मेलन सम्पन्न।

2003: इराक में हवाई हमले में तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए।

# सावन का दूसरा सोमवार : कांवरियों की बम-बम से गूंजा बाबाधाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** सावन की दूसरी सोमवारी और एकादशी के पावन संयोग पर सोमवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देशभर से आए लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों ने बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह 3 बजे मंदिर का पट विधिवत रूप से खोला गया। इसके बाद सरदार पंडा द्वारा कांचा जल चढ़ाकर सरदारी पूजा संपन्न की गई। ठीक 4:17 बजे से आम श्रद्धालुओं के लिए जलार्पण की प्रक्रिया शुरू हुई। बाबा मंदिर के बाहर स्थापित विशेष अरघा के माध्यम से कांवरिया भक्तों ने जल अर्पित किया। इसके पूर्व रविवार को देर रात तक सभी श्रद्धालु रूट लाइन में खड़े होकर रविवार को इंतजार करते दिखे। बाबा का पट खुलते ही जिला प्रशासन ने कतार में खड़े श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए जाने की अनुमति दे दी। भीड़ को देखते हुए रविवार से ही पूरे मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। जलाभिषेक के लिए पहुंचे कांवरियों ने कहा कि देर रात से ही मंदिर में काफी भीड़ उमड़ पड़ी है। पट खुलने के बाद भी उन्हें जल चढ़ाने के लिए ढाई से तीन



घंटा तक लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं, मंदिर के पंडा ने कहा कि सावन के सभी सोमवार बेहद खास होते हैं, लेकिन बांग्ला पंचांग शुरू होने के बाद दूसरा सावन एक अलग ही खास होता है। पुजारियों ने कहा कि आज भीड़ होने का मुख्य कारण यह भी है कि बंगाल और आसपास के क्षेत्र के शिव भक्त बाबा धाम पहुंच रहे हैं। जिस वजह से मंदिर में दूसरी सोमवारी को अत्यधिक भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं, धार्मिक जानकार ने बताया कि दूसरी सोमवारी करने से भक्तों को धन का लाभ होता है। जो भक्त विधि विधान के साथ दूसरी सोमवारी का व्रत रखते हैं, वैसे भक्तों को अपने जीवन में आर्थिक तंगी से नहीं जूझना पड़ता है। इधर, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन देर रात से ही सभी चौराहों पर नजर रखे हुए है। दुम्मा गेट से लेकर मंदिर परिसर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए रविवार रात्रि के 10 बजे से ही लाइन लग गई थी। देवघर के श्रीराम झा चौक से लेकर बीएड कॉलेज से आगे बरमसिया तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देखने को मिली। रविवार की देर शाम भक्तों की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं का हालचाल जानने के लिए राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार देवघर पहुंचे। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार देवघर के दुम्मा द्वारा से लेकर टेंट सिटी सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कांवरियों से बातचीत भी की।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** गारु थाना क्षेत्र के मायापुर पंचायत में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जामुनटांड टोला में रविवार रात एक जहरीले सांप के काटने से 5 वर्षीय अनुष्का कुमारी की मौत हो गई। पिता सुदर्शन लोहरा ने बताया कि रात करीब 10 बजे परिवार खाना खाकर जमीन पर चटाई पर सो गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने बच्ची की उंगली में डंस लिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मां जाग गई। उन्होंने तुरंत सांप को बच्ची से दूर किया।

### ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोमिया में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। चिल्ड्रेन पार्क के पास रविवार देर रात हुए इस हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कसवागड्डा निवासी नीरज भुइयां के रूप में हुई है। वहीं घायल ट्रैक्टर चालक रतन हेम्ब्रम को रांची रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है कि मवेशी को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर सड़क किनारे 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नौवीं कक्षा का छात्र अमोल कुमार जब स्कूल के तीसरे फ्लोर पर अपनी कक्षा की ओर जा रहा था तभी उसे चक्कर आ गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत छात्र को पास के प्राइम अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए जहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### चाचा को गोली मारने वाला भतीजा गिरफ्तार

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** गारू थाना क्षेत्र के साल्वे गांव में 19 जुलाई को हुई बुजुर्ग बासुदेव भगत को गोली मारने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी सुनेश्वर उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई। भरठुआ बंदूक भी बरामद कर लिया गया है। यह जानकारी गारू थाना प्रभारी पारस मणी ने दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तंत्र-मंत्र करने की वजह से उसके भतीजे ने ही गोली मारी थी।

### पत्नी ने ही की थी पति की हत्या

**सरायकेला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में राजेश कुमार महथा की 15 जुलाई को हुई हत्या का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। हत्या आदित्यपुर थाना अंतर्गत धीराजगंज सतबहनी में राजेश की पत्नी पूजा कुमारी ने ही की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत के अनुसार पुलिस पूछताछ में आरोपी पूजा ने बताया कि पति का किसी अन्य लड़की से अवैध संबंध था।

# झारखंड पर्यटन विकास निगम और सीसीएल के बीच एमओयू, माइनिंग टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में पर्यटन को नई दिशा देने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ। इस अवसर पर राज्य के पर्यटन मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू और सीसीएल के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। यह समझौता पांच वर्षों के लिए किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में माइनिंग टूरिज्म (खनन पर्यटन) को बढ़ावा देना है। इसके तहत देश में पहली बार किसी ओपन कास्ट माइंस को पर्यटन के लिए खोला जाएगा। प्रारंभिक चरण में रामगढ़ जिले की नॉर्थ उरीमारी माइंस को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत जेटीडीसी



पर्यटकों के 10 से 20 लोगों के छोटे समूहों की बुकिंग करेगा, जबकि एएख्र लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा और मार्गदर्शकों की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। पर्यटकों को खनन क्षेत्र में सुरक्षित तरीके से खनन प्रक्रिया को नजदीक से देखने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें खनन तकनीक, पर्यावरणीय प्रबंधन और खनिकों के कार्य जीवन को समझने का अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही, पलानी जलप्रपात, पतरातू घाटी और तिरू फॉल्स जैसे आसपास के प्राकृतिक आकर्षणों को भी इस टूरिज्म सर्किट में शामिल किया जाएगा, जिससे एक समग्र पर्यटन अनुभव विकसित हो सके। सरकार की योजना है कि राज्य में तीन विशेष माइनिंग टूरिज्म सर्किट तैयार किए जाएं, जिनमें इको माइनिंग सर्किट-1, इको माइनिंग सर्किट-2 और एक धार्मिक सर्किट है। इन सर्किटों के माध्यम से पर्यटन को न सिर्फ बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार, आर्थिक गतिविधियां और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिलेगी। पर्यटन विभाग की योजना के अनुसार, झारखंड में कई ऐसे कोयला खदान क्षेत्र हैं जो अब बंद हो चुके हैं। झारखंड पर्यटन विकास निगम ऐसे स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की दिशा में काम करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस पहल से झारखंड को एक नई पर्यटन पहचान मिलने की उम्मीद है।

# उग्रवादियों और सुरक्षा बलों में मुठभेड़, तलाशी अभियान जारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल में बीती रात सुरक्षाबलों की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से मुठभेड़ हो गई। यह घटना उस समय हुई जब हाल ही में चतरा से सीआरपीएफ की टीम को नक्सलवाद खत्म होने का दावा करते हुए वापस बुलाया गया था। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस टीम सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान टीएसपीसी से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस को कोई नुकसान नहीं हुआ। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जवानों पर नजर पड़ते ही उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी फायरिंग की। खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख सभी उग्रवादी मौके से भाग निकले। सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल से सुरक्षाबलों को एक एंड्रॉयड मोबाइल और एक पिट्ठू बैग मिला है। मुठभेड़ के बाद पुलिस और सुरक्षाबल अनगड़ा जंगल में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। वे उग्रवादियों के संभावित ठिकानों और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा रहे हैं।

# एचइसी कर्मियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारी इंजीनियरिंग निगम (एचईसी) के कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस बार कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर धरना दिया जिससे उन्होंने अपनी नाराजगी और सरकार की उदासीनता को सार्वजनिक रूप से उजागर किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों की प्रमुख मांगों में कई महीनों से लंबित वेतन का भुगतान, बकाया भत्ते, भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने अब तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने और प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाने जैसे कई प्रयास किए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में उन्हें




अब सड़क पर उतरकर अर्धनग्न प्रदर्शन करना पड़ा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आमरण अनशन और राजधानी में जुलूस निकालने जैसे कठोर कदम उठाने को विवश होंगे। गौरतलब है कि एचईसी एक समय देश का प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह वित्तीय संकट और प्रबंधन की लापरवाही के चलते अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कर्मचारियों का यह अर्धनग्न प्रदर्शन उनकी हताशा और आक्रोश का प्रतीक बन गया है, जो सरकार और संबंधित विभागों के लिए एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

# व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को अंधकार में ढकेलता है नशा : शेफाली गुप्ता

## झारखंड में इस्कॉन के सहयोग से चलेगा व्यापक नशामुक्ति अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/हजारीबाग।** ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका, दिशा (भारत सरकार) की सदस्य, लायंस क्लब की अध्यक्ष और भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर में श्री श्री राधा पार्थसारथी के दर्शन के दौरान उन्होंने इस्कॉन भारत के कम्युनिकेशन डायरेक्टर व्रजेंद्र नंदन दास से औपचारिक भेंट कर झारखंड में नशामुक्ति अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर शेफाली गुप्ता ने कहा कि नशा व्यक्ति का नहीं, पूरे परिवार और समाज का विनाश करता है। झारखंड को नशे की गिरफ्त से मुक्त करना हमारा संकल्प है। इस्कॉन जैसी आध्यात्मिक संस्था के सहयोग से यह अभियान और अधिक प्रभावी तथा व्यापक रूप से सफल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नशामुक्त समाज ही



सशक्त, संस्कारित और स्वस्थ समाज की नींव रख सकता है।

### हजारीबाग से दिल्ली तक संकल्प की यात्रा

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व हजारीबाग में इस्कॉन के एक बड़े आयोजन में भी शेफाली गुप्ता ने मंच से झारखंड को नशामुक्त बनाने का वचन दिया था। दिल्ली में इस्कॉन के साथ हुई यह मुलाकात उसी वचन को धरातल पर उतारने की दिशा में एक ठोस कदम है। व्रजेंद्र नंदन दास ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि समाज में स्थायी परिवर्तन आध्यात्मिक जागृति से ही संभव है। इस्कॉन विश्वभर में युवाओं को नशे से मुक्त करने के लिए अभियान चला रहा है। झारखंड में भी हम हर संभव सहयोग देंगे। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में जल्द ही विशेष शिविर, जनजागरूकता रैली, स्कूल-कॉलेजों में संवाद, आध्यात्मिक सत्संग और प्रेरक व्याख्यान की श्रृंखला शुरू की जाएगी। शेफाली गुप्ता ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। यह सिर्फ एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक जागरण की यात्रा है। जब तक समाज के मन से नशे का मोह नहीं हटेगा, तब तक स्थायी बदलाव संभव नहीं।

### शेफाली गुप्ता की पहल की सराहना

सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों और राजनैतिक हलकों में शेफाली गुप्ता की इस पहल की सराहना की जा रही है। माना जा रहा है कि इस्कॉन जैसी वैश्विक संस्था के साथ मिलकर चलाया जाने वाला यह अभियान झारखंड में एक नई चेतना का संचार करेगा। 'नशामुक्त झारखंड–सशक्त समाज' की परिकल्पना को जल्द ही धरातल पर उतारने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

# एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक न हो मतदाताओं की संख्या : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में मतदान केंद्रों के नजरी-नक्शा बनाने एवं जियो फेंसिंग करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर से कम की दूरी तय करनी हो साथ ही एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हो। इसके साथ ही मतदान केंद्र के विखंडन के दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि एक परिवार या एक टोले के मतदाताओं को अलग अलग मतदान केंद्र पर जाना न पड़े। श्री कुमार सोमवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप जिल निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे




थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि निर्वाचन कार्य से जुड़े क्टग, इक्टग, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ की रिक्तियों को शीघ्र ही पूर्ण कर लें इसके साथ ही बीएलओ नियुक्त करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि चयनित बीएलओ उसी मतदान केंद्र के मतदाता हों। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए दिशा-निर्देशों, कानूनी प्रावधानों एवं नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें। किसी प्रकार के संशय में मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक निर्देश अवश्य प्राप्त कर लें। श्री कुमार ने कहा कि भारत के मतदाता होने के लिए तीन अर्हता निर्धारित किए गए है जिसमें भारत का नागरिक होना, 18 वर्ष की आयु होना एवं देश के किसी भी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कोई भी योग्य मतदाता छूटे न और कोई भी अवैध व्यक्ति मतदाता सूची में न जुड़े। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## मुजफ्फरपुर में उमड़ी भीड़, रात 12 बजे से ही पहुंच रहे श्रद्धालु

# गरीबनाथ मंदिर में लाखों भक्तों ने किया जलाभिषेक हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी पर रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पहलेजा घाट से गंगा जल भर कर कांवरिए बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे। अभी तक करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालु अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कर चुके हैं। पहली सोमवारी पर 1.5 लाख भक्तों ने जलाभिषेक किया था।

### 7200 स्वयंसेवक ने की सेवा

इस बार सेवा दल के 7200 सदस्य कांवरियों की सेवा में लगे रहे। गरीबनाथ प्रबंधन कमेटी ने इन दलों को कांवरिया मार्ग और मंदिर के बाहर तैनात किया। सभी सेवा दलों का अलग-अलग ड्रेस कोड है। मंदिर के महंत अभिषेक पाठक ने बताया कि दूसरी सोमवार पर अच्छी व्यवस्था की गई। प्रशासन के साथ-साथ करीब 7200 स्वयंसेवक सेवा में लगे हुए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर और एंबुलेंस की व्यवस्था

प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कांवरियों के ठहरने के लिए आरडीएस कॉलेज में टेंट सिटी बनाई गई। साथ ही शहर के धर्मशाला, विवाह भवन और मंदिरों में भी व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। गरीबनाथ मंदिर के पास एक कंट्रोल रूम भी एक्टिव रहे। सीसीटीवी से निगरानी की गई।

इमरजेंसी में कांवरियों को सदर अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। सेवा दल के सदस्य भी सुबह से ही मार्ग पर मौजूद रहे। कांवरियों को जलाभिषेक करने में सहायता की। पहली सोमवारी को भीड़ कम होने के कारण कांवरियों को हरिसभा से छोटी कल्याणी होते हुए मंदिर मार्ग में प्रवेश दिया गया था।



**भीड़ प्रबंधन और नया रूट**

जिला स्कूल के मैदान में जिग–जैग बनाया गया है। जिससे होकर कांवरिया अमर सिनेमा रोड और फिर छोटी कल्याणी होते हुए मंदिर मार्ग में प्रवेश किया। यहां एक पुलिस चौकी भी स्थापित की गई है। जहां दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहे।

# बेतिया में नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत

### कमरे में फंदे से लटका मिला शव, परिजनों ने पड़ोसी पर लगाया हत्या का आरोप

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में गौनाहा थाना क्षेत्र के एक गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने एक कमरे से 17 वर्षीय नाबालिग का शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया है। रविवार रात करीब 8 बजे पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह के अनुसार, मृतका के परिवार ने पड़ोसी दशरथ चौधरी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामले की जांच के लिए गौनाहा थाना पुलिस, नरकटियागंज इंस्पेक्टर, एसडीपीओ और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मृतका के पिता प्रदेश में मजदूरी करते हैं।

# बाबा हरिगिरिधाम गढ़पुरा में 1 किलोमीटर तक लंबी लाइन

### बेगूसराय में भी भक्तों ने किया जलाभिषेक, कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के बाबा हरिगिरिधाम गढ़पुरा में सावन की दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। अभी तक 50 हजार से ज्यादा भक्तों ने जलाभिषेक किया है।

रात 12 बजे से ही मंदिर परिसर में कांवरियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गढ़पुरा अस्पताल तक करीब 1 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी। सरकारी पूजा के बाद सुबह चार बजे मंदिर का पट खोल दिया गया। जिसके बाद प्रशासन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से जलाभिषेक हुआ। सोमवारी को लेकर हरिगिरी धाम आने वाले तमाम रास्ते गेरुआ मय हो गए। मंदिर में सुबह से ही बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सिमरिया और झमटिया गंगा घाट से डाक बम, साधारण बम और रथ यात्रा के साथ कांवरिया मंदिर परिसर पहुंचे। बाबा भोले का जलाभिषेक कर परिवार, समाज और विश्व कल्याण की कामना के साथ पूजा-अर्चना किया। कंट्रोल रूम से हर गतिविधियों पर नजर रखी गई। मुख्य सड़क से मंदिर तक घुमावदार बैरिकेडिंग के कारण शिव भक्तों को अधिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। शिव भक्तों की सुविधा के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा विशेष सेवा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सरकारी कैंप में भी इलाज की सुविधा है।

### अलर्ट मोड में प्रशासनिक टीम

समिति के अध्यक्ष सह बखरी एसडीओ सन्नी कुमार सौरभ के नेतृत्व में प्रशासन की टीम एक्टिव है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी व्यवस्था की गई। बखरी और मंझौल अनुमंडल के सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और समिति के कार्यकर्ता व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करवाया। हरिगिरी धाम के अलावा जिला मुख्यालय के कर्पूरी स्थान, काली स्थान, बसहा स्थान, बनखंडी स्थान, बीरो धाम समेत तमाम शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। रात में विभिन्न जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमवारी को लेकर अहले सुबह से ही सिमरिया से लेकर साहेबपुर कमाल तक के तमाम गंगा घाटों पर लोगों की भीड़ जुटी रही।



# पति ने गर्भवती पत्नी के पेट में मारा लात, हुआ गर्भपात

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में एक पति ने दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी की बेहरमी से पिटाई की। जिससे महिला का गर्भपात हो गया। पीड़िता मुस्कान प्रवीन को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुस्कान ने दो साल पहले अली उर्फ छोटू से प्रेम विवाह किया था। दंपती का एक बच्चा भी है। परिजन ने बताया कि छोटू बेरोजगार है और नशे का आदी है। वह शादी के बाद से ही मुस्कान पर दहेज की मांग का दबाव बना रहा था। छोटू ने मुस्कान को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसने मुस्कान के हाथ को सिगरेट और गर्म लोहे से जला दिया।

### कर्ज लेकर पिता ने दिया था एक लाख

मुस्कान के पिता ने मुहर्रम पर्व पर एक लाख रुपए कर्ज लेकर छोटू को दिए। लेकिन छोटू ने सारे पैसे अपनी ऐश-मौज में खर्च कर दिए। शनिवार को मुस्कान के दहेज लाने से मना करने पर छोटू ने उसकी पिटाई की। पेट पर वार करने से उसका गर्भपात हो गया।

छह महीने पहले मुस्कान ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद उसे पति के साथ भेज दिया था। फिलहाल टाउन थाने की पुलिस परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। मुस्कान की स्थिति अस्पताल में चिंताजनक बनी हुई है।

# बिहार के इन 6 नए हवाईअड्डों से उड़ानें शुरू करेगी स्पिरिट एयर



**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत बिहार में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूती प्रदान करने के लिए बड़ी पहल हुई है। इसके तहत छोटे हवाई अड्डों मधुबनी, सहरसा, बीरपुर (सुपौल), वाल्मिकीनगर (प. चंपारण), मुंगेर और मुजफ्फरपुर को विकसित किया जा रहा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्पिरिट एयर एलएलपी एयरलाइन को इन रूटों पर संचालन के लिए इच्छा-पत्र जारी कर दिया है। स्पिरिट एयर इन हवाई अड्डों को बिहटा एयरपोर्ट और वाराणसी से जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों पर विमान सेवाएं शुरू करेगी।

यह पहल सीमांचल, मिथिलांचल, तिरहुत और अंग क्षेत्र में आवागमन सुगम बनाएगी। बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने कहा कि यह राज्य के लिए गर्व की बात है कि हम एक साथ छह छोटे हवाई अड्डों को पुनर्जीवित कर रहे हैं। इससे स्थानीय नागरिकों को सस्ती और सुलभ हवाई सेवा प्राप्त होगी। साथ ही राज्य का संपर्क देश के अन्य हिस्सों से सुदृढ़ होगा। इन उड़ानों का संचालन संबंधित हवाई अड्डों पर आवश्यक संरचना जैसे- एटीसी, टर्मिनल, सुरक्षा सुविधा की उपलब्धता के बाद प्रारंभ होगा। इसमें राज्य सरकार आवश्यक सहयोग कर रही है।

# स्वास्थ्य उपकेंद्रों की ओपीडी में 39 प्रतिशत मरीजों की ही बीपी जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले में स्वास्थ्य उप केंद्रों की ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे सभी मरीजों की बीपी और शुगर की जांच नहीं हो रही है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। बीते 1 से 16 जुलाई तक की रिपोर्ट में बताया गया कि ओपीडी में आने वाले महज 39 फीसदी मरीजों की ही बीपी-शुगर और वजन की जांच की गई। बीते 1 से 16 जुलाई के बीच जिले के उप स्वास्थ्य केंद्रों में 14,600 मरीज आये, इनमें 5700 की बीपी, शुगर और वजन की जांच की गई। मीनापुर और सरैया में सबसे ज्यादा मरीजों की बीपी-शुगर और वजन की जांच की गई। मीनापुर में 91 और सरैया में 61 फीसदी मरीजों की जांच हुई। कुढ़नी में सबसे कम 14 फीसदी मरीजों की ही जांच हुई।

**ऑनलाइन इलाज में भी कोताही:** स्वास्थ्य उप केंद्रों में बीपी-शुगर और वजन की जांच के अलावा मरीजों के ऑनलाइन इलाज में भी कोताही बरती जा रही है। 14 हजार मरीजों में 7300 मरीजों की ही ऑनलाइन जांच की गई। उप स्वास्थ्य केंद्रों पर सबसे खराब स्थिति गर्भवतियों के प्रसव पूर्व जांच की है। जुलाई के 16 दिनों में स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सिर्फ दो महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई है। सीएस डॉ अजय कुमार ने सभी पीएचसी प्रभारियों को स्वास्थ्य उपकेंद्रों में मरीजों की सही तरीके से इलाज कराने की हिदायत दी है। मुजफ्फरपुर जिले में 479 स्वास्थ्य उपकेंद्र चल रहे हैं।

# घर पर रखा मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड दिख रहा, कई लोग परेशान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े गणना प्रपत्र मतदाताओं के घर में ही रखे हैं, पर वेबसाइट पर अपलोड बताया जा रहा है। मझौलिया के मकतब चक अब्दुल वाहिद (पश्चिमी भाग) स्थित बूथ के दो मतदाताओं प्रतीक कुमार और बेबी कुमारी के साथ कई अन्य लोगों ने इस तरह की शिकायत स्थानीय वार्ड संख्या 27 के पार्षद अजय ओझा से की है। पार्षद ने बताया कि करीब सौ मतदाताओं के प्रपत्र जमा नहीं होने के बावजूद उसे अपलोड बताया जा रहा है। इसकी जानकारी उप नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों को दी गई है। साथ ही गणना प्रपत्र के वितरण व जमा करने में बूथ 136 के बीएलओ पर कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए पार्षद ने कहा कि तीन साल से तैनाती होने के बावजूद उन्हें कार्य क्षेत्र की भी जानकारी नहीं है।

### विशेष पुनरीक्षण में हर मतदाता का भरवाएं फॉर्म

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने तिलक मैदान स्थित जिला कार्यालय में पार्टी से नियुक्त बीएलए के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले में अभी भी 4,90,445 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अपलोड नहीं दिखा रहा है। बीएलए सभी मतदाताओं का डाटा अपलोड करवाने में मदद करें। इस काम में छह दिन बाकी हैं। इसलिए सभी साथी इसमें जी जान से जुट जाएं।



# किशनगंज में एयरटेल टावर में लगी आग: 2 घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू



इंटरनेट-कॉलिंग सेवाएं बाधित

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज जिले के पोठिया थाना क्षेत्र में एक टेलीकॉम टावर में रविवार देर रात आग लग गई। यह टावर पैक्स अध्यक्ष तौसीफ आलम के घर पर स्थित था। आग की सूचना मिलते ही पोठिया थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दो दमकल गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दमकल विभाग की टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। टावर को काफी नुकसान पहुंचा है।

### इंटरनेट और कॉलिंग सेवाएं बाधित

इस घटना के बाद पोठिया और आसपास के क्षेत्रों में एयरटेल की इंटरनेट और कॉलिंग सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं। इससे स्थानीय निवासियों, विशेषकर छात्रों और व्यापारियों को ऑनलाइन कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस टावर के रखरखाव और सुरक्षा मानकों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।



### नवादा में 17 साल के युवक की निर्मम हत्या : नारदीगंज के जोराबर बीघा में गला रेतकर मारा, आरोपी फरार

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड में एक नाबालिग की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान जोराबर बीघा गांव निवासी सुरेंद्र चौहान के 17 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना रविवार की देर रात की है। सोनू रात 8:30 बजे अपने एक दोस्त के साथ घर से निकला था। सोमवार की सुबह उसका शव गांव के बधार में मिला। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। ग्रामीणों और मृतक के परिवार ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बॉयफ्रेंड से नाराज होकर सोन बराज में कूदी युवती

**सासाराम, रोहतास, एजेंसी।** रोहतास के डेहरी में प्रेमी से नाराज होकर युवती ने इंद्रपुरी बराज में छलांग लगा दिया। संझौली की रहने वाली रिया सिंह दरिहट में अपनी बुआ के यहां आई हुई थी। यहां के नीरज शर्मा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच तनाव चल रहा था। रविवार को दोनों इंद्रपुरी बराज के पास घूमने गए। वहां दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान रिया ने अचानक बराज के उफनते पानी में छलांग लगा दी।

**युवती की तलाश जारी :** स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नीरज को हिरासत में ले लिया है। डेहरी के एएसपी अतुलेश झा भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। एएसपी ने पुष्टि की है कि प्रेम संबंधों में आई खटास के कारण युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस रिया की तलाश में जुटी हुई है। घटना के 18 घंटे बाद भी एनडीआरएफ की टीम शव को नहीं ढूंढ पाई है। बता दे कि इंद्रपुरी बराज लोग घूमने के लिए जाते हैं। ऐसे में काफी संख्या में लोग बराज के पास मौजूद थे। जैसे ही इस तरह घटक मामला सामने आया वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

# हजारीबाग की बेटियों का परचम, सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में बनीं राज्य चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** हजारीबाग की बेटियों ने राज्य स्तर पर अपने हुनर का ऐसा जलवा बिखेरा कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में रांची स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता (2025-26) के अंडर-17 बालिका वर्ग में पीएम श्री के.बी. हाई स्कूल, हजारीबाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुमला को 7-6 से हराकर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हजारीबाग की टीम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अपने कार्यालय में खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को सम्मानित किया। उन्होंने टीम की कप्तान से संवाद करते हुए कहा हजारीबाग की बेटियों ने सिर्फ जिले ही नहीं, पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग देगा। सम्मान समारोह के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ कौशल किशोर, खेल नोडल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, अनूप कुमार मेहता, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, शुशीला कुमारी सहित टीम के सभी खिलाड़ी और पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# सांसद प्रतिनिधि ने प्लस टू विद्यालय में खेल सामग्री का किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल सामग्री का वितरण किया गया। यह सामग्री सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल उर्फ दीपू के हाथों विद्यालय को सौंपी गई। खेल किट में क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और तीन फुटबॉल शामिल हैं, जिसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक फणीश्वरनाथ महतो को सौंपा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि बरनवाल ने कहा कि हजारीबाग की जनता ने ऐसे जनप्रतिनिधि को चुना है जो विकास के हर मोर्चे पर संकल्पबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे सड़कों का निर्माण हो या वंदे भारत जैसी ट्रेनों की सौगात, सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। गरीब और असहाय जोड़ों की सामूहिक शादी, बेटियों को शादी में उपहार स्वरूप लहंगा प्रदान करना, और राम जन्मभूमि अयोध्या में गरीब परिवारों को तीर्थ दर्शन कराना उनके जनसेवा के उदाहरण हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल सराहनीय है। सांसद की यह मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और आगे बढ़ें। कार्यक्रम में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, मंडल उपाध्यक्ष अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक फणीश्वरनाथ महतो, सर्प मित्र सुरेश राम, जयनाथ साव, अनुभव भारती सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और कार्रवाई तेज करने पर जोर

## हजारीबाग में मादक पदार्थों पर सख्ती के लिए बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हजारीबाग।** जिले में बढ़ती नशाखोरी पर अंकुश लगाने को लेकर जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने की।

बैठक में मादक द्रव्यों एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम, युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने, विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष अभियान चलाने, तथा पुलिस व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि जिले में नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जन-जागरूकता अभियान को प्राथमिकता देने की बात कही गई, जिससे समाज में नशे के प्रति नकारात्मक सोच विकसित हो और युवा पीढ़ी इस कुरीति से बच सके। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रशासन की नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियों को नशे के चंगुल से मुक्त रखा जाए। नशे के खिलाफ लड़ाई एक सामाजिक आंदोलन बनना चाहिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रतिनिधि एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने गांव, टोला और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सोमवार को हजारीबाग स्थित पैराडाइज बैंक्वेट हॉल में संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर और नगर निकाय चुनाव समीक्षा बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। प्रथम सत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि व झारखंड कांग्रेस के उप प्रभारी डॉ. सिरीवेला प्रसाद ने कहा यह केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि कांग्रेस के पुनर्गठन की ऐतिहासिक पहल है। हमारा लक्ष्य हर गांव, हर टोला और हर बूथ तक संगठन को मजबूत करना है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा झारखंड की धरती पर राजनीतिक पुनर्ज़ागरण की शुरुआत हो चुकी है। हम सिर्फ संगठन नहीं खड़ा कर रहे, बल्कि बदलाव की नींव रख रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता को नेतृत्व के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वह बूथ से विधानमंडल तक पार्टी को मजबूती दे सके। पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख ने इसे केवल संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कांग्रेस की जड़ों को गांव और पंचायत तक मजबूती देने का संकल्प बताया। वहीं, पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा, देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी के इस दौर में कांग्रेस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। कार्यकर्ताओं को प्रेरणा नहीं, रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। द्वितीय सत्र में नगर निकाय चुनाव की समीक्षा की गई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिलों के जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पर्यवेक्षक, पूर्व मंत्री और प्रदेश स्तर के कई नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान और चतरा जिलाध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने दिया। इस मौके पर विधायक ममता देवी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मीडिया अध्यक्ष सतीश पाल मुंजनी, सोशल मीडिया अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, एसटी अध्यक्ष केदार पासवान, उपाध्यक्ष भीम कुमार, महासचिव कुशवाहा, प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रशिक्षक जकीउल्लाह सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विचार रखे। बैठक में जिले के सभी प्रखंड पर्यवेक्षक, मीडिया प्रभारी, महिला कार्यकर्ता, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरसात में ढहा गरीब का कच्चा मकान, एक घायल; परिवार बेघर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चौपारण।** लगातार हो रही बारिश ने चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत में एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया। रविवार रात हुई इस घटना में महादेव भुइयां का कच्चा मकान बारिश से भीगकर अचानक भरभराकर ढह गया। हादसे के वक्त पूरा परिवार घर में सो रहा था, जिसमें एक सदस्य को हल्की चोट आई है, जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। पीड़ित परिवार फिलहाल दूसरों के घरों में शरण लिए हुए है।

गौरतलब है कि महादेव भुइयां का नाम वर्ष 2024-25 की अबुआ आवास योजना के लाभुकों में शामिल है। ग्रामसभा से अनुमोदन और प्रखंड से स्वीकृति भी मिल चुकी है। दैहर पंचायत के 80 लाभुकों में उनका नाम भी है, लेकिन जिला स्तर से अब तक प्रथम किस्त की राशि जारी नहीं की गई, जिससे मकान निर्माण शुरू नहीं हो सका।

पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां ने प्रशासन से पीड़ित को आपदा राहत मद से तत्काल सहायता देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने अबुआ आवास योजना की लंबित राशि जल्द जारी करने की भी अपील की है, ताकि पीड़ित परिवार फिर से सुरक्षित आशियाना बना सके।

इस घटना ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी और फंड वितरण की धीमी प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर राशि मिल जाती, तो परिवार बेघर होने से बच सकता था।

# विष्णुगढ़ पंचायत में 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर जलने से बिजली आपूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के पुराना पंचायत भवन के समीप स्थित 200 केवीए क्षमता वाला विद्युत ट्रांसफार्मर बीते कुछ दिनों से जलकर खराब हो गया है। इसके चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लगभग 150 से अधिक उपभोक्ता इस ट्रांसफार्मर से जुड़े हैं, जिनका जनजीवन अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य और छोटे व्यवसाय ठप पड़ गए हैं। गर्मी और उमस के इस मौसम में लोगों को रातें बिना पंखे के गुजारनी पड़ रही हैं, जिससे हालात और भी दयनीय हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। विभागीय उदासीनता के कारण ट्रांसफार्मर अब तक बदला नहीं गया है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें बिजली की समस्या से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

# सीओ ने बिजलीविहीन टोलों की मांगी जानकारी

## दैहर, चोरदाहा और भगहर पंचायतों के आदिवासी टोले अब तक बिजली सुविधा से वंचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चौपारण।** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर चौपारण प्रखंड में बिजलीविहीन गांवों की पहचान का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में अंचलाधिकारी संजय यादव ने सोमवार को सभी पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के ऐसे गांवों या टोलों की जानकारी साझा करें, जहां अब तक बिजली की सुविधा नहीं पहुंची है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दैहर, चोरदाहा और भगहर पंचायतों के कई आदिवासी टोले आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। दैहर पंचायत के पत्थलगड्डा टोला करगा, मुडिया और दुरागड़ा, चोरदाहा पंचायत के मोरनिया, सिकदा, ढोढ़िया और जमुनियातरी, तथा भगहर पंचायत के कालापहाड़, खैराटाड़, मैसाखार, चिरैयाटाड़ जैसे आदिवासी टोलों में अब तक बिजली के खंभे, तार और ट्रांसफॉर्मर तक नहीं लगाए गए हैं। इन क्षेत्रों के सैकड़ों परिवार आज भी अंधेरे में जीवन यापन को विवश हैं। सीओ संजय यादव ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार ऐसे सभी गांवों की संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय को भेजी जाएगी, जिससे इन्हें सरकारी विद्युत आपूर्ति योजनाओं में शामिल किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और पंचायत सचिवों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बिना जनभागीदारी के अंतिम व्यक्ति तक रोशनी पहुंचाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

# नवादा में गला रेतकर किशोर की हत्या

## मृतक की पहचान सोनू कुमार के रूप में, पुलिस जांच में जुटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के मसौढ़ा पंचायत अंतर्गत जोराबर बिगहा गांव के बधार में सोमवार सुबह एक किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा शव देखा तो शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। शव की पहचान गांव के ही सुरेन्द्र चौहान के 17 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोर की गला रेतकर हत्या की गई है और फिर शव को बधार में फेंक दिया गया। बताया गया कि सोनू रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने एक दोस्त के साथ घर से निकला था, लेकिन सुबह उसका शव खेतों के पास पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और एसएफएल टीम के साथ बारीकी से जांच शुरू की गई। एसपी ने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस जघन्य कांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। समाचार प्रेषण तक इस मामले में अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोग शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाने में जुटे हैं। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। बहन की शादी हो चुकी है जबकि छोटा भाई अभी नाबालिग है। पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीणों व परिजनों ने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# आरपीएफ ने चोरी कर भाग रहे युवक को पकड़ा

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आरपीएफ की सतर्कता से एक चोर पकड़ा गया। आरोपी युवक ट्रेन में एक बच्चे से सोने का लॉकेट चुराकर फरार होने की कोशिश कर रहा था, जिसे आरपीएफ जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि मेमो पैसेंजर ट्रेन संख्या 63296 जैसे ही प्लेटफार्म संख्या-3 से खुली, उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से ट्रेन से उतरकर भागने लगा। गश्ती दल ने शक के आधार पर उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी दीनानाथ प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार सोनी के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने का एक लॉकेट बरामद हुआ। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने ट्रेन में सवार एक बच्चे से लॉकेट चुराया और फिर मौके का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की। गिरफ्तार युवक को आगे की कार्रवाई के लिए सननगर राजकीय रेल थाना को सौंप दिया गया, जहां प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, आरक्षी अनिल कुमार, गया सीपीडीएस टीम के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, राजू कुमार, अमित कुमार एवं अमरेंद्र कुमार शामिल थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

**खुली ई-निविदा सं. एसडीएसटीई-पीसी-टीओ-डेटालॉगर-25, दिनांक** 14.07.2025 जो मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-I, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी, खुलने की तिथि 08.08.2025, उक्त निविदा कुछ तकनीकी कारण से एतद्द्वारा "निरस्त" की जाती है।

HWH-204/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईलेक्ट-जी-एडीए-2025-31, दिनांक: 18.07.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा यहां नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के 15 स्टेशनों में स्टेशन विकास से संबंधित साइनेज तथा दिव्यांजन के लिए सुविधाओं (दूरसंचार के अलावा) के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,34,34,000; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय** 12.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे है तथा **निविदाएं** दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 12.30 बजे के उपरांत **खोली** जाएंगी। उपरोक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (PR-418)

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी बिक्री सूचना**

**सं. सी.8/नीलामी/बिक्री सूचना/एएसएन/25** **दिनांक : 18.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 83 के तहत एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे संक्षेप में वर्णित कन्साइनी के अप्राप्त सामानों की रेलवे रसीद प्रस्तुत करने और उसके प्रकाशन की तिथि से सात (7) दिनों के अंदर रेलवे बकाया राशि के भुगतान पर, अगर डिलीवरी नहीं ली जाती है, तो "जैसा है जहाँ है" के आधार पर मद के सामने उल्लिखित तिथि, समय और स्थान पर सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। **क्रम सं., विवरण और स्थान जहाँ पड़ा है** निम्नानुसार हैं: **(1)** पीडब्ल्यूबी नं. 0049510 के माध्यम से 01 साइकिल झाझा से आसनसोल तक जो दिनांक 04.02.2023 को उतारी गई और आसनसोल। **(2)** पीडब्ल्यूबी नं. 2018373076 के माध्यम से 01 बंडल इलेक्ट्रिक गुड्स रायपुर से आसनसोल तक जो 19.10.2023 को उतारे गए और आसनसोल। **(3)** पीडब्ल्यूबी नं. 2019752373 के माध्यम से 01 बंडल बीड़ी गोण्डा से आसनसोल तक जो दिनांक 25.03.2024 को उतारी गई और आसनसोल। **(4)** पीडब्ल्यूबी नं. 1006969392 के माध्यम से 01 साइकिल सियालदह से आसनसोल तक जो दिनांक 06.10.2023 को उतारी गई और आसनसोल। **(5)** पीडब्ल्यूबी नं. 2021241369 के माध्यम से 01 घरेलू सामान जम्मू तवी से आसनसोल तक जो दिनांक 07.10.2024 को उतारा गया और आसनसोल। **(6)** पीडब्ल्यूबी नं. 2021469237 के माध्यम से 02 साइकिल अम्बाला कैंट. से आसनसोल तक जो दिनांक 06.11.2024 को उतारी गई और आसनसोल। **(7)** पीडब्ल्यूबी नं. 2022311605 के माध्यम से 20 बंडल पेपर गुड्स चेन्नई एग्मोर से आसनसोल तक जो दिनांक 17.02.2025 को उतारे गए और आसनसोल। **(8)** पीडब्ल्यूबी नं. 2022381529 के माध्यम से 01 बंडल स्टेशनरी गुड्स लुधियाना से आसनसोल तक जो दिनांक 01.03.2025 को उतारे गए और आसनसोल। **(9)** पीडब्ल्यूबी नं. 2022311461 के माध्यम से 01 साइकिल मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से आसनसोल तक जो दिनांक 25.02.2025 को उतारी गई और आसनसोल। **(10)** पीडब्ल्यूबी नं. 549261 के माध्यम से 01 किड साइकिल जोलारपेट्टै से मधुपुर तक जो दिनांक 26.06.2019 को उतारी गई और मधुपुर। **(11)** पीडब्ल्यूबी नं. 272378 के माध्यम से 01 घरेलू सामान वाराणसी से मधुपुर तक जो दिनांक 04.07.2019 को उतारे गए और मधुपुर। **(12)** पीडब्ल्यूबी नं. 2021414394 के माध्यम से 02 दो खाली बांस की टोकरियाँ राजेन्द्रनगर टर्मिनल से मधुपुर तक जो दिनांक 02.11.2024 को उतारी गई और मधुपुर। **नीलामी के लिए स्थान, तिथि और समय: आसनसोल कार्यालय में दिनांक 20.08.2025 को 11.00 बजे** (क्रम सं. 1 से 12 के लिए)। **नियम एवं शर्तें:** (1) इच्छुक बोलीदाता व्यक्तिगत पार्सल कार्यालय (कॉलम सं. 3) में पार्सल कार्यालय के अंतर्गत साइट पर सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। (2) प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता से अनुरोध है कि नीलामी बिक्री शुरू होने से पहले प्रतिभूति जमा के रूप में रु.5000/-(पाँच हजार रुपये) मात्र नकद जमा करें। उच्चतम बोलीदाता को छोड़कर प्रत्येक बोलीदाता को रु.5000/- वापस किए जाएंगे। (3) लॉट खरीदने वाले बोलीदाता को नीलामी की तिथि को छोड़कर सात (7) दिनों के अंदर माल प्राप्त कर लेना चाहिए, अन्यथा नियम के अनुसार वार्फेज शुल्क लगाया जाएगा। (4) बोलीदाता को हथौड़ा गिरने के तुरंत बाद बोली राशि का 25% या रु. 500/- जो भी अधिक हो, जमा करना होगा। (5) प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

ASN-127/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# दो लाख श्रद्धालुओं ने किया बाबा गरीबनाथ पर जलाभिषेक

## भीषण गर्मी के बाद भी भक्तों के कदम रूके नहीं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*मुजफ्फरपुर। दूसरी सोमवार पर कांवरिये सहित उत्तर बिहार के करीब दो लाख कांवरियों ने बाबा गरीबनाथ पर जलाभिषेक किया। इतनी भीषण गर्मी के बाद भी बाबा के भक्तों के कदम नहीं रुके। हर तरफ बोलबम के जयकारे गूंजते रहे।*

*पांव में छाले, बोहोशी का आलम फिर भी बढ़ता गया कदम। इतनी उमस भरी गर्मी के बाद भी नाचते-गाते कांवरिये बाबा के दरबार पहुंच गए। वैसे कांवर लेकर आने वाले श्रद्धालु जलाभिषेक कर भीड़ में फंसने के डर से पहले ही निकल गए।*

*रात को 12 बजने से पहले हजारों कांवरियों का जत्था बाबा मंदिर के पास पहुंच गए। उसके बाद भीड़ काफी बढ़ गई। इस दौरान कई कांवरिये बेहोश होकर गिर पड़े तो उनको सेवा में लगे महिला, पुरुषों की सेवा दल द्वारा बाबा मंदिर के पास पहुंच कर जलार्पण कराया।*

*इतने सारे कष्टों को झेलकर कर चार-पांच घंटे लाइन में लगने के बाद भी कांवरियों का कदम नहीं डिगा।*

*हरिसभा चौक, आमगोला ब्रिज से लेकर साहू पोखर तक बेतरबीव बाइक वालों के आने-आने से श्रद्धालुओं के कदम पर ब्रेक लगने से परेशानी हुई। पुलिस प्रशासन के किसी आला अफसर ने इसको लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाया। कारण भक्तगण किसी तरह उसी रास्ते से गिरते-पड़ते बाबा दरबार पहुंचे। गर्मी के कारण सुबह में कांवरिये इधर-उधर, किसी शिविर के पास छिपे रहे। शाम होते ही कांवरियों की रेला चल पड़ी।*

*पहलेजा धाम से पवित्र गंगाजल लेकर तीन दिनों पहले शुक्रवार को चले कांवरिये का रविवार को रात जलार्पण के बाद यात्रा पूरी हुई। कुछ लोग शाम तक धीरे-धीरे पहुंचे। धूप और गर्मी के कारण अधिकांश कांवरिये के पांव में छाले पड़ गए। लेकिन रास्ते की शिविरों में मरहम पट्टी, दवा, जूस आदि लेने से कांवर यात्रा आसान हो गया।*

*महिला-पुरुष के लिए इस बार भी बैरिकेडिंग नहीं होने से महिला श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए परेशानी हुई। महिला कांवरिया सुष्मा देवी ने कहा कि श्रद्धालु इतनी दूरी से कष्ट झेलकर बाबा गरीबनाथ धाम आते हैं, लेकिन यहां महिलाओं के लिए अलग लाइन नहीं होने के कारण जलार्पण के भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।*

*ऐसी व्यवस्था देश में कहीं नहीं, कि महिलाओं को एक लाइन में पुरुषों के साथ धक्के खकर जलाभिषेक करते हैं। इस पर जिला प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़ रही। इससे महिलाओं को जलर्पण करने में भारी परेशानी हुई।*

# अलग-अलग घटनाओं में चार डूबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** दिघवारा प्रखंड क्षेत्र में दो घटनाओं में चार युवक गंगा नदी में डूबे। जिसमें तीन का शव बरामद कर लिया गया। जबकि एक युवक की तलाश जारी है। पहली घटना सोमवार की अहले सुबह आमी नमामि गंगे घाट पर जहां गंगा में स्नान करने गया युवक गहरे पानी में लहरों के बीच डूब गया, जबकि दूसरी चकनूर गांव के सामने दिघवारा शेरपुर सिक्सलेन पुल के निर्माणाधीन पुल के पास की है। जहां पूजा सामग्री गंगा में प्रवाहित करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक दूसरे को बचाने के क्रम में एक परिवार के साला, बहनोई व भगीना डूब गए।

सूचना पर एसडीआरएफ व गोताखोर लगाए गए। चकनूर गांव में डूबे आपस में रिश्तेदार तीनों युवकों को छिटुपाकर गांव से पहुंचे गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को ढूंढ निकाला। आनन फानन मे ग्रामीण ईलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल लेकर भागे। जहां चिकित्सक ने तीनों युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं आमी में डूबें युवक की तलाश जारी है।

# दिन दहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## घटना के बाद इलाके में दहशत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना से सटे दुल्हिन बाजार के सदावेह भलुआ में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सदावेह गांव निवासी विजय सिंह के बेटे 35 वर्षीय आदित्य कुमार के रूप में हुआ है। मृत युवक पटना में फौजी एन्ड फैन्स सिक्यूरिटी गार्ड एजेंसी चलाता था। जिसका कार्यालय जक्कनपुर थाने के आसपास था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीन की संख्या में आए अपराधियों ने पेशेवर अंदाज में वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बिना किसी बहस या विवाद के सीधे सिर और सीने पर गोलियां दाग दीं।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। हत्या का कारण घर के नजदीक 12 कठे जमीन के विवाद को बताया जाता है। मौके पर सिटी एसपी पश्चमी भानु प्रताप सिंह पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं गोली मारने वाले और उसका साथ देने वालों की पहचान हो चुकी है। मौके से एक बजाज मोटरसाइकिल और एक लोडेड पिस्तौल व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

सिटी एसपी पश्चमी भानु प्रताप ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला किसी निजी रंजिश या पूर्व विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा भी हो सकता है कि मृतक किसी जाल में फंसा हो या उसे किसी टकराव की पहले से आशंका हो। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और विभिन्न एंगल से जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत के ठिकाडीह गांव वार्ड 7 में बीते 15 दिनों से नल जल की समस्या को लेकर सोमवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने रोसड़ा बहेरी मुख्य सड़क के नरसिंहा चौक पर बांस बल्ला लगाकर लोगों ने सड़क जामकर जमकर नारेबाजी की।

गुस्साये ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई दिनों से नलजल सेवा बंद है। गर्मी में लोगों को पीने का पानी के लिए काफी परेशानी होता है। गांव का सभी चापाकल सूख गया है जिसको लेकर आस पास के गांव और दूसरे वार्ड से पानी लाना पड़ता है। पीने का पानी को लेकर लोगो को काफी परेशानी होता है। एक सप्ताह पूर्व बीडीओ को गांव के लोगों ने पानी समस्या को लेकर आवेदन भी दिया था। सड़क जाम के कारण गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। लोगो ने बताया कि पानी की समस्या का निदान नहीं होने पर मजबूर होकर सड़क जाम करना पड़ा। जाम की सूचना पर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, बीपीआरओ राजू कुमार जाम स्थल पहुंच लोगों को शांत कराकर जल्द पानी चालू कराने के आश्वासन पर लोगो ने जाम हटाया।

# मुंशी को गोली मारकर बदमाशों ने लाखों लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत जूस फैक्ट्री के निकट दिनदहाड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने चावल कारोबारी के मुंशी से 6.40 लाख रुपए लूट कर गोली मारकर घायल कर दिया। गोली मारने के बाद बाइक सवार बदमाश घटनास्थल से पासवान चौक की तरफ फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर राहगीर एवं स्थानीय लोग जुट गए। घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

घायल युवक बिदुपुर थाना क्षेत्र के कुशीयारी गांव निवासी हरि जीवन शाह के 35 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार बताया गया। घायल को एक गोली कमर के पास मारी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार एवं नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार सदर अस्पताल पहुंच गए। एसडीपीओ ने घटना के बारे में घायल से विस्तार पूर्वक जानकारी लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुट गए। घटना की जानकारी मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान घटनास्थल पर पहुंच गए।

आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेने के पश्चात घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल के बाद बदमाशों के भागने की दिशा में पुलिस छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घायल सुबोध कुमार अपने साथी दिघवारा निवासी शंकर कुमार के साथ गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के नवादा श्रीराम सुंदर दाल फैक्ट्री मिल से रुपए लेकर पासवान चौक स्थित इंडियन बैंक में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान अपाचे बाइक से तीन बदमाश ओवरटेक करके गाड़ी रोक दिया। रुपए से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर युवक को गोली मारकर मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की मदद से युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के संबंध में घायल युवक के साथी शंकर कुमार ने बताया कि हम लोग रुपए लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आगे से आकर गाड़ी रोक दिया। रुपए से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर गोली मारकर घायल कर दिया। गोली मारने के बाद रुपए से भरा बैग लेकर पासवान चौक की तरफ भाग गया। घटना के संबंध में मिल मालिक मनोज कुमार ने बताया कि हमारा स्टाफ 6.40 लाख रुपए लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। बाइक सवार बदमाशों ने रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गया। और स्टाफ को गोली मार दिया।

# आरपीएफ पोस्ट में लगी आग

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर आरपीएफ पोस्ट में सोमवार को आग लग गई। हालांकि, जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक फ्रीज, सीसीटीवी सिस्टम व दस्तावेज सहित संपत्ति जलकर खाक हो गई। बताया गया कि जिस समय इंस्पेक्टर कार्यालय में आग लगी थी, उस समय कार्यालय कक्ष बंद था। इंस्पेक्टर अपने आवास पर थे। आग दोपहर 2.40 बजे लगी।जानकारी के अनुसार, पहले अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो आरपीएफ जवान और रेलकर्मियों ने पानी डालना शुरू किया।बताया गया कि करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में सात अग्निशमन यंत्र का उपयोग किया गया। स्टेशन डायरेक्टर उत्पल शर्मा के अनुसार, इंस्पेक्टर कक्ष से धुआं निकलता देख कर्मियों ने कमरे का ताला खोला। जब तक ताला खोला जाता, तब तक आग फैल गई थी। उस समय तक फ्रिज जलकर खाक हो चुका था।

# वाटरफॉल घूमने गए तीन युवक लापता

## रेस्क्यू ऑपरेशन से दूसरे दिन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुंगेर जिले के तीन युवक रविवार दोपहर बरमसिया वाटरफॉल घूमने गए थे, लेकिन वापसी के दौरान वे गहरे जंगल में रास्ता भटक गए। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने चिंता जताई और स्थानीय थाना को सूचना दी।

सूचना मिलते ही लड़ैयाटांड़ थाना प्रभारी विभांशु शेखर भास्कर ने तत्परता दिखाते हुए एसटीएफ की विशेष टीम की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। रातभर चले संयुक्त सर्च अभियान के बाद सोमवार तड़के करीब 5 बजे तीनों युवकों को जंगल से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बरामद युवकों की पहचान हसनगंज, थाना कसिमबाजार निवासी 21 वर्षीय अंशु कुमार, 25 वर्षीय अक्षय आदर्श और थाना नयारामनगर के हलिमपुर निवासी 22 वर्षीय रोहित कुमार के रूप में हुई है। तीनों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### परिजनों ने प्रशासन का जताया आभार

युवकों की सकुशल वापसी से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने स्थानीय पुलिस और एसटीएफ टीम का आभार जताया है। इस घटना के बाद प्रशासन ने भी पर्यटकों से अपील की है कि वे अनजान और घने इलाकों में अकेले अथवा बिना गाइड के प्रवेश न करें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से गहराया बाढ़ का खतरा, दहशत

## प्रशासन ने की निबटने की तैयारी, किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** बिहार में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे मुंगेर जिले में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है और अब भी तेजी से बढ़ रहा है। खासकर मुंगेर, जमालपुर और धरहरा प्रखंड क्षेत्रों में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

गंगा का पानी दियारा क्षेत्र और उसके आसपास के गांवों में फैलने लगा है। लोग अपने मवेशियों और जरूरी सामान के साथ नावों के सहारे सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कुमार अभिषेक ने बताया कि गंगा के जलस्तर में अभी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन अनुमान है कि एक-दो दिनों में इसमें गिरावट आ सकती है। प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने के सभी आवश्यक प्रबंध किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि संभावित कटाव वाले इलाकों में फ्लड फाइटिंग का कार्य जारी है। सभी नावों का पंजीकरण कर लिया गया है



ताकि आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। सदर प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में कटावरोधी कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं।

एसडीओ ने बताया कि पिछले वर्ष जिले की कुल 38 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई थीं। इस अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार पहले से ही सूखा राशन, सामुदायिक किचन और अन्य राहत कार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।

# स्कूल से भागकर नहाने गये चार छात्र डूबे

**खगड़िया।** जिले के चौथम थाना क्षेत्र के धुतौली मालपा गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। स्कूल से भागकर नहाने गए चार बच्चे पानी में डूब गए। डूबने वालों में दो लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं।

डूबने वाले बच्चों की पहचान गोलू और करण पिता ललित प्रसाद चौरसिया, अनु कुमारी और अंशु कुमारी पिता अनुज प्रसाद चौरसिया के रूप में हुई है। बताया गया है कि चारों बच्चे स्कूल से बिना किसी को बताए कंकाल कुरिया गांव के दक्षिण दिशा में स्थित एक धारमें नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर रउÞÞकी टीम को बुलाया गया है और चारों की तलाश और बरामदगी की प्रक्रिया जारी है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हालांकि प्रशासन की ओर से मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

# महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के अलावा वामपंथी दल भी राजद पर दबाव बना रहे हैं। सोमवार को भाकपा के महासचिव डी. राजा ने जनशक्ति भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग बड़ी समस्या है, लेकिन इसका जल्द समाधान होना चाहिए। महागठबंधन में पार्टियां ज्यादा हैं। इसलिए सीट शेयरिंग में चुनौती है।

डी. राजा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में छह सीटों पर हमारी पार्टी चुनाव लड़ी थी। मगर इस बार हमारी पार्टी उससे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर रही है।

वहीं, इस मौके पर भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि माले को पिछले चुनाव में 19 सीटें दी गई थीं, तो भाकपा को भी 20 सीटें मिलनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इस बार हम 24 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी सूची तेजस्वी यादव को सौंप दी गई है। अन्य दलों ने भी अपनी-अपनी सीटों की सूची उन्हें दी है। डी. राजा ने आरोप लगाया कि बिहार में नीतीश सरकार फेल हो चुकी है। भ्रष्टाचार और अपराध से जनता त्रस्त हो चुकी है। चुनाव आयोग के माध्यम से भाजपा-आरएसएस द्वारा बिहार में गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रची जा रही है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस लेने की मांग को लेकर 23-24 जुलाई को राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध दिवस मनाया जाएगा।

# मासूम के साथ मां ने लगायी फांसी

**समस्तीपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वासुदेवपुर वार्ड संख्या 12 में फंदा लगाकर मां व किशोरी पुत्री ने आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पांच वर्षीय पुत्र के फंदे की रस्सी लूज थी और वह बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतिका की पहचान रोशन चौधरी की पत्नी सुमन कुमारी (25 वर्ष) एवं किशोरी पुत्री की आराध्या कुमारी (8 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस के पहुंचने पर दोनों का शव घर के बाहर जमीन पर था।

गले में टेंट हाउस की रस्सी का फंदा का निशान पाया गया। आश्चर्य की बात है कि मृतका के पुत्र आदर्श कुमार के गले में फंदा ढीला था। इससे वह फंदे से बाहर निकल गया। इसके बाद वह घर के बाहर दादी इंदू देवी के पास पहुंचा और पूरी जानकारी दी।

इसके उपरांत दादी घर के अंदर प्रवेश की तो बहू व पोती फंदे से लटकी मिली। पति बाजार समिति में मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

# जिले के 50 एएनएम को उपलब्ध करायी जायेगी स्कूटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ।** ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को तेज और आसान बनाने के लिए हजारीबाग जिला प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत जिले की 50 एएनएम को सीएसआर मद से स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी।

एनटीपीसी की ओर से इस योजना के लिए राशि दी जा रही है, जिससे जल्द ही स्वास्थ्य सेवा का नया अध्याय शुरू होने वाला है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कई ऐसे गांव हैं जहां सड़कें तो हैं, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती।

कई स्थानों पर पहुंच ही नहीं हो पाती और महिलाओं, बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ऐसे में एएनएम को स्कूटी देने का निर्णय लिया गया है ताकि वे समय पर टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और प्राथमिक चिकित्सा जैसी जरूरी सुविधाएं पहुंचा सकें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि



स्कूटी लेने से पहले प्रत्येक एएनएम को ड्राइविंग स्कूल में प्रशिक्षण लेकर परीक्षा देनी होगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाहन सुरक्षित तरीके से चलाया जाए और स्कूटी का सदुपयोग हो।

चयन प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और सतर्कता बरती जा रही है। पात्र एएनएम की सूची तैयार की जा रही है और जिनके पास पहले से ड्राइविंग का अनुभव है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उरफ ऋ्फ्ल्लि से इन स्कूटी का प्रबंध किया जाएगा। राशि उपलब्ध होते ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। अनुमान है कि आने वाले एक महीने के भीतर स्कूटी वितरण का काम शुरू हो जाएगा।

# कटाव से जवइनिया गांव बना डेंजर जोन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जाने कितने अरमानों का गलाघोंट सपनों का घर बनाया गया था, जो पल भर में देखते-देखते पानी में विलीन हो गया। अब बस उस घर की यादें व उनसे जुड़ी स्मृतियां ही जेहन में बाकी रह गई है। कटाव के कारण पूरा गांव ही लगभग डेंजर जोन बन चुका है। गांव के करीबन सभी लोग अपने घरों से सामान निकाल चुके हैं। लोग बस वीरान घरों की रखवाली करने के लिए डटे हुए हैं कि शायद कोई चमत्कार हो और कटाव रुक जाय।

गंगानदी में जवइनिया गांव के समीप भयानक कटाव के कारण सोमवार की सुबह करीब आधा दर्जन घर कटाव में विलीन हो गए। आंखों के सामने आशियाने को जल प्लावित होते देख लोगों की आंखें पथरा गई तो कलेजा मानो बैठ गया हो।

एक पीड़ित व्यक्ति ने कहा बाबू कटाव के कष्ट अब बर्दाश्त से बाहर हो गइल बा। बुझात बा गांव ना बची! गंगानदी के पानी के तेज बहाव व हवाओं के साथ उठती लहरें लोगों को डरा रही है।

हल्फी के एक-एक हलचल से गांव के कई घर पानी में समा जाते हैं। ऐसे में जिन लोगों के घर बचे हुए हैं, उन्होंने अपने घरों के सभी सामानों को नाते-रिश्तेदारों के यहां सुरक्षित रखने को पहुंचाने में लगे हुए हैं। चीख-पुकार के साथ-साथ एक वीरानगी सी छाई हुई हैं।घरों के साथ-साथ दशकों से खड़े सैकड़ों विशालकाय पेड़ भी कटाव के कारण पानी में विलीन हो गए। ग्रामीण बस घरों से सामान बाहर निकालने में एक दूसरे की मदद करने में लगे हुए हैं। लोग अपने घरों को जेसीबी मशीन से तोड़कर सामानों को छोटे बड़े वाहनों से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन कर्मियों के साथ लगातार गांव में राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है। सीओ रश्मि सागर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर जवइनिया गांव के उच्च विद्यालय में सामुदायिक रसोई चलाई जा रही है, जिसमे प्रभावित लोगों की जरूरत के हिसाब से सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सोमवार की शाम से जवइनिया गांव के समीप बक्सर-कोईलवर तटबंध पर दूसरी सामुदायिक रसोई चलाई जाएगी।वहीं, दूसरी ओर भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के जवइनिया गांव में जारी गंगा कटाव के लिए शाहपुर विधायक राहुल तिवारी विधानसभा में पूछे गए सवाल व मिले जवाब की प्रति दिखाकर इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।विधायक राहुल तिवारी ने सोमवार को जारी प्रेस नोट में 2023 में अपने द्वारा विधानसभा में जवइनिया गांव के कटाव को लेकर जो तरांकित सवाल किए गए थे और सरकार से जो मिले जवाब के पत्र मिले, उसे सार्वजनिक किया है।

जवाब में सरकार की ओर से लिखित रूप से बताया गया है कि वर्तमान में कोई कटाव परिलक्षित नहीं हो रहा है। बाढ़ अवधि 2023 में कटाव परिलक्षित होने पर, उसे बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर सुरक्षित कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं विधायक राहुल तिवारी ने 2019 में कटाव रोकने को लेकर मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र को भी सार्वजनिक करते हुए बताया है कि कटाव 20 साल पहले से ही नौरंगा से जारी है।

राहुल तिवारी ने जोर देकर कहा कि विधायक बनने के बाद से ही मैंने कटाव रोकने की दिशा में विधायक धर्म का पालन किया है। पर सरकार अपना कार्य नहीं कर है। मेरे पत्र देने व विधानसभा में सवाल करने तथा सरकार का जवाब सभी साक्ष्यों को सार्वजनिक कर दिया गया है, जिसे देखा, पढ़ा और जांचा परखा जा सकता है।विधायक राहुल तिवारी ने बताया है कि 2024 में जवइनिया गांव के 59 कटाव पीड़ित लोगों को नया मकान बनाने के लिए एक लाख बीस हजार रुपये एवं 30 भूमिहीन लोगों को जमीन का पर्चा एवं एक लाख दिलवाने में मेरी मुख्य भूमिका रही है।

इसको लेकर उनके द्वारा हर सक्षम संस्था व वयक्ति से मिलकर सक्रिय पहल व पत्राचार सहित आवश्यक कार्य किये गए। विधायक राहुल तिवारी ने बताया कि वर्तमान के जारी कटाव पड़ित लोगों को सुरक्षित स्थान पर तत्काल पड़ाव करना, सामान ढोने के लिए वाहन दिलवाना, पालीथीन शीट, लंगर, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधा दिलाने के प्रति जिला प्रशासन से व्यक्तिगत पहल व उच्चाधिकारी से व्यक्तिगत प्रयास कर सक्रिय हूं।

# युवक-युवती फंदे से झूले, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी पंचायत के वार्ड छह में युवक और युवती ने गले में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। इस सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। दोनों के मौत का कारण प्रेम प्रसंग बताया जाता है।

सिमरी थाना की पुलिस ने सोमवार की दोपहर कंसी निवासी लैब टेक्नीशियन राजेश ठाकुर उर्फ मिंटू के पुत्र करण ठाकुर (22)के शव को घर के कमरे में गर्दन में रस्सी के सहारे लटका हुआ बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। युवक करण ठाकुर मधुबनी में एमबीए का छात्र था।

इधर, अंजली कुमारी (23) मधुबनी जिला के सहारघाट गांव के अशोक नाथ झा की बड़ी पुत्री है। वह बचपन से कंसी में अपने नाना सत्यनारायण झा के यहां रहकर पठन पाठन कर रही थी। सोमवार को फंदा डालकर हुई मौत के बाद स्वजन अंजली कुमारी को पुलिस के पहुंचने से पहले डीएमसीएच ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दोनों का घर अगल बगल में है।

एमबीए छात्र की मौत से माता पिता वंदना देवी व राजेश ठाकुर चीत्कार मार कर रो रहे थे। करण के चाचा पंकज ठाकुर ने बताया कि सुबह नौ बजे तक करण अपना कमरा नहीं खोला तो स्वजन आवाज देकर जगाने गए। दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से देखने पर शव पंखा से लटकता पाया।

घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने जांच पड़ताल की है। अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि प्रथमद्दष्या से शव को देखने के बाद यह प्रतीत हो रहा है कि दोनों ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या कर ली है। युवक के मोबाइल में दोनों का फोटो मिला है। रविवार की रात तीन बजे तक मोबाइल से बातचीत के साक्ष्य मिले हैं।

# लघु एवं सीमांत किसानों को सिंचाई उपकरणों पर विशेष अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

## किसानों की आय वृद्धि और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में जल संरक्षण, कृषि और किसानों की आय वृद्धि को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति बूंद अधिक फसल के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। ताकि जल संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके और किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ-साथ अधिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 14066.66 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों को सिंचाई के आधुनिक साधनों से जोड़ना है, ताकि खेती में पानी की बचत, उत्पादकता में वृद्धि और लागत में कमी सुनिश्चित की जा सके। यह पहल राज्य में लाभकारी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाने पर लघु एवं सीमांत किसानों को कुल लागत पर 80 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 70 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लिए लघु एवं सीमांत किसानों को 55 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 45 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना में व्यक्तिगत नलकूप या समरसेबल पंप की स्थापना के लिए किसानों को अधिकतम 40,000 रूपये का अनुदान दिया जाएगा जो किसान ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाते हैं, उन्हें तालाब या कुआं निर्माण हेतु कुल लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 75,000 रूपये तक अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। इससे किसानों को जल स्रोत सृजन में भी मदद मिलेगी और सिंचाई की स्थायीत्वता सुनिश्चित होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी और उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा कि इस तकनीक के उपयोग से किस प्रकार 60 प्रतिशत तक जल की बचत और 25 से 35 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार भर नहीं है, बल्कि यह जल प्रबंधन में दक्षता, खेती की लागत में कमी और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में बिहार सरकार का एक ठोस और प्रभावशाली प्रयास है। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक-से-अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हों और आधुनिक, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाएं।

# बिहार देश का पहला राज्य जहां सभी मतदान केंद्रों पर 1200 से कम मतदाता

## 12,817 नए मतदान केंद्र स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सहज बनाने की दिशा में बिहार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहां अब सभी मतदान केंद्रों पर 1200 से कम मतदाता होंगे। मतदान केंद्रों पर भीड़ कम करने और मतदाताओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से राज्य में 12,817 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं। बिहार निर्वाचन कार्यालय के अनुसार एसआईआर आदेश दिनांक 24 जून, 2025 के तहत पहले की 1,500 मतदाता प्रति मतदान केंद्र की सीमा को घटाकर अब 1,200 कर दिया गया है। इसके चलते राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 77,895 से बढ़कर 90,712 हो गई है। यह पहल अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय मानी जा रही है। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ उन 29.62 लाख मतदाताओं की सूची साझा की है जिन्होंने अभी तक अपने फॉर्म जमा नहीं किए हैं। साथ ही 43.93 लाख ऐसे मतदाताओं की सूची भी साझा की गई है जो अपने पते पर नहीं मिले। निर्वाचन पदाधिकारियों ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे अपने जिला अध्यक्षों और लगभग 1.5 लाख बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के माध्यम से इन मतदाताओं से संपर्क करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी 1 अगस्त से प्रारूप मतदाता सूची जारी की जाएगी। इसके बाद कोई भी नागरिक एक महीने तक सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आपत्ति दर्ज करा सकता है। चुनाव आयोग का यह कदम मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# साल में 30 हजार नेत्र ऑपरेशन का लक्ष्य करें निर्धारित : मंगल पांडेय

## डी.एन.बी. पाठ्यक्रम हेतु नवीन ऑडिटोरियम का स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने सोमवार को राजेन्द्र नगर स्थित अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, पटना में डी.एन.बी. पाठ्यक्रम हेतु निर्मित नवीन ऑडिटोरियम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में विधायक अरुण सिन्हा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम के 16 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र में नेत्र बैंक की तैयारी पूर्ण हो चुकी है और जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी। पिछले एक वर्ष में इस केन्द्र में 80 हजार से अधिक नेत्र रोगियों की जांच की गई जिनमें मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, कॉर्निया एवं रेटिना से संबंधित रोगी शामिल थे। इस अवधि में 5 हजार से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए गए हैं जिनमें से पिछले 6 महीनों में ही 2,600 से अधिक ऑपरेशन संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य है कि प्रतिदिन 100 से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए जाएं। उस हिसाब से सालाना लगभग 36 हजार नेत्र ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि यहां आने वाले मरीजों को मुफ्त चश्मों का वितरण भी किया जा रहा है। साथ ही इस अस्पताल को चार-पांच महीने पूर्व आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया जिसके तहत अब तक 500 से अधिक लाभार्थियों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। राज्य में विगत एक वर्ष में लोगों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना के अंतर्गत 1 हजार करोड़ से अधिक की राशि सरकार द्वारा व्यय की गई है। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं अत्याधुनिक संसाधनों की आवश्यकता को देखते हुए यह ऑडिटोरियम विकसित किया गया है जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं सत्र आधारित शिक्षण प्रणाली का लाभ मिलेगा। साथ ही अगले कुछ महीनों में डी.एन.बी. कोर्स के अंतर्गत चार सीटों पर अध्ययन कार्य शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर अरुण कुमार सिन्हा, विधायक, कुम्हरार, शशांक शेखर सिन्हा, सीइओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, डॉ. अजीत कुमार द्विवेदी, निदेशक, अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, राजेन्द्र नगर पटना के साथ अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# गृह विज्ञान के चयनित शिक्षकों की कॉलेज अवांटित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए चयनित गृह विज्ञान के व्याख्याताओं की पोस्टिंग सोमवार को अलग-अलग कॉलेजों में कर दी गई जिन कॉलेजों में शिक्षक नहीं थे सर्वप्रथम उन्हीं कॉलेजों में शिक्षकों की पोस्टिंग की गई है। इस विषय के लिए पांच व्याख्याताओं का चयन किया था। कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से जैसे ही चयनित शिक्षकों सूची प्राप्त होगी। इसके एक सप्ताह के अंदर सभी की पोस्टिंग कर दी जाएगी। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी। एक सप्ताह के कार्य दिवस के अंदर चार विषयों के चयनित शिक्षको की नियुक्ति कर दी है। नवनियुक्त शिक्षकों ने इसके लिए माननीय कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया है।

# राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार से बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानमंडल की बैठक में भाग लेने आईं विधान परिषद में नेता विरोधी दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी से बिहार संभल नहीं रहा है, इसलिए अब अपने बेटे निशांत कुमार को ही बिहार का मुख्यमंत्री बना दें। वह युवा नेता हैं, अच्छे से बिहार को संभालेंगे। वहीं राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। राबड़ी देवी ने कहा कि हत्या, अपहरण और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और अब सरकार नीतीश से संभल नहीं रही। उन्होंने कहा कि महिलाएं सुरक्षित नहीं है, व्यापारी डरे हुए हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। नीतीश कुमार की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। राबड़ी देवी ने चुनाव आयोग पर भी हमला बोलते हुए कहा कि बाहरी राज्यों में रहने वाले लाखों बिहारियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों में काम कर रहे लाखों बिहारियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। यह एक साजिश है ताकि प्रवासी बिहारी चुनाव में भाग न ले सकें। राबड़ी देवी ने चुनाव आयोग से इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग चुप नहीं बैठेंगे। अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

# लावारिस युवक का शव इंतेजामिया कमेटी ने किया सुपुर्द-ए-खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** तीन दिनों तक भी परिजनों का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस की पहल पर मुस्लिम समुदाय आगे आया। शव को दफन किया गया। मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। इंतेजामिया कमिटी के सचिव मौलवी हसन उर्फ मक्खन ने बताया कि सगुना मोड के आदर्श विहार कॉलोनी से 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। मृतक युवक मुस्लिम था। शव को अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कर पहचान के लिए अस्पताल में रखा गया था। शव का शिनाख्त नहीं होने के बाद थानाध्यक्ष द्वारा इंतेजामिया कमिटी से मुस्लिम रीति रिवाज से शव को दफन का अनुरोध किया गया।

# जदयू के विनोद कुमार सिंह ने राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों जनता दल यूनाइटेड के नेता रहे पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह के आने से पार्टी मजबूत होगी। विनोद कुमार सिंह हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम ने पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह के सैकड़ों समर्थकों को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि नीतीश कुमार के आड़ में बिहार की सत्ता दिल्ली से भाजपा चला रही है। जाली दवाओं के कारोबारी जीवेश मिश्र पर दोष सिद्ध होने के बाद भी मंत्रिमंडल से नहीं हटाया जाना इसका स्पष्ट उदाहरण है। बिहार की सरकार को भाजपा रिमोट से चला रही है और बिहार को गुंडाराज में झोंक दी है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बिहार में बढ़ते अपराध पर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार में जिन्हें अपराध रोकने की जिम्मेदारी मिली है वे किसानों और युवाओं के साथ मौसम को अपराध से जोड़ रहे हैं। ऐसे में बिहार में अपराध नियंत्रण करने वाले अचेतावस्था वाले मुख्यमंत्री के सहयोगी भी गैर जरूरी बयान दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर ऐलान किया कि कल सदन में सत्ता पक्ष के लोगों को सदन में घुसने से रोकने का काम विपक्ष के दल करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जब बिहार के मतदाताओं को ही मताधिकार से वंचित कर दिया जाएगा तो लोकतंत्र फिर किसके काम का रह जाएगा। सबसे ज्यादा इस प्रक्रिया से किसान, बाद प्रभावित क्षेत्र के लोग, बाहर पढ़ने वाले युवा और समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों को परेशानी हो रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर विपक्ष ने मानसून सत्र के पहले दिन सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा किया। वहीं सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई। बढ़ते अपराध और एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे। विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि आज से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है। अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है। हमलोगों ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे पर हर हाल में चर्चा कराई जाए नहीं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम कटने की साजिश पर चर्चा कराना जरूरी है। तेजस्वी यादव ने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा में इस विषय को नजरअंदाज किया गया तो इसका राजनीतिक और लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर बिहार विधानसभा है और बिहार लोकतंत्र की जननी है। अगर यहीं से लोकतंत्र समाप्त करने की कोशिश की जाएगी तो हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। विधानसभा से लोकसभा तक इस मुद्दे को नहीं छोड़ेंगे। गरीबों और वंचितों के वोट काटने की साजिश को बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में जानबूझकर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं, ताकि चुनाव में उन्हें वोट देने से रोका जा सके। तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहे और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार और विधानसभा अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा। इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है।

# सावन मिलन समारोह में रैंप वॉक, मेहंदी और तम्बोला से छात्राओं ने बांधा समा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र की सिलाई, ब्यूटिशियन एवं मेंहदी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वयं एक-दूसरे के हाथों में सुंदर मेंहदी रचाई और पारंपरिक परिधानों में आकर्षक रैंप वॉक प्रस्तुत किया। इसके बाद सामूहिक सावन नृत्य और मनोरंजक तम्बोला खेल ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं में दुर्गा बनर्जी, प्रियंका, गुड़िया और मिनी श्रीवास्तव के साथ-साथ विशिष्ट अतिथियों में तनुजा अग्रवाल, मंजू पाटनी और डॉ. गीता जैन ने भी भाग लिया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर डॉ. गीता जैन ने कहा कि इन बेटियों की आंखों में आत्मनिर्भरता का जो आत्मविश्वास है, वही असली सावन की हरियाली है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कला का विकास होता है, बल्कि समाज में स्त्री की सशक्त भूमिका भी उभरकर सामने आती है। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि नाश्ते की संपूर्ण व्यवस्था भी छात्राओं ने ही अपने प्रशिक्षण के अनुरूप किया जिससे उनके कौशल और आत्मनिर्भरता की झलक देखने को मिली।

# पटना के ग्रामीण इलाकों में बिजली बनी लोगों की सबसे बड़ी समस्या

**नवबिहार टाइम्स**

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के गौरीचक, सम्पतचक, बेलदारीचक, फतेहपुर, अलावलपुर, कमरजी और आसपास के दर्जनों गांवों में बिजली अब मजाक बनकर रह गई है। ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे में कम से कम 24 बार बिजली काटी जा रही है जिससे लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। हम लोगों के साथ-साथ थाना और प्रखंड अंचल के कर्मचारी भी परेशान है वहीं जो बड़े-बड़े लोग हैं वह अपने यहां इनवर्टर के अलावा जेनरेटर की भी व्यवस्था कर रखे हैं जिन्हें काफी कम परेशानी होती है, लेकिन जो आम लोग व मध्यम परिवार है, गरीब परिवार है उनका तो हाल-बेहाल हो चुका है इस बरसात के गर्मी में। भीषण गर्मी और उमस के बीच जब लोगों को बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, तब बिजली की आंख-मिचौनी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो बिजली देखकर लोग अपना बचपन याद करने लगे हैं। बेलदारी चक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता द्वारका पासवान ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निशीत कुमार उज्ज्वल, भा.पु.से. महानिरीक्षक एस.एस.बी. सीमांत पटना की अध्यक्षता में सीमांत मुख्यालय एस.एस.बी. पटना और 40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना के संयुक्त तत्वावधान से नारी गुंजन संस्थान (दानापुर, पटना) में दलित महिलाओं और बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन वंचित दलित महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नारी गुंजन में रहने वाले बच्चों द्वारा संस्था में सीखे हुए कला और कौशल की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निशीत कुमार उज्ज्वल, महानिरीक्षक एस.एस.बी. सीमांत पटना ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान पहुंचाना सशस्त्र सीमा बल का संकल्प है। महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव है और सशस्त्र सीमा बल इस दिशा में सदैव प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित बच्चों के आत्मविश्वास और हौसले की सराहना की और यह आश्वासन दिया कि बल के द्वारा वंचित वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। इस अवसर पर नारी गुंजन संस्थान के कार्मिकों, महिलाओं और बच्चों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं एवं बच्चों को स्वावलंबन से जुड़े उपयोगी संसाधन के रूप में दैनिक उपयोग का सामान प्रदान किया गया।

# पीपीयू में पहली बार एक साथ 42 विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में पहलीबार एक साथ संबंद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों (यूआर)का चयन किया गया। विश्वविद्यालय ने सभी मनोनीत 42 प्रतिनिधियों की अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के आठ साल के स्थापना काल में पहलीबार ऐसा हुआ है कि एकसाथ सभी संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों के लिए यूआर का चयन एक साथ किया गया। इसके पहले यूआर के चयन में काफी समस्याएं होती थी। इसके लिए कई बार अलग-अलग इलाके के शिक्षकों / जन प्रतिनिधियों का आग्रह भी होता था। अपनी सुविधा अनुसार यूआर के चयन के लिए विश्वविद्यालय पर दबाव भी बनाया जाता था। इधर कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संबंद्धता कॉलेजों में जिन शिक्षकों को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बनाया गया है। सभी वरीय एवं योग्य शिक्षक हैं जो बेहतर कार्य कर सकते हैं। इसमें कई कॉलेजों के प्राचार्य सहित विभागों के अध्यक्ष भी शामिल है। वहीं कई अनुभवी शिक्षकों को प्रतिनिधि बनाए जाने से संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों की समस्याएं जल्द दूर हो जाएंगी। वहीं संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों की जो भी आंतरिक समस्याएं होंगी उसे सुलझाने का कार्य विश्वविद्यालय प्रतिनिधि करेंगे। इनके चयन में विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारियों ने योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की चीर प्रतीक्षित मांग थी जिसे कुलपति ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर दिया।

# गया में आयोजित दैनिक जनता दरबार में 100 से अधिक मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला समाहरणालय गया में सोमवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने 100 से अधिक आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच का माध्यम है जिसका उद्देश्य पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के जरिए जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। जनता दरबार में भूमि विवाद, कब्जा मुक्त कराने, जन वितरण प्रणाली में गड़बड़ी, भू-अर्जन से जुड़ी शिकायतों, स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों और अन्य जनसमस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कई आवेदकों ने भूमि कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कुछ मामलों में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिला लोक शिकायत निवारण केंद्र को हस्तांतरित किया गया ताकि निर्धारित समय सीमा में प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल कचरे के उचित निष्पादन में लापरवाही की शिकायत पर जिला पदाधिकारी ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि टेंडर और अनुबंध के तहत तय मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। मेडिकल कचरे के कारण जलजमाव और दुर्गंध की समस्या पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एक अन्य शिकायत में आवेदक ने बताया कि डीसीएलआर सदर द्वारा आदेश पारित हो चुका है, लेकिन उसका अनुपालन अब तक नहीं हुआ। इस पर जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को जांच कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बोधगया के नीमा गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान द्वारा अनाज वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। भू-अर्जन विभाग से जुड़ी शिकायत में एक आवेदक ने बताया कि अधिग्रहण की गई जमीन के मुआवजे की राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई है और अब तक राशि की रिकवरी नहीं हो पाई है। इस पर भू-अर्जन पदाधिकारी को मामले के त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में आए अन्य आवेदनों को भी सुनते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए ताकि आम जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## संपादकीय

# वोट के बदले लालच की राजनीति बन रही सत्ता की गारंटी

पिछले कुछ वर्षों से देश के राजनीतिक दलों के लिए जैसे-जैसे वास्तविक मुद्दों पर आम जनता का समर्थन हासिल करना मुश्किल होता गया है, लोगों के सामने कोई सुविधा या सामान मुफ्त देने का वादा करके उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया जाने लगा है। वोट हासिल करने की मंशा से स्कूटी, टीवी या लैपटाप या फिर कुछ राशि देना हो या फिर कोई अन्य सामान, मकसद यह होता है कि लोगों को मुफ्त मुहैया कराने का वादा किया जाए, ताकि वे मुद्दा आधारित राय बनाने की ओर ध्यान न दें। यही वजह है कि लगभग हर चुनाव के पहले जनता को कोई सुविधा मुफ्त दिलाने के लिए राजनीतिक दलों के बीच एक तरह से होड़ लग जाती है। हालांकि इस तरह के चलन ने लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है और इससे लोभ-आधारित मतदान की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलने के खतरे पैदा हुए हैं। यों इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि सरकारी धन का उपयोग बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और विकास कार्यों में होना चाहिए, न कि चुनावों में वोट बटोरने की मंशा से मुफ्त की सौगातों पर खर्च करने के लिए। विडंबना यह है कि एक ओर सरकारें जन-कल्याण कार्यक्रमों के लिए धन जारी करने को लेकर कई तरह के बहाने बनाती रहती हैं, दूसरी ओर सत्ता में वापसी या उसे हासिल करने के लिए व्यापक पैमाने पर मुफ्त की कोई सुविधा मुहैया कराने के वादे किए जाते हैं। एक तरह से यह जनता को दिया जाने वाला लालच है, जिसके जरिए बुनियादी सुविधाओं और अन्य जरूरी मुद्दों पर पर्दा डाला जाता है। हाल के वर्षों में चुनावों में जीत हासिल करने के लिए अमूमन हर पार्टी ने इस मुफ्त के औजार का इस्तेमाल किया है और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार अब इसका अपवाद नहीं है। गौरतलब है कि गुरुवार को बिहार सरकार ने आम घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। यह फैसला अगले महीने से लागू हो जाएगा। इससे पहले नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि में भी बढ़ोतरी कर दी थी। जाहिर है, बिहार में इस तरह की घोषणाओं की पृष्ठभूमि में अगले कुछ महीने के भीतर होने वाले विधानसभा चुनाव हैं।

हालांकि बिजली मुफ्त मुहैया कराने के मसले पर नीतीश कुमार की राय अलग थी, लेकिन ऐसा लगता है कि अब उन्हें भी जनता के सामने मुफ्त की रेवड़ियों का सपना दिखाने में कोई हिचक नहीं हो रही। आखिर क्या कारण है कि बिहार सहित देश भर में जहां भी इस तरह के मुफ्त की सौगात जनता को देने के वादे किए जाते हैं, उनका समय हर बार चुनाव से पहले का वक्त होता है! सड़क, शिक्षा-व्यवस्था, रोजगार आदि के मसले पर खर्च का सवाल आते ही धन की कमी का रोना वाली सरकारों को अपने अधिकार के क्षेत्र के सभी लोगों के लिए किसी सुविधा को मुफ्त करने का वादा करने में कोई हिचक नहीं होती।

**केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से नशा मुक्त भारत की पुकार उठी है। शनिवार को वाराणसी में 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय पर 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' शुरू हुआ, जिसमें देश भर के 100 आध्यात्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। गंगा नदी के पावन तट पर हो रहे इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य नशे के खिलाफ एक मूल्य-आधारित, युवा-नेतृत्व वाले जनांदोलन की शुरुआत करना है। 20 जुलाई को 'काशी घोषणापत्र' जारी किया जाएगा, यह दस्तावेज़ नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक एक्शन प्लान होगा। यह नीति निर्माताओं, नागरिक समाज संगठनों और नशामुक्ति एवं पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत युवा नेटवर्क के लिए एक मार्गदर्शक चार्टर के रूप में कार्य करेगा।**

# बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से उठी नशा मुक्त भारत की पुकार

( विवेक मिश्रा)

वाराणसी में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा शिखर सम्मेलन में युवाओं को नशे, मोबाइल की लत से दूर रखने का संकल्प लिया गया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए युवाओं को नशामुक्त करना आवश्यक है।

देश के युवाओं को नशे से बचाने और उनको इसकी गिरफ्त से बाहर निकालने के मकसद के साथ केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम की शुरुआत कर दी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से नशा मुक्त भारत की पुकार उठी है।

शनिवार को वाराणसी में 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय पर 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' शुरू हुआ, जिसमें देश भर के 100 आध्यात्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। गंगा नदी के पावन तट पर हो रहे इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य नशे के खिलाफ एक मूल्य-आधारित, युवा-नेतृत्व वाले जनांदोलन की शुरुआत करना है। 20 जुलाई को 'काशी घोषणापत्र' जारी किया जाएगा, यह दस्तावेज़ नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक एक्शन प्लान होगा। यह नीति निर्माताओं, नागरिक समाज संगठनों और नशामुक्ति एवं पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत युवा नेटवर्क के लिए एक मार्गदर्शक चार्टर के रूप में कार्य करेगा।

सम्मेलन के पहले दिन नशे की लत से होने वाली बर्बादी पर तो चर्चा हुई ही, साथ ही वर्तमान समय में जरूरत से ज्यादा मोबाइल फोन के प्रयोग की लत पर भी चिंता व्यक्त की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हमें अपने युवाओं को नशीले पदार्थों, मोबाइल फोन और रीलों की लत से भी दूर रखना होगा। इस मौके पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से भी मौजूद रही।

### 5 वर्षों का रोडमैप तैयार होगा

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। भारत एक युवा देश है। शिखर सम्मेलन में कई स्तर पर चर्चा होगी। आज देश और दुनिया में युवा नशे की लत से अपने जीवन और परिवार को बर्बाद कर रहा है। समाज को भी नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसी स्थिति में एक सामूहिक अभियान होना चाहिए, जिसमें सरकार, आध्यात्मिक संगठन, समाज सेवी संस्थाएं, देश के युवा सब लोग मिलकर बहुत बड़ा आंदोलन चलाएं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त अभियान चलाना है। इसी का रोडमैप तय होगा। पांच वर्षों के लिए यह रोडमैप होगा और हर वर्ष अभियान की समीक्षा होगी। केंद्रीय मंत्री ने धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े नेताओं से युवाओं में नशे की लत से दूर रहने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने मंचों का उपयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि एक शिविर या सीमित प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। हमें एक जन आंदोलन की आवश्यकता है, जहां प्रत्येक नागरिक कम से कम पांच अन्य लोगों को नशा विरोधी अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का संकल्प ले। डॉ. मांडविया ने कहा कि दो दिवसीय शिखर सम्मेलन मूल्यवान चर्चाओं और सार्थक परिणामों की ओर ले जाएगा। शिखर सम्मेलन 20 जुलाई को 'काशी घोषणा' के विमोचन के साथ समाप्त होगा, जो युवाओं और आध्यात्मिक नेताओं के सामूहिक दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला एक दस्तावेज है। यह दस्तावेज नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए एक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करेगा और नीति निर्माताओं, नागरिक समाज संगठनों, नशा मुक्ति और पुनर्वास के क्षेत्र में काम करने वाले युवा नेटवर्क के लिए एक मार्गदर्शक चार्टर के रूप में कार्य करेगा।





**नशीली दवाओं के नेटवर्क को तोड़ा जाएगा**

डॉ. मांडविया ने कहा कि शिखर सम्मेलन में कई तरह के महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। देश और दुनिया में किस तरह के नशे का कारोबार हो रहा है। युवा नशे के जाल में कैसे फंस रहे हैं, कौन से नशे उसे मिलते हैं, नशा करने वालों की संख्या बढ़ रही है, नशे से कैसे नुकसान होता है, सभी का इनुपट होगा। नेशनल और इंटरनेशनल ड्रग्स का कारोबार कैसा होता है, कैसे ड्रग्स का नेटवर्क फैलता है, इन सबके आधार पर अभियान का स्वरूप तय होगा।

सम्मेलन के दौरान नशे की लत के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को समझना, नशीली दवाओं की आपूर्ति और तस्करी के नेटवर्क को खत्म करना, जमीनी स्तर पर प्रभावी अभियान चलाना समेत अनेक पहलुओं पर चर्चा हो रही है। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि काशी घोषणापत्र में इन सब पहलुओं को शामिल किया जाएगा और उसके आधार पर अगले पांच वर्ष का एक्शन प्लान तैयार होगा।

नशे के प्रभाव को खत्म करने की दिशा में काम करने वाले डोमेन एरिया एक्सपर्ट्स के प्रेजेंटेशन को देखा गया है। नशे को लेकर एक बेसिक समझ से लेकर, इसके प्रकार, प्रसार, और प्रचार तक से जुड़े इस पूरे नेक्सस को तोड़ने के लिए एक्शन प्लान तैयार होगा। तैयार एक्शन प्लान को लेकर हर वर्ष समीक्षा की जाएगी। यह बड़ा अभियान लगातार चलता रहेगी, जिसमें भारत सरकार के मंत्रालय, संस्थाएं, एनजीओ सभी की भागीदारी होगी।

उनका कहना है कि इस अभियान को जनआंदोलन बनाना होगा और विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी मजबूत होगी। नशा मुक्त भारत के मिशन की आवाज देश के हर घर तक पहुंचाने के लक्ष्य को रखते हुए काम किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि काशी घोषणापत्र कागजों तक सीमित न रहें और इस अभियान के लिए सभी की जवाबदेही तय होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि एक ऐसा स्वस्थ और आत्मनिर्भर युवा समाज ही विकसित भारत की नींव रखें, जो हर प्रकार के नशे और बुराई से दूर हो। युवा फिट हों और उनमें नेतृत्व के गुण हों।

**मोबाइल और रील बनाने का भी नशा**

सम्मेलन में चर्चा हुई कि वर्तमान समय में तो मोबाइल फोन की भी लत लग गई है। युवाओं में मोबाइल फोन का जरूरत से ज्यादा प्रयोग हो रहा है, रील बनाने और देखने का नशा भी बढ़ रहा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हमें अपने युवाओं को नशीले पदार्थों, जरूरत से ज्यादा मोबाइल फोन के प्रयोग से दूर रखना है। विकसित भारत में युवाओं को तैयार करना है। एक युवा अपने साथियों को इस अभियान के बारे में बताएगा, ताकि युवा नशे से दूर रहे। जब युवा संकल्प करता है तो क्रांति होती है। जब युवा संकल्प करता है तो सिद्धि सुनिश्चित हो जाती है। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि एमबाय भारत प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर यह शिखर सम्मेलन नशे के खिलाफ एक राष्ट्रीय जनांदोलन की भी शुरुआत करेगा, जिसमें माई भारत के वॉलंटियर्स और संबंधित युवा क्लब देश भर के गांवों, कस्बों और शहरों में जागरूकता अभियान, प्रतिज्ञा अभियान और जमीनी स्तर पर पहुंच गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा आध्यात्मिक समिट 2005 के आयोजन को लेकर अपने संदेश में कहा कि काशी वर्षों से आत्मजागरण और सांस्कृतिक चेतना की नगरी रही है। इस धरती से नशा मुक्त भारत के लिए एक सशक्त और जागरूक युवा पीढ़ी के निर्माण का आह्वान किया जाना एक प्रशंसनीय पहल है। नशा एक ऐसा अंधकार है, जो व्यक्ति को अपने लक्ष्य से दूर करता हुआ, उसके पतन का कारण बनता है। जब एक युवा इस बुराई की चपेट में आता है तो केवल एक जीवन नहीं, बल्कि उसका परिवार, उनके सपने और संभावनाएं भी प्रभावित होती हैं। पीएम ने कहा- भारत की युवा आबादी हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मोदी ने कहा कि नशे जैसी विनाशकारी प्रवृत्तियां परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव को कमजोर करती हैं। भारत की युवा आबादी हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। इस ऊर्जा को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाकर रखना एक समाज के रूप में हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के संकल्प को मजबूती मिलेगी और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

# सुबह उठते ही दिखें ये लक्षण तो ये थायराइड के हो सकते हैं संकेत, भूलकर भी न करें नजरअंदाज

(अनन्या मिश्रा )

थायराइड दो तरह का होता है, जिसमें एक हार्मोन कम होने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। ज्यादातर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली शिकायत होती है। आज हम आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में बताने जा रहे हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में थायराइड की समस्या आम हो गई है। थायराइड किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है। सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि थायराइड क्या होता है। बता दें कि यह एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जोकि हमारे गले के सामने वाले हिस्से में मौजूद होती है। यह ग्रंथि ह्ल3 और ह्ल4 नामक हार्मोन से बनती है। जोकि शरीर के कई कामों के लिए काफी जरूरी होता है। यह वजन, एनर्जी, मेटाबॉलिज्म, मूड, स्किन और बालों की सेहत के लिए भी जरूरी होती है। बता दें कि थायराइड दो तरह का होता है, जिसमें एक हार्मोन कम होने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। ज्यादातर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली शिकायत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सुबह सोकर उठने पर दिखाई देते हैं।

**सुबह आंख खुलते ही दिखते हैं लक्षण:** रात भर सोने के बाद जब सुबह उठते हैं, तो आपको थकान महसूस होती है। तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपको थायराइड घेर रहा है। शरीर के मेटाबॉलिज्म बनाने के प्रोसेस को थायराइड ग्रंथि को कंट्रोल करती है। जब यह ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है, तो शरीर में कुछ बदलाव आने लगता है। इसकी कमी से सुस्ती महसूस होती है।

जब शरीर में इस हार्मोन की कमी होती है, तो बॉडी में फ्लुएड रिटेंशन होने लगता है। जिस कारण सुबह सोकर उठने के दौरान आपका चेहरा सूजा हुआ लगता है और आंखें भरी लगती हैं। अगर आप खुद में यह बदलाव देख रही हैं, तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए।

थायराइड हार्मोन की कमी शरीर के हर सेल को प्रभावित करने का काम करती है। फिर चाहे वह जोड़ हो, मांसपेशियां हो या फिर तंत्रिका तंत्र हो। थायराइड हार्मोन की कमी होने से मांसपेशियों में ऊर्जा की सप्लाई घट जाती है। इससे मांसपेशियों में दर्द और अकड़न महसूस होती है और कई बार उंगलियों में दर्द या अकड़न भी हो सकती है।

अगर सुबह सोकर उठते ही आपको लगता है कि दिल की धड़कन काफी तेज है, यह थायराइड हार्मोन के लेवल का बहुत ज्यादा होने का संकेत हो सकता है। इसे पैल्पिटेशन कहा जाता है। ऐसा हाइपरथायरायडिज्म में होता है। इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए घातक होगा 'माँसाहारी दूध' का आयात

**हरीश शिवनानी**

इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी दूसरी पारी की शपथ ली तो किसी को अहसास नहीं था कि वे इस बार अड़ियल तरीके से ऐसे बेतुके निर्णय लेंगे जो कई देशों के लिए मुसीबत बन जाएंगे। टैरिफ का मामला, अवैध प्रवासियों को अपने देश भेजना हो या ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच सीज़फायर करवाने का श्रेय लेने के लिए 24 बार दावे करना ऐसे ही थे। इस बार उनका नया शगूफा है भारत के साथ व्यापारिक समझौते के तहत उस दूध और वे डेयरी प्रोडक्ट भारत को बेचना जिनमें जानवरों के माँस, वसा, हड्डियों का चूरा और खून का इस्तेमाल होता है। भारत ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होने के कारण इसे अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए इसके आयात के लिए स्पष्ट इनकार कर दिया है। इससे बौखलाया अमेरिका 'माँसाहारी दूध' निर्यात करने का दबाव डालने के लिए विश्व व्यापार संगठन तक पहुंच गया है पर भारत भी आयात न करने के अपने दृढ़ रुख पर कायम है।

अमेरिका, ब्राजील, चीन,यूरोप और कुछ अन्य देशों में गायों का वजन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए माँस आधारित चारा दिया जाता है। इसके तहत 'ब्लडी मील' यानी सूअर, मुर्गी, मछली, घोड़े और यहां तक कि बिल्ली-कुत्ते जैसे जानवरों के अंगों और उनके खून का उपयोग होता है। इसके तहत जानवरों के मरने के बाद उनके खून को सुखाया जाता है फिर उनके माँस, हड्डियों का चूर्ण, मछली पाउडर और जानवरों की चर्बी मिलाकर खास तरह का चारा बनाया जाता है। जिसे 'रेंडर्ड फीड' कहा जाता है। भारतीय मानकों के अनुसार ऐसे दूध को 'माँसाहारी' माना जाता है। भारत ने इसे सख्ती से 'नॉन-नेगोशिएबल रेड लाइन' घोषित कर स्पष्ट कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी डेयरी उत्पाद का आयात नहीं करेगा जो 'रेंडर्ड फीड' यानी माँसाहारी चारे से पोषित गायों से प्राप्त हुआ हो। भारत की मांग है कि आयातित दूध के साथ स्पष्ट प्रमाणीकरण हो, जो यह सुनिश्चित करे कि गायों को केवल शाकाहारी चारा दिया गया है।

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर रिश्ते पहले ही असहज हैं, अब 'एनिमल बेस्ड मिल्क प्रोडक्ट्स' के आयात के लिए भारत के अमेरिका को पूरी तरह से इनकार के बाद मामला और गंभीर हो गया है।

# प्रीह विहियर मंदिर थाईलैंड , भगवान शिव से है कनेक्शन

**थाईलैंड भी हिंदू धर्म से प्रभावित था। उदाहरण के लिए थाईलैंड के अयुत्थया राज्य का नाम अयोध्या के नाम पर रखा गया और यह हिंदू धर्म का केंद्र बन गया। थाईलैंड में रामायण का थाई संस्करण रामकेन भी लिखा गया। यह बात भी बेहद दिलचस्प है कि खमेर की कला में हिंदू देवी-देवताओं के चिन्हों को दिखाया गया उनमें शिव सबसे पहले थे। शिव का चित्रण एक लिंग के रूप में किया जाता था और वह पॉलिश के पत्थर से बनी हुई एक आकृति होती थी। यहां शिव को दयालु देवता के रूप में दिखाया गया था ना कि उग्र रूप में जैसा कि भारत में उन्हें दिखाया जाता है। प्रीह विहियर मंदिर थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर डोंगरेक पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है।**

(पवन उपरेति)

थाईलैंड और कंबोडिया के रिश्तों में इन दिनों फिर से तनाव चल रहा है। तनाव की वजह एक मंदिर है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच विवाद की वजह सदियों पुराना एक प्राचीन शिव मंदिर है। 1962 में मंदिर के विवाद को लेकर इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने दखल भी दिया था लेकिन बावजूद उसके यह मामला नहीं सुलझ पाया। इस मंदिर पर दोनों ही देशों का दावा है और इसे लेकर हाल ही में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प भी हो चुकी है। 28 मई को थाईलैंड और कंबोडिया की विवादित सीमा पर हिंसक झड़प हुई और इसमें कंबोडिया के एक सैनिक की मौत हो गई। यह मंदिर प्रीह विहियर यानी प्राचीन शिव मंदिर है। इसे थाई भाषा में फ्रा विहान कहा जाता है।

### बिगड़ गए दोनों देशों के रिश्ते

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 800 किलोमीटर लंबी सीमा है। विद्वानों का मानना है कि पहले सियामी (थाईलैंड के लोग) और खमेर (कंबोडिया के लोग) के लोगों के बीच व्यापार, विवाह और सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता था और बहुत मधुर संबंध थे लेकिन 14 वीं शताब्दी के आसपास जब खमेर साम्राज्य कमजोर पड़ने लगा तो थाई साम्राज्य ने कंबोडिया की राजधानी अंगकोर पर कब्जा कर लिया। खमेर ने इसके जवाब में थाईलैंड पर हमला किया और 16वीं शताब्दी तक इनके बीच झड़पें चलती रही। 1904 के एक नक्शे के मुताबिक, थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा का निर्धारण किया गया जिसमें इस प्राचीन प्रीह विहियर मंदिर को कंबोडिया की सीमा में दिखाया गया। चर्नविट कासेत्सिरी, पोउ सोथिरक और पाविन चाचावलपोंगपुन ने अपनी संयुक्त किताब प्रीह विहार- ए गाइड टू द थाई कंबोडिया कॉनफिलेक्ट एण्ड इट्स स्आलुशन (2013) में लिखा है कि सियाम यानी थाईलैंड को औपनिवेशिक राजनीति के दबाव में फ्रांस के साथ संधि करनी पड़ी और उसने कंबोडिया के कुछ इलाकों बट्टामबांग, सिसोफोन और सिएम रीप को फ्रांस को दे दिया। वे अपनी किताब में यह भी लिखते हैं कि 50 साल से ज्यादा वक्त तक थाईलैंड चुप रहा और इससे मंदिर को लेकर उसका दावा कमजोर हो गया।



इतिहासकार डॉन एफ. रूनी ने अपनी किताब अंजकौर कंबोडिया बंडर्स खमेर टेंपल(2006) में लिखा है कि एक पुरानी मान्यता के मुताबिक, खमेर जाति के पूर्वजों में से एक प्रीह थोन्ग भारत से कंबोडिया आए थे क्योंकि राजा ने नाराजगी की वजह से उन्हें निर्वासित कर दिया था। 10वीं से 14वीं शताब्दी के बीच जब ईसाई धर्म का उदय हुआ तब भारत से बहुत सारी धार्मिक मान्यताएं और प्रथाएं भी कंबोडिया तक पहुंची और इस दौरान ईसाई धर्म का भी उदय हुआ। थाईलैंड भी हिंदू धर्म से प्रभावित था। उदाहरण के लिए थाईलैंड के अयुत्थया राज्य का नाम अयोध्या के नाम पर रखा गया और यह हिंदू धर्म का केंद्र बन गया। थाईलैंड में रामायण का थाई संस्करण रामकेन भी लिखा गया। यह बात भी बेहद दिलचस्प है कि खमेर की कला में हिंदू देवी-देवताओं के चिन्हों को दिखाया गया उनमें शिव सबसे पहले थे। शिव का चित्रण एक लिंग के रूप में किया जाता था और वह पॉलिश के पत्थर से बनी हुई एक आकृति होती थी। यहां शिव को दयालु देवता के रूप में दिखाया गया था ना कि उग्र रूप में जैसा कि भारत में उन्हें दिखाया जाता है। प्रीह विहियर मंदिर थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर डोंगरेक पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है। राजनीतिक वैज्ञानिक पुआंगथोंग आर पावकपन ने स्टेट एण्ड यूनिसिविल सोसायटी इन थाईलैंड एट द टैंपल आफ प्रीह विहियर में लिखा है कि इस मंदिर में पांच मुख्य प्रवेश द्वार हैं, जो सीढ़ियों और गलियारों से जुड़े हैं। पावकपन ने लिखा है कि मंदिर के प्रवेश द्वार पर शिव का वाहन नंदी बैल है। मंदिर जाने का प्रमुख रास्ता थाईलैंड की ओर से है लेकिन दो रास्ते ऐसे हैं जो पूर्वी और पश्चिम की ओर से कंबोडिया के शहरों से जुड़ते हैं।

मंदिर के आसपास कुछ अन्य पुरातात्विक स्थल भी हैं जैसे एक पुराना जलाशय और एक शिवलिंग। 15वीं सदी में अंगकोर साम्राज्य के पतन के बाद इस मंदिर को उपेक्षित कर दिया गया और दुनिया को इस बारे में तब पता चला जब शीत युद्ध के दौरान थाईलैंड और कंबोडिया के रिश्ते खराब हो गए।

### 1953 में आजाद हुआ कंबोडिया

1953 में कंबोडिया को आजादी मिल गई तब राजा नरोदम सिहानुक ने थाईलैंड की सरकार से कहा कि वह मंदिर में तैनात थाईलैंड के सैनिकों को वापस बुलाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे कंबोडिया नाराज हो गया और उसने दो बार थाईलैंड से राजनीतिक संबंध तोड़ लिए। इसके बाद यह मामला 1962 में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस में गया। 15 जून, 1962 को अदालत में अपने फैसले में कहा कि प्रीह विहियर का मंदिर कंबोडिया के इलाके में आता है। थाईलैंड के लोग इस फैसले के खिलाफ भड़क गए। देश भर में प्रदर्शन हुए, राजधानी बैंकॉक में रैलियां निकाली गई और फिर वहां की सरकार भी प्रदर्शनकारियों के साथ आ गई हालांकि सरकार ने इस मामले में अदालत के आदेश का पालन किया। 2008 में यह मुद्दा फिर से सुर्खियों में आया जब पीपुल्स एलायंस फार डेमोक्रेसी (पीएडी) ने कंबोडिया की सरकार के इस मंदिर को विश्व धरोहर स्थल घोषित करने की मांग का थाइलैंड द्वारा समर्थन किए जाने का विरोध किया। इस संगठन ने आरोप लगाया कि थाइलैंड की सरकार इस प्रस्ताव को समर्थन देने के बहाने मंदिर से जुड़ा विवादित क्षेत्र कंबोडिया को सौंप रही है।

## सोना कॉमस्टार ने चीन के इलेक्ट्रिक कार मार्केट में मारी एंट्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोना कॉमस्टार अब चीन के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में उतरेगी। कंपनी जिन्नाइट मशीनरी के साथ मिलकर काम करेगी। इसके लिए सोना कॉमस्टार 1.2 करोड़ डॉलर (लगभग 100 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। इस साझेदारी से कंपनी चीन में इलेक्ट्रिक और गैर-इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पार्ट्स बनाएगी। सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड (सोना कॉमस्टार) ने



रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी का मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है। यह ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करती है और ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स बनाती है। अभिनेत्री करिश्मा कपूर का सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड से सीधा संबंध उनके पूर्व पति और अब दुनिया में नहीं रहे संजय कपूर के कारण है। संजय कपूर सोना कॉमस्टार के चेयरमैन थे। वह इस कंपनी के मालिक परिवार से थे। उन्होंने 2015 में अपने पिता सुरिंदर कपूर के निधन के बाद कंपनी की बागडोर संभाली थी। उनके नेतृत्व में कंपनी ने काफी तरक्की की और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई। सोना कॉमस्टार ने जिन्नाइट मशीनरी कंपनी लिमिटेड (जेएनटी) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां चीन में एक साथ मिलकर काम करेंगी। सोना कॉमस्टार इस कंपनी में 1.2 करोड़ डॉलर लगाएगी। इससे कंपनी को 60 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। जेएनटी 80 लाख डॉलर का निवेश करेगी।

## एडीबी ने त्रिपुरा के औद्योगिक क्षेत्रों के लिए दिया 975 करोड़ का ऋण

### बुनियादी ढांचा निर्माण पर होगा खर्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 975.26 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी है। त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसी) के अध्यक्ष नबादल बानिक ने कहा कि इस परियोजना के तहत औद्योगिक शेड, बिजली सबस्टेशन, भूमिगत बिजली लाइनें, अग्निशमन सेवा स्टेशन और 34 सड़कों का



निर्माण किया जाएगा। उन्होंने पीटीआई को बताया, एडीबी ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में विकास के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु 975.26 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। इसका कार्यान्वयन जारी है। उन्होंने बताया कि बोधजंगनगर, आरके नगर, दुकली और एएन नगर औद्योगिक क्षेत्र इन नौ क्षेत्रों में शामिल हैं। बनिक ने कहा कि राज्य सरकार ने दक्षिण त्रिपुरा में संतिरबाजार (127 एकड़) और उनाकोटी जिले में फटीक्रोय (28 एकड़) में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए भूखंड सौंप दिए हैं। उन्होंने कहा, टीआईडीसी ने दो नए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीमांकन का काम शुरू कर दिया है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उद्योगों के लिए आवंटित कोई भी जमीन लंबे समय तक अप्रयुक्त न रहे।
उनके अनुसार, टीआईडीसी ने 24 निष्क्रिय औद्योगिक इकाइयों से 28 एकड़ भूमि वापस प्राप्त कर ली है, क्योंकि पूर्वोत्तर राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए नए उद्यमी आ रहे हैं।

## रूस से तेल खरीद पर यूरोपीय संघ का प्रतिबंध

# भारत के 15 अरब डॉलर के निर्यात पर मंडरा रहा खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूस को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत ईयू ने रूस से परोक्ष रूप से आने वाले तेल पर नई पाबंदिया लगाई हैं। ऐसे में अब इसका असर भारत पर भी देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट की माने तो यूरोपीय संघ के इस कदम से भारत के पेट्रोलियम उत्पादों के 15 अरब डॉलर के निर्यात पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। यह जानकारी आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने दी है। बता दें कि ईयू के 27 देशों ने अपने



18वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यह फैसला लिया है, जिसमें रूस के ऊर्जा क्षेत्र की आय को कम करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। अब यूरोपीय संघ किसी भी तीसरे देश से ऐसे पेट्रोलियम उत्पादों का आयात नहीं करेगा, जो रूसी कच्चे तेल से बने हों। इससे भारत, तुर्की और यूएई जैसे देश प्रभावित होंगे, जो रूस से तेल खरीदकर रिफाइन कर यूरोप को डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन बेचते हैं।

### भारत पर कितना होगा असर

यूरोपीय संघ के इस कदम से भारत पर पड़ने वाले असर की बात करें तो जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भारत के लगभग 5 अरब डॉलर मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने यूरोपीय संघ को 19.2 अरब डॉलर का पेट्रोलियम निर्यात किया था।

# 'मेक इन इंडिया' से मालामाल हो रहीं खस्ताहाल कंपनियां

### डिफेंस सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेक इन इंडिया के तहत जहां देश में उत्पादन बढ़ रहा है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की अनेक खस्ताहाल कंपनियां मालामाल होने लगी हैं। दरअसल, मेक इन इंडिया में सरकारी कंपनियों का भी उत्पादन बढ़ा है। सरकार भी खुलकर उनसे खरीद कर रही है, या उनकी सेवाएं ले रही है।

कंपनियों को मिला है। बेहद खराब हालत वाली आयुध निर्माण फैक्टरियों को सरकार ने सार्वजनिक रक्षा कंपनियों के रूप में तब्दील किया। इसके बाद इन कंपनियों को सेनाओं, अर्धसैनिक बलों से बड़ी संख्या में ऑर्डर मिले हैं। कुछ देशों ने भी उनसे गोला-बारूद खरीदा है। इससे खस्ताहाल




**मदन जैड़ा-** सरकार ने मेक इन इंडिया के तहत ज्यादा से ज्यादा उत्पादन देश में ही करने की मुहिम शुरू की है। इससे जहां देश में उत्पादन बढ़ रहा है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की अनेक खस्ताहाल कंपनियां मालामाल होने लगी हैं। दरअसल, मेक इन इंडिया में सरकारी कंपनियों का भी उत्पादन बढ़ा है। सरकार भी खुलकर उनसे खरीद कर रही है, या उनकी सेवाएं ले रही है।

मेक इन इंडिया का फायदा सबसे ज्यादा डिफेंस सेक्टर की कंपनियां मालामाल हो गईं। म्यूनिसन इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) का राजस्व जो 2021-22 में 2571 करोड़ था और उसमें कुल मुनाफा महज 22 करोड़ था, वह 2023-24 में कई गुना बढ़ गया। इस वर्ष कंपनी ने 7,322 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जिसमें उसका शुद्ध मुनाफा 559 करोड़ हो गया।

इसी प्रकार इस अवधि में दो और कंपनियों आर्मर्ड व्हीकल्स लिमिटेड (एवीएनएल) का राजस्व 2569 करोड़ से बढ़कर 4663 तथा मुनाफा 54 करोड़ से बढ़कर 605 करोड़ हो गया। एडवांस वैपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) का राजस्व 1089 करोड़ से 2039 तथा मुनाफा 4 करोड़ से 20 करोड़ हुआ।

- **सीडॉट स्वदेशी उपकरण विकसित कर रहा**- संचार मंत्रालय की कंपनी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सीडॉट) का राजस्व 2020-21 में महज 89 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 500 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह संस्थान टेलीकॉम और आईटी के स्वदेशी उपकरण विकसित कर रहा है। साथ ही आपदा प्रबंधन की तकनीकों, विभिन्न ऐप आदि भी विकसित कर चुका है। सीडॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. राजकुमार उपाध्याय कहते हैं कि सिर्फ देश के लिए ही नहीं बल्कि हम अपनी तकनीकें अब निर्यात करने को भी अग्रसर हैं। हमारे प्रोजेक्ट कंबोडिया, अल सिल्वाडोर तथा मॉरीशस में भी चल रहे हैं। संस्थान ने अब अपने राजस्व को एक हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## रॉकेट बना छोटकू शेयर, इस दिग्गज ने लगाया बड़ा दांव

- मालिक बेच चुके हैं आधा हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी वेंड्ट इंडिया के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। वेंड्ट इंडिया के शेयर सोमवार को बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 12750.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में 50 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। एक महीने में वेंड्ट इंडिया के शेयर 8306.65 रुपये से बढ़कर 12750 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। दिग्गज निवेशक मुकुल महावीर अग्रवाल ने वेंड्ट इंडिया पर बड़ा दांव लगाया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 18000 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 8174.40 रुपये है।

**मुकुल अग्रवाल ने खरीदे हैं कंपनी के 50000 शेयर**- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (जून तिमाही) के दौरान दिग्गज निवेशक मुकुल महावीर अग्रवाल ने स्मॉलकैप कंपनी वेंड्ट इंडिया में 2.50 पर्सेंट हिस्सा खरीदा है। यह बात लेटेस्ट शेयरहोल्डिंग में सामने आई है। 30 जून 2025 तक के डेटा के मुताबिक, मुकुल महावीर अग्रवाल के पास कंपनी के 50000 शेयर हैं। वेंड्ट इंडिया सुपर अब्रेसिव, हाई-प्रिसिशन ग्राइडिंग, होनिंग इक्विपमेंट, कस्टम मशीन्स और प्रिसिशन कंपोनेंट्स का प्रॉडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन करती है।

**5 साल में 385 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं कंपनी के शेयर**- वेंड्ट इंडिया के शेयर पिछले पांच साल में 385 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं।

# जीएसटी चोरी में रिकॉर्ड उछाल

### आंकड़ा अप्रैल-जून में 29 प्रतिशत बढ़कर 15,851 करोड़ हुआ




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी है। फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों के जरिए इसका पता लगाया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई है।

अधिकारियों के अनुसार, जून तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों और आईटीसी धोखाधड़ी के आंकड़ों के अनुसार, 3,558 फर्जी फर्मों से जुड़े 15,851 करोड़ रुपये का आईटीसी धोखाधड़ी से लिया गया। इस अवधि के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 53 लोगों को गिरफ्तार किया और 659 करोड़ रुपये बरामद किए गए। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, जीएसटी अधिकारियों ने 3,840 फर्जी कंपनियों से जुड़े 12,304 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का पता लगाया था। 549 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### क्या है आईटीसी मामला

जीएसटी व्यवस्था के तहत, आईटीसी कंपनियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी पर चुकाए गए करों से है। टैक्स लायबिलिटी का भुगतान करते समय इस कर का दावा क्रेडिट या कटौती के रूप में किया जा सकता है। फर्जी आईटीसी से निपटना जीएसटी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, क्योंकि बेईमान तत्व केवल आईटीसी का दावा करने और सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए फर्जी कंपनियां बना लेते हैं।
3500 से अधिक फर्जी कंपनियों का खुलासा जीएसटी अधिकारियों ने पहली तिमाही के दौरान 3,558 फर्जी कंपनियों का भी पता लगाया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है। एक अधिकारी ने बताया कि औसतन हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही हैं।

# 400 के नीचे आया चर्चित डिफेंस स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी डिफेंस कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 400 रुपये के नीचे चले आए थे। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या लॉन्ग टर्म के लिए इस डिफेंस कंपनी पर दांव लगाना सही रहेगा या नहीं बता दें, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड उन कंपनियों में से एक है जिन्होंने निवेशकों को लगातार डिविडेंड दिया है।

**कंपनी के 71650 करोड़ रुपये का ऑर्डर बुक-** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के पास 1 अप्रैल 2025 तक के डाटा के अनुसार 71650 करोड़ रुपये का ऑर्डर बुक था। जोकि कंपनी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

### रिटर्न के मामले में कंपनी ने नहीं किया है निराश

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद बीएसई में 394.70 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। बीते एक महीने में इस डिफेंस कंपनी के शेयरों का भाव 1 प्रतिशत से अधिक गिरा है। इसके बाद भी 3 महीने से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# निवेशकों को रास नहीं आई रिलायंस की कमाई

### नेट प्रॉफिट में 76 प्रतिशत उछाल के बावजूद गिरा शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने सोमवार को बड़ी गिरावट दिखाई। हैरानी की बात यह है कि यह गिरावट ऐसे समय आई, जब कंपनी ने जून तिमाही के लिए शानदार नतीजे पेश किए। तेल से लेकर टेलीकॉम तक फैले इस विशाल कारोबारी समूह का शुद्ध मुनाफा पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले पूरे 76 फीसदी बढ़ गया। फिर भी, शेयर की कीमत 2 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 1,448.80 रुपये पर पहुंच गई। ध्यान देने वाली बात है कि शेयर ने सुबह 1,465 रुपये की कीमत पर शुरुआत की थी, जबकि पिछले कारोबारी दिन शुक्रवार को यह 1,476 रुपये पर बंद हुआ था।

**कैसे रहे तिमाही नतीजे-** मुकेश अंबानी की कंपनी ने अपने सबसे




मजबूत तिमाही नतीजे दिए। टेलीकॉम, रिटेल और तेल-रसायन व्यवसायों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत, कंपनी ने अब तक का सबसे ज्यादा त्रैमासिक कुल ईबीआईटीडीए और शुद्ध मुनाफा दर्ज किया।

जून तिमाही में, कंपनी का कुल मिलाकर शुद्ध मुनाफा पिछले साल की इसी तिमाही के 17,448 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 30,681 करोड़ रुपये हो गया, जो 75.84 फीसदी की बढ़ोतरी है।

इसने बाजार के अनुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। कुल आय में भी 6 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 2,73,252 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

- **अंबानी का नजरिया-** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस ने वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन के साथ की है। वैश्विक माहौल में काफी उतार-चढ़ाव के बावजूद, इस तिमाही का कुल ईबीआईटीडीएपिछले साल की इसी अवधि की तुलना में मजबूत रहा।
- **शेयर बाजार की प्रतिक्रिया-** इतने अच्छे नतीजों के बाद भी शेयर की कीमत गिरने ने निवेशकों को हैरान कर दिया।

बाजार में अक्सर खबर पर बेचना की प्रवृत्ति देखी जाती है, जहाँ अच्छी खबर आने से पहले ही शेयरों में खरीदारी हो जाती है और खबर आते ही निवेशक मुनाफा वसूलने लगते हैं।

### एंथम बायोसाइंस के निवेशक पहले दिन ही झूम गए

# 27 फीसदी बढ़ कर लिस्ट हुए शेयर

**मुंबई, एजेंसी।** एंथम बायोसाइंसेस के शेयर बाजार में लिस्ट हो गए। लिस्ट होते ही निवेशकों को अच्छा मुनाफा हुआ। कंपनी के शेयर आईपीओ की कीमत से 27 प्रतिशत ऊपर लिस्ट हुए। बीएसई और हस्थ्र दोनों पर शेयर 723 रुपये पर खुले। इसका एक शेयर निवेशकों को 570 रुपये में मिला था।

### क्या रही शेयर की चाल

बीएसई में एथम बायोसाइंसेज लिमिटेड के शेयर 723.10 रुपये पर लिस्ट हुए, जो कि आईपीओ प्राइस से 27 फीसदी ज्यादा है। थोड़ी ही देर में यह बढ़ कर 746.70 रुपये पर चला गया। शुरुआती 15 मिनट के दौरान नीचे में यह शेयर लिस्ट प्राइस से महज पांच पैसे यानी 723.05 रुपये तक आया है।




### 67 गुना से ज्यादा मिला था अभिदान

एंथम बायोसाइंसेस का आईपीओ बेहद सफल रहा था। कंपनी ने ऑफर फॉर सेल के जरिए 3,396 करोड़ रुपये जुटाए। एंथम बायोसाइंसेस भारत की एक बड़ी सीआरडीएमओकंपनी है। सीआरडीएमओ का मतलब है कि यह कंपनी दूसरी दवा कंपनियों के लिए रिसर्च और दवा बनाने का काम करती है। यह आईपीओ बीते 14 से 16 जुलाई तक खुला था। इसे निवेशकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। कुल मिलाकर, यह आईपीओ67.4 गुना सब्सक्राइब हुआ था। सबसे ज्यादा बोली क्यूआईबी यानी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने लगाई। उन्होंने अपने हिस्से के शेयरों को 192.8 गुना सब्सक्राइब किया।

- **कब शुरू हुई थी कंपनी-** एंथम बायोसाइंसेस 2006 में शुरू हुई थी। यह कंपनी दवा बनाने के पूरे प्रोसेस में काम करती है। जैसे कि दवा की खोज करना, उसे विकसित करना और फिर उसका उत्पादन करना। यह कंपनी छोटी और बड़ी, दोनों तरह की दवाओं पर काम करती है। एंथम बायोसाइंसेस अभी 196 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके ग्राहक 44 देशों में फैले हुए हैं। कंपनी फर्मेंटेशन-आधारित एपीएलएस और स्पेशल इंग्रेडिएंट्स भी बनाती है। एपीएलएस का मतलब है दवाओं में इस्तेमाल होने वाले मुख्य तत्व।
- **क्या है कंपनी का अकाउंट्स-** वित्त वर्ष 25 में, एंथम बायोसाइंसेस की आय 30 प्रतिशत बढ़कर 1,930 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 451 करोड़ रुपये हो गया। ई बी आई टी डी ए684 करोड़ रुपये रहा 7

### आपको भी मिला है आयकर विभाग से नोटिस तो जरूर करें ये काम

# उच्च मूल्य वाले लेनदेन पर रखें नजर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने हाल ही में कई करदाताओं को नोटिस भेजा है। आयकर नोटिस मिलना चिंताजनक हो सकता है, लेकिन अक्सर इसका मतलब बड़ी मुसीबत नहीं होता। कई नोटिस तो बस सामान्य संदेश होते हैं या उसमें विभाग की ओर से मांगी गई जानकारियां होती हैं। खासकर जब ज्यादातर चीजें ऑनलाइन हो गई हैं। ऐसा तब होता है, जब आपकी ओर से घोषित आय फॉर्म 26एएस या एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) में उपलब्ध आंकड़ों से मेल नहीं खाती। इनमें सामान्य कारणों से दस्तावेज गुम होना, पर्याप्त सबूत के बिना कटौती का दावा करना या कुछ ब्याज आय की सूचना नहीं देना शामिल है। इसके अलावा, उच्च मूल्य वाले लेनदेन और क्रेडिट कार्ड से किए गए बड़े खर्च भी नोटिस मिलने की वजह हो सकते हैं।

आपको भी आयकर नोटिस मिला है, तो चिंता की कोई बात नहीं है। आप नोटिस में पूछे गए सवालों का सटीक जवाब दें और इसे समय पर भेजें। अलग-अलग मकसदः आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के तहत नोटिस जारी किए जाते हैं। हर नोटिस का अलग उद्देश्य होता है।

**धारा-143(1):** आयकर विभाग आपके भरे गए आईटीआर की जानकारियों की तुलना अपने पास पहले से मौजूद डाटा से करता है, जिसमें टीडीएस विवरण, बैंक ब्याज या अन्य स्त्रोतों से आय शामिल है। इसमें कोई गड़बड़ी पाए जाने पर विभाग नोटिस भेज सकता है।

**धारा-139(9):** इसके तहत गलत जानकारी देने या सूचनाओं के अभाव में आयकर विभाग आपको नोटिस भेज सकता है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 21-07-2025 21:46 Page 1



# बांध टूटा, फसलें नष्ट

## रास्ता पूरी तरह बंद | जनजीवन प्रभावित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन प्रभावित है। लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड के होलंग गांव में वर्षों पुराना एक बांध टूट गया, जिससे किसानों के खेत में लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। साथ ही इस बांध पर बनी संपर्क सड़क भी ध्वस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना पूरी तरह से बाधित हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। सड़क टूटने के बाद बच्चों को पगडंडी के सहारे स्कूल जाना पड़ रहा है, जो न केवल जोखिमभरा है बल्कि समय भी अधिक लग रहा है।

बांध टूटने के बाद जिला प्रशासन की ओर से सड़क निर्माण का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र पहल की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क नहीं बनी तो स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाएगी और बीमार मरीजों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा।

किसान नेता अयूब खान ने कहा कि बांध टूटने के बाद रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। गांव में यदि कोई बीमार हो जाए तो उसे अस्पताल ले जाना बेहद मुश्किल हो गया है। बच्चों को भी जोखिम उठाकर स्कूल जाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सिदो कान्हू के वंशज किये सरेंडर

**साहिबगंज।** 30 जून को हूल दिवस पर बरहेट के भोगनाडीह गांव में हुए विवाद में आरोपित बनाए गए सिदो कान्हू के छठे वंशज मंडल मुर्मू समेत 11 लोगों ने सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में मंडल मुर्मू, ग्राम प्रधान बबलू हांसदा, मनोज मुर्मू, सन्नी मरांडी, शिवचरण हांसदा, सुशील बेसरा, चंद्रमोहन हांसदा, मुंशी हांसदा, बेंजामिन मालतो, टिका हांसदा व मनोज हांसदा शामिल हैं। कोर्ट ने इनमें से मंडल मुर्मू समेत आठ लोगों को जमानत दे दी, जबकि बबलू हांसदा, चंद्रमोहन हांसदा व बेंजामिन मालतो को जेल भेज दिया। इसके पूर्व 11 जुलाई को बरहेट पुलिस ने बरहेट प्रखंड के तलबड़िया के ग्राम प्रधान बेटका मुर्मू, बोरियो प्रखंड के पथरा के ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी व गोड्डा जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के चांदसर के चुनाराम बेसरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताते चलें कि इस मामले में बरहेट के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडेय के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पांच नामजद व लगभग डेढ़ सौ अज्ञात को आरोपित बनाया गया था।

# दूसरी सोमवारी को आम्रेश्वर धाम में हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक

## श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा की है चाक-चैबंद व्यवस्था



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** श्रावण माह के द्वितीय सोमवारी को आज दूर-दराज के क्षेत्रों से आये हजारों की संख्या में आए शिवभक्तों ने आम्रेश्वर धाम मंदिर, खूंटी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रातः लगभग चार बजे जैसे ही भेलेनाथ और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा धाम परिसर बोल बम, हर हर महादेव के जयकारों से गुंज उठा।

श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति ने बताया कि लगभग 30 हजार की संख्या में शिवभक्तों, जिसमें महिला पुरूष एवं बच्चों ने जलार्पण किया।

एक महीना तक चलने वाले श्रावणी मेले में भक्तों की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिला पुलिस, जैप और अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तोरपा, कर्रा, खूंटी और मुरहू थाना की पुलिस के अलवा महिला पुलिसकर्मयों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम के स्वयं सेवक एवं नगर पंचायत के सफाई कर्मी मुस्तैद हैं। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम के पदधिकारी और वॉलैंटियर्स भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं ताकि यहां आने वाले शिवभक्तों को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त आर. रॉनिटा के निदेशानुसार आज जीईएल इमानुएल स्कूल, खूंटी में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, एवं सही उम्र में लाइसेंस प्राप्त करना झ ये सभी हमारे जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस एवं एंबुलेंस हेल्पलाइन को सूचित करना चाहिए।

रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट ने साइनेज, रोड मार्किंग, सड़क सुरक्षा उपकरण एवं ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए और ओवरटेक करते समय सतर्कता बरतनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# हत्या के मामले का पुलिस ने किया 48 घंटे में खुलासा

## शनिवार को किराए के एक मकान से सड़ी गली लाश हुई थी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी धीराजगंज में बीते शनिवार को किराए के एक मकान से सड़े गले अवस्था में मिले गिरिडीह जिले के उदनाबाद निवासी राजेश कुमार महथा नामक युवक के शव मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है।

इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा कुमारी को पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने पूछताछ में बताया कि उसके पति का किसी अन्य युवती से अवैध संबंध था। उसके सामने ही वह उस युवती से घंटों मोबाइल पर बातचीत करता रहता था। इस कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। इसी बात को लेकर बीते 15 जुलाई की रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

उसके बाद गुस्से में आकर उसने सोए हुए पति के सिर पर हथौड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद वह बच्चों को लेकर फरार हो गई थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा लोहे का हथौड़ी तथा दो स्मार्ट फोन भी बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया कि उक्त हत्या के बाद मृतक राजेश कुमार महथा के बड़े भाई उमेश महथा द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें राजेश की पत्नी पूजा कुमारी पर बेरहमी से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए उसके अनुसंधान एवं त्वरित खुलासा हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय एवं तकनिकी सहयोग से कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मृतक की पत्नी पूजा कुमारी को गिरफ्तार किया गया। मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने पुलिस के समक्ष पूछताछ के क्रम में अपनी अपराध स्वीकारोक्ति बयान में यह स्वीकार किया कि उसके द्वारा ही अपने पति राजेश कुमार महथा की हत्या की गई थी।

# दुर्घटना के बाद चेता प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुजू।** सीसीएल करमा खुली खदान में चाल धंसने से चार लोगों की मौत के बाद प्रबंधन गांव वालों को खतरों से आगाह कर रहा है। उद्घोषणा की जा रही है कि खनन क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश करने पर सजा के हकदार होंगे। साथ ही कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा। पीओ रामेश्वर मुंडा, खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, सेफ्टी अधिकारी सुभाष सिन्हा की अगुवाई में महुआटुंगरी, सुगिया, खीराबेड़ा, धनबेड़वा, उखरबेड़वा, ललिताडाही आदि गांवों में अवैध खनन, अनधिकृत प्रवेश, कानूनी कार्रवाई, सजा के प्रविधानों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक एवं सचेत किया गया। पांच जुलाई को करमा खुली खदान में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने से हुई चार लोगों की मौत के बाद परियोजना सहित क्षेत्रीय प्रबंधन को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा है। क्षेत्र के कई अधिकारियों पर मामला भी दर्ज किया गया है। भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसे लेकर प्रबंधन एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है।

# जलजमाव की समस्या से लोगों को मिली राहत

## विधायक की तत्परता से शिवभक्तों को सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड की प्रमुख व्यवसायिक मंडी रेम्बा बाजार स्थित पतारडीह मोड़ पर मुख्य सड़क पर हो रहे जल जमाव की गंभीर समस्या से अब राहत मिली है। लगातार हो रही बारिश के कारण मुख्य मार्ग पर जलजमाव हो जाने से यात्रियों और विशेष रूप से श्रावण मास में झारखंडधाम जाने वाले शिवभक्तों को काफी कठिनाई हो रही थी।

समस्या की जानकारी मिलते ही जमुआ की विधायक मंजु कुमारी स्वयं रेम्बा बाजार पहुंचीं और जलजमाव वाले स्थल का निरीक्षण किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तत्काल पहल करते हुए स्थानीय समाजसेवी दिवाकर द्विवेदी से समन्वय कर उनकी निजी जमीन से जल निकासी करवाई। इससे न केवल जलजमाव से निजात मिली, बल्कि एक सराहनीय समाज सेवा का संदेश भी गया। इसके साथ ही विधायक मंजु कुमारी ने स्थल से ही पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से आमजन और श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं करना पड़े विधायक की सक्रियता और संवेदनशीलता से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया और इस त्वरित समाधान की प्रशंसा की।

### स्थानीय लोगों ने जताया आभार

इस अवसर पर हीरोडीह मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मंटू साव, पवन द्विवेदी, सुनील वर्मा, उदय द्विवेदी, दिनेश गुप्ता, मनोहर पंडित, शंकर वर्मा, दिलीप वर्णवाल, अजय मंडल, सुरेन्द्र वर्मा समेत कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# नाबालिग को अगवा कर अश्लील वीडियो बनाने व दुष्कर्म का आरोप

## विधायक सहित हिंदू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख ने जताया रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड में सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अगवा करके अश्लील वीडियो बनाने व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के स्वजन ने एक समुदाय के युवक पर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार 13 वर्षीय नाबालिग बीती 16 जुलाई की रात 9 बजे से लापता थी। काफी ढूंढने के बाद भी वह नहीं मिली। इसके तीन दिन बाद 19 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे घर वापस आई तो उसने पिता से आपबीती बताई।

पीड़िता ने बताया कि स्थानीय निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने 16 जुलाई को रात 9 बजे फोन कर चुपके से घर से बाहर आने के लिए कहा था। घर से बाहर नहीं आने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी एक समुदाय विशेष का बताया गया है। नाबालिग ने कहा कि डर के कारण वह परिवार को बिना बताए घर से बाहर निकली। इसके बाद आरोपी अपने साथ ले गया और डरा-धमकाकर अश्लील फोटो, वीडियो दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने डरा-धमकाकर और बंधक बनाकर तीन दिन गलत काम किया।

पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपित ने तीन माह पहले भी उसे डरा-धमकाकर एक बगीचे ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाया और फोटो भी खींचे थे। आरोप है कि इन्हीं वीडियो और तस्वीरों को दिखाकर आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था। इधर, पुलिस ने आरोपित को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने कहा कि पुलिस पीड़िता का मेडिकल कराएगी। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

नाबालिग को अगवाकर अश्लील वीडियो बनाने एवं दुष्कर्म की घटना पर तोरपा के पूर्व विधायक कोचेमुंडा ने कड़ा विरोध जताया है। राज्य में बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। हर दिन दुष्कर्म-छेड़छाड़ की घटना हो रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने शुरू में पीड़ित पक्ष को संवेदना के सुनने के बजाए उन्हें ही डांट-फटकार दिया। हिंदू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने भी कहा कि पूरे राज्य में बच्चियों को टारगेट किया जा रहा है। कोलेबिरा के साथ ही रांची में भी इसी तरह की घटना घटी है।

# मांगों के समर्थन में कर्मियों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भारी इंजीनियरिंग निगम (एचईसी) के कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस बार कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर धरना दिया, जिससे उन्होंने अपनी नाराजगी और सरकार की उदासीनता को सार्वजनिक रूप से उजागर किया।

प्रदर्शन कर रहे कर्मियों की प्रमुख मांगों में कई महीनों से लंबित वेतन का भुगतान, बकाया भत्ते, भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने अब तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने और अधिकारियों से गुहार लगाने जैसे कई प्रयास किए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में उन्हें अब सड़क पर उतरकर अर्धनग्न प्रदर्शन करना पड़ा है।

# साइबर ठगी मामले में अहमदाबाद से एक आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची ।** सीआइडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने 49 लाख 98 हजार 888 रुपये की साइबर ठगी के मामले में अहमदाबाद से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित रवि हसमुखलाल गोधनिया है।

वह गुजरात के कोडीनार जूनागढ़ जिले के कोडीनार गीन स्थित सत्यम सोसाइटी वेरावल के ब्लाक 86 का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल, एक सिमकार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक हार्ड डिस्क व कांड से संबंधित वाट्सएप चैट बरामद किया है।

ठगी का यह मामला साइबर अपराध थाने में 14 मई को दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। वर्तमान में वे रांची के बूटी मोड़ के पास रहते हैं। दर्ज प्राथमिकी में सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने शिकायत की थी कि साइबर अपराधियों ने उन्हें वाट्सएप काल के जरिये मनी लांड्रिंग के झूठे अपराध में फंसाने की धमकी दी थी। आरोपितों ने खुद को बेंगलुरु पुलिस अधिकारी, केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियां जैसे सीबीआइ, एनसीबी व एनआइए का अधिकारी बताकर 300 करोड़ के मनी लांड्रिंग के एक मामले में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया था।

लगातार वीडियो काल कर मानसिक दबाव बनाया और उनके खाते के सत्यापन के नाम पर उनके खाते से 49 लाख 98 हजार 888 रुपये का हस्तांतरण कर लिया।

साइबर अपराध थाने की पुलिस ने अनुसंधान के आधार पर उक्त आरोपित को गिरफ्तार किया, जिसके पास से कांड से संबंधित साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपित रवि हसमुखलाल गोधनिया के नाम पर इंडियन बैंक के खाता नंबर 20307033166 में पीड़ितों से ठगे गए रुपयों को जमा कराया जाता था, ताकि धोखाधड़ी की राशि को अन्य खातों में हस्तांतरित किया जा सके। एक दिन में इस बैंक खातू में कुल 79 लाख रुपये जमा हुए थे।

इस खाता के विरुद्ध बेंगलुरु के साउथ डिविजन स्थित सीईएन क्राइम थाना में भी 12 जुलाई 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज हुई थी। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने उक्त खाते को फ्रीज कर दिया है। इस खाते से हुए सभी लेन-देन की जांच की जा रही है। संभावना है कि आगे और गिरफ्तारियां होंगी और इस खाते का अंतरराज्यीय लिंक भी सामने आएगा।

# स्टेशन से गांजे की खेप के साथ दो धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की विशेष टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में स्टेशन पर से 12.1 किलोग्राम गांजा जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

जब्त किए गए गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य 1,81,500 रुपये बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के निशानदेही पर कोडरमा में एक अन्य तस्कर को भी पांच किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी 23 वर्ष मंटू कुमार तथा 22 वर्ष टुनटुन कुमार रोहतास बिहार के रहने वाले है। पूछताछ के दौरान दोनों ने खुलासा किया कि वे चार लोग थे, जिनमें देवराज चौहान और संजीत कुमार भी शामिल थे।

अभियुक्तों ने यह भी बताया कि वे धनबाद आए थे और देवराज चौहान ने उन्हें सासाराम ले जाने के लिए एक-एक बैग व एक थैला में गांजा दिया था। जबकि देवराज चौहान और संजीत कुमार खुद अपने साथ दो बैग में गांजा लेकर ट्रेन संख्या 12323 बारमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से सासाराम के लिए निकल गए थे। उनका मकसद दूसरे ट्रेन से गांजा सासाराम ले जाकर देवराज चौहान को सौंपना था, जिसके बदले में उन्हें पैसे मिलने थे।

इस महत्वपूर्ण जानकारी के तुरंत बाद जीआरपी कोडरमा के साथ साझा किया गया। जीआरपी कोडरमा ने सक्रियता दिखाते हुए देवराज चौहान को पांच किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की। कोडरमा में देवराज चौहान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एक अलग मामला दर्ज किया है।

धनबाद में जब्त किए गए गांजे और गिरफ्तार अभियुक्तों को आरपीएफ द्वारा लिखित शिकायत पत्र के साथ जीआरपी को सौंप दिया गया।

# छात्रों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, कई छात्र हुए चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतिष्ठित संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय में छात्रों के दो गुटों में जमकर पथराव, स्टिक, डंडे से पूरा स्कूल परिसर रणभूमि में तब्दील हो गया। इस मारपीट में तकरीबन एक दर्जन छात्र घायल हो गए हैं।

कुछ घायल तो घटनास्थल से फरार हो गए हालांकि कुछ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। इस बीच घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी रजनीश कुमार विद्यालय पहुंचे। मामले को शांत कराया। इस संबंध में बताया जाता है कि दो दिन पूर्व दो छात्रों के बीच कहां सुनी हो गई और कहा सुनी में काफी गरमा गरम बहस हो गई। नतीजा गाली गलौज व मारपीट पर उतर आया।

इसकी जानकारी जब स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर राजू को मिली थी दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया गया। लेकिन शुक्रवार को छात्रावास में रह रहे एक छात्र पर कुछ गलत टिप्पणी कर देने पर छात्र भड़क गया और इसकी शिकायत क्लास में सिस्टर से की। सिस्टर ने दोनों को समझाया।

इसके बाद आदिवासी हॉस्टल के छात्र एकत्रित हो गए। इस संबंध में दोनों ओर से धमकी दिया गया। आज 11:00 के टिफिन में काफी संख्या में बाहर से छात्र आए और स्कूल परिसर स्थित आदिवासी छात्रावास पर पथराव शुरू कर दिया तो दोनों ओर से पथराव स्टीक आदि से हमला किया गया। इसमें कुछ निर्दोष छात्रों को जो तमाशा बिन थे उन्हें भी चोट आई।

## अभिभावकों में उबाल

घटना में घायल छात्रों को अभिभावकों को जब घटना की जानकारी मिली तो भागे-भागे विद्यालय पहुंचे। घटना की जानकारी ली। दोषी विद्यार्थियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। यहां बच्चे पढ़ने आते हैं यहां मारपीट के लिए कोई जगह नहीं है अगर ऐसा होता है तो विद्यालय प्रबंधन को इस पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वे लोग घर में निश्चित से रहते हैं कि वे अच्छे स्कूल में बच्चों का नामांकन कराए हैं। लेकिन यहां भी अगर इसी तरह मारपीट या अनुशासनहीन माहौल रहेगा तो बच्चा पढ़ाई कैसे करेगें। उन्होंने प्रधानाध्यापक से मिलकर न्याय के गुहार लगाई है।प्रखंड मुख्यालय में स्थित संत फ्रांसिस उच्च विद्यालय पूरे जिले में ख्याति प्राप्त है। अनुशासन वह पढ़ाई के मामले में यह अब्बल रहा हैं। ऐसे में ऐसी घटना यहां के बुद्धिजीवियों के लिए आघात से काम नहीं है। बुद्धिजीवी श्यामानंद वत्स, अजय शर्मा, दीप नारायण भगत, वेदव्यास भगत आदि ने इस पर गहरी संवेदना प्रकट की है।

वहीं कुछ लोगों के कहना है कि इन दिनों प्रखंड मुख्यालय में छात्रों के बीच नशापान कर विद्यालय आना एक फैशन होते जा रहा है। जिसके कारण बच्चे छोटी-छोटी बातों पर सनक के अपशब्दों का प्रयोग करते हैं उसी का परिणाम है। कारण कुछ भी हो लेकिन विद्यालय प्रबंधन घटना को गंभीरता से लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

फादर राजू ने बताया कि घटना में संलिप्त कुछ छात्रों से आगे गलती न करने का बौंड भरवारा गया है। सभी बच्चों को सीसीटीवी के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है। फिलहाल सुरक्षा के दृष्टिकोण से और बच्चों के अनुशासन के लिए कक्षा दशम एवं आदिवासी छात्रावास को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया है।

इस बीच अभिभावकों व यहां के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करके विद्यालय प्रबंधन ठोस नतीजे निकालेगी ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। वही प्रभारी थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि पुलिस विद्यालय प्रबंधन एवं विभागों के साथ बातचीत कर रही है और घटना से संबंधित कारणों को पता लग रही है।

# सिर काटकर चचेरे भाई की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गावां।** गावां थाना अंतर्गत धरवे नावाडीह निवासी कमलेश यादव ने अपने ही चचेरे भाई आनंद कुमार यादव की हत्या निर्मम तरीके से कर दी।

हालांकि, पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। हत्यारे की निशानदेही पर पुलिस ने मृतक का धड़ बरामद कर लिया है पर सिर नहीं मिला है। सिर की मांग को लेकर चार बजे से उग्र ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया है। सड़क पर प्रदर्शन जारी है।

बताया जाता है कि गावां थाना क्षेत्र के बादीडीह पंचायत अंतर्गत नावाडीह निवासी अरविंद यादव का 22 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार यादव शनिवार रात से गायब था। इस बाबत गावां थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया गया था। इसके बाद युवक के मोबाइल को ट्रेस करते हुए पुलिस मामले की खोजबीन में जुट गई थी। कॉल डिटेल के आधार पर युवक के चचेरे भाई 38 वर्षीय कमलेश यादव को पुलिस ने सोमवार की रात हिरासत में लिया।

उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि उसने ही आनंद की चाकू से गर्दन काटकर हत्या की और शव को झाड़ी में फेंक दिया है। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने हत्यारोपी को साथ लेकर उसकी निशानदेही पर मृतक आनंद कुमार के धड़ को बरामद कर लिया है। पुलिस अब तक मृतक के सिर को बरामद नहीं कर पाई है।

घटना की सूचना मिलते पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद व पुलिस निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे। हत्या के कारणों का पुलिस पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। हालांकि, हत्या का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

# 'एक सड़ा अंडा सब कुछ बिगाड़ देता है'

**शाहिद अफरीदी ने फिर उगला जहर, WCL 2025 में भारत के पाकिस्तान से खेलने से इनकार करने पर फड़फड़ा उठे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब मैदान के बाहर की घटनाएं सुर्खियों बन जाती हैं। कुछ ऐसा ही मामला हाल ही में सामने आया है जब भारत के पूर्व ओपनर शिखर धवन और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के बीच सोशल मीडिया पर तीखी तकरार देखने को मिली। बात सिर्फ शब्दों की नहीं, बल्कि देशभक्ति, सेना और पुरानी दुश्मनी की भावनाओं से जुड़ गई।


### अफरीदी को 'मिर्ची' लगी, धवन को ठहराया जिम्मेदार

शाहिद अफरीदी ने मैच वाले दिन मीडिया से बात करते हुए भारत के न फड़फड़ा उठे। शाहिद अफरीदी ने सीधे तौर पर शिखर धवन को इस फैसले के लिए दोषी ठहराया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के अनुसार, शाहिद अफरीदी की मौजूदगी में शिखर धवन के खेलने से खुले तौर पर इनकार करने से भारतीय खेमे में भारी उथल-पुथल मच गई।शाहिद अफरीदी ने स्थानीय पत्रकारों से कहा, 'खेल देशों को करीब लाता है। अगर हर चीज के बीच में राजनीति आ गई तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे? लेकिन आप जानते हैं कि हमेशा एक सड़ा हुआ अंडा होता है, जो सब कुछ खराब कर देता है।' शाहिद अफरीदी ने शुरुआत में शिखर धवन का नाम लिए बिना निशाना साधा और बाद में भारतीय दिग्गज को ही इस विवाद का कारण बता डाला।

### 'घर पर ही रहना चाहिए था'

शाहिद अफरीदी ने शिखर धवन को 'अड़चन डालने वाला' करार दिया। शाहिद अफरीदी ने सुझाव दिया कि पूरी भारतीय टीम को आखिरी समय में हटने के बजाय भारत में ही रहना चाहिए था। अफरीदी ने कहा, 'उन्होंने मैच से एक दिन पहले अभ्यास किया था। मुझे लगता है कि उन्होंने सिर्फ एक खिलाड़ी की से मैच से हटने का फैसला किया। भारतीय टीम भी बहुत निराश है। वे यहां खेलने आए थे। आपको देश के लिए एक अच्छा राजदूत बनना चाहिए, न कि शर्मिंदगी।'






### अफरीदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर की थी विवादित टिप्पणी

विवाद की शुरुआत तब हुई जब शाहिद अफरीदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर टिप्पणी करते हुए भारतीय सेना पर सवाल उठाए। अफरीदी ने कहा, 'आपकी 8 लाख की फौज कुछ नहीं कर पाई। तुम्हारे देश में हर समय आतंकवाद होता है।' यह बात कई भारतीयों को खटकी, लेकिन सबसे सटीक जवाब शिखर धवन ने दिया। शिखर धवन ने अफरीदी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'कारगिल में भी तुम्हें हराया था, तुम्हारी हालत पहले से ही खराब है और कितना नीचे गिरोगे? हमें अपनी सेना पर गर्व है। भारत माता की जय।' शाहिद अफरीदी ने इस पर तंज कसते हुए शिखर धवन को 'चाय' ऑफर की। शाहिद अफरीदी ने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'छोड़ो जीत-हार को, आओ तुम्हें चाय पिलाता हूं शिखर।' यह टिप्पणी विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के 2019 में पकड़े जाने के बाद पाकिस्तान द्वारा 'चाय पिलाने' की घटना की ओर इशारा करती है, जिसे भारत में अपमानजनक माना गया था। विवाद यही नहीं रुका। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में रविवार 20 जुलाई को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच रद्द कर दिया गया। भारत के कई खिलाड़ियों ने कथित तौर पर इस प्रदर्शनी मैच से हटने का फैसला संवेदनशील कूटनीतिक मौकों पर, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के खिलाफ शाहिद अफरीदी की पिछली टिप्पणियों का हवाला देते हुए किया।

### अफरीदी के बदलते सुर

दिलचस्प यह है कि शाहिद अफरीदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खुद को एक शांतिप्रिय क्रिकेट दूत के रूप में पेश किया। अफरीदी ने कहा, 'मैं यहां क्रिकेट खेलने आया हूं, राजनीति करने नहीं। अगर वह मेरी वजह से खेलना नहीं चाहते, तो मैं घर पर ही रहता। क्रिकेट चलता रहना चाहिए था। क्रिकेट के सामने शाहिद अफरीदी कौन हैं? कोई नहीं।'

अफरीदी का यह बयान अप्रैल 2025 में उस विवादास्पद बयान के विपरीत था, जिसमें पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने भारत सरकार पर पाकिस्तान को बदनाम करने के लिए पहलगाम में अपने ही नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। अफरीदी ने पाकिस्तान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था, 'भारत खुद आतंकवाद फैलाता है, अपने ही लोगों को मरवाता है और फिर दोष पाकिस्तान पर मढ़ देता है।'

### सोशल मीडिया पर मचा था बवाल

एजबेस्टन में भारत बनाम पाकिस्तान मैच का रद्द होना सिर्फ टीम के आंतरिक फैसलों पर आधारित नहीं था। मैच की घोषणा के बाद भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त हंगामा मच गया। कई लोगों ने सीमा पर तनाव के बीच पाकिस्तानी क्रिकेटर्स से जुड़े मैच में पूर्व भारतीय खिलाड़ियों के खेलने की नैतिकता पर सवाल उठाए। इस साल की शुरुआत में भारत द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जाने के बाद से दोनों देशों के बीच यह पहला क्रिकेट मैच था, जिसने कूटनीतिक दुश्मनी को और बढ़ा दिया था।

### अफरीदी की मौजूदगी से भारतीय खिलाड़ी असहज

भारतीय टीम के करीबी सूत्रों ने खुलासा किया है कि भारत के खिलाफ अफरीदी की टिप्पणी के बाद कई खिलाड़ियों ने उनके साथ मैदान साझा करने में असहजता जताई। टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ियों में से एक शिखर धवन ने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगर अफरीदी मौजूद रहते हैं तो वह मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। इस मैच का रद्द होना दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के प्रयासों के लिए बड़ा झटका है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के आयोजकों को उम्मीद थी कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच स्टार पावर और दर्शकों की ऊर्जा से भरपूर होगा, खासकर तब जब मैच में लगभग 18 हजार प्रशंसकों के आने की उम्मीद थी।

## पाकिस्तान को भारत में लग रहा डर ! हॉकी टीम भेजने से किया इनकार

एशिया कप हॉकी 2025 का आयोजन अगले महीने भारत में होना है. इस टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम के भाग लेने पर सस्पेंस खड़ा हो गया है. पाकिस्तानी हॉकी टीम भारत आकर इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेना चाहती है. पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और एशियन हॉकी फेडरेशन को सूचित किया है कि एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में टीम भेजना उसके लिए मुश्किल होगा.

**पीएचएफ ने पत्र में क्या लिखा?**

पाकिस्तानी हॉकी महासंघ ने इसके पीछे की वजह सुरक्षा कारणों को बताया है. पाकिस्तान हॉकी महासंघ के प्रमुख तारीक बुगती ने कहा कि मौजूदा हालात में पाकिस्तानी टीम को सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है. इसलिए उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने को लेकर संकोच जताया है. मौजूदा हालात में भारत जाकर खेलना हमारी टीम के लिए जोखिम भरा हो सकता है. हमने उन्हें सूचित कर दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत आने के इच्छुक नहीं हैं, जो कि एक डायरेक्ट क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है.

तारिक बुगती ने कहा कि अब इस टूर्नामेंट के आयोजन और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है. उन्होंने कहा, हमने उनसे पूछा है कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे.

**तारिक का बयान हास्यास्पद**

तारिक बुगती का बयान काफी हास्यास्पद लगता है. पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देने वाला देश है और सुरक्षा चिंताएं तो सबसे ज्यादा उनके देश में है. भारत बड़े-बड़े खेल टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है और दुनिय भर के खिलाड़ी भारत में आकर खेलना चाहते हैं. पाकिस्तान सरकार ने अभी तक मुद्दे कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि टीम भारत नहीं आएगी. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसी तरह की धमकी 2023 के क्रिकेट वर्ल्ड कप से पहले दी थी. तब




उसने अपनी टीम को शुरुआत में भारत भेजने से इनकार किया था. लेकिन बाद में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम भारत आई. ये अलग बात रही कि उसका प्रदर्शन उस टूर्नामेंट में बेहद खराब रहा था और वो सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी.

## फिडे विमेन वर्ल्ड कप

### कोनेरू हंपी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला; वैशाली को हार मिली



**बटुमी, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने जॉर्जिया के बटुमी में खेले जा रहे फिडे विमेन वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। वह यहां तक का सफर तय करने वाली पहली भारतीय महिला चेस खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।हम्पी ने रविवार को क्वार्टर फाइनल के खेले गए दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोका। इससे पहले उन्होंने शनिवार रात बटुमी में दो गेमों की क्वार्टर फ़ाइनल सीरीज का पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल कर ली थी। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में, हरिका द्रोणावल्ली और उभरती हुई स्टार दिव्या देशमुख के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। हालांकि, इनमें से एक का सेमीफाइनल में जाने पर फैसला सोमवार को खेले जाने वाले दूसरे गेम के बाद होगा। इससे पहले हम्पी ने स्विट्जरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाईब्रेक्स में 1.5-0.5 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोनेरू हंपी के अलावा हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।वैशाली को मिली हार वैशाली रमेशबाबू को चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त तान झोंगयी से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में उनका अभियान समाप्त हो गया। वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

## प्रोफेशनल बॉक्सिंग

### युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के उसिक बने हैवीवेट चैंपियन, डुबोइस को नॉकआउट कर जीता खिताब




**लंदन, एजेंसी।** डुबोइस को नॉकआउट कर 38 वर्षीय ओलेक्जेंडर उसिक दूसरी बार बने विश्व विजेता। उन्होंने अब तक 24 फाइट की हैं और सभी जीतीं भी हैं। युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के 38 वर्षीय पेशेवर मुक्केबाज ओलेक्जेंडर उसिक ने वेम्बली स्टेडियम में ब्रिटेन के डैनियल डुबोइस को पांचवें राउंड में नॉकआउट कर दोबारा निर्विवाद विश्व हैवीवेट चैंपियन का खिताब हासिल किया। उसिक ने डुबोइस को एक जोरदार बाएं हुक से हराया, जिससे वह विश्व मुक्केबाजी संघ, परिषद और संगठन के बेल्ट्स बरकरार रखने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ बेल्ट भी वापस जीतने में सफल रहे। उसिक ने पिछले साल फ्यूरी को दो बार हराकर निर्विवाद हैवीवेट चैंपियन का खिताब जीता था। उसिक अब दो बार खिताब जीतने वाले लीजेंड मोहम्मद अली और फ्लोएड पैटरसन के बाद तीसरे खिलाड़ी बन गए। उसिक ने कहा, मैंने साढ़े तीन महीने तैयारी की और इस दौरान परिवार और अपनी पत्नी को नहीं देखा। मैं घर वापस जाना चाहता हूं।

## आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन, होल्गर रूने को मिले टिप्स

**वाशिंगटन, एजेंसी ।** दुनिया के नंबर 8 टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने ने डीसी ओपन से पहले वॉशिंगटन डीसी में आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया, जिसमें उन्हें जरूरी सलाह मिली। इस ट्रेनिंग के बाद रूने खुद को और मजबूत महसूस कर रहे हैं। अमेरिकी समर हार्ड-कोर्ट सीजन की तैयारी के लिए बढ़त हासिल करने की चाहत रखते वाले होल्गर रूने ने दो बार के यूएस ओपन चैंपियन अगासी से मदद मांगी, ताकि वह अपने खेल को बेहतर बना सकें।

ट्रेनिंग उसी जगह हुई, जहां अगासी ने अपने करियर के 60 में से पांच खिताब जीते थे। रूने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह एक शानदार अनुभव था। हम काफी समय से संपर्क में थे। वॉशिंगटन में हमने कुछ दिन साथ में बिताए, जहां उन्होंने मुझे कुछ चीजों में मदद की। यह मेरे लिए वाकई खुशी की बात थी। वह बेहद समझदार इंसान हैं। मैंने आज तक ऐसा कोई नहीं देखा, जो खेल को उनके नजरिए से देखता हो। उनका खुद का रिटर्न गेम शानदार था। मेरा भी रिटर्न अच्छा है। उन्होंने वहां कुछ टिप्स दिए, सलाह भी दी। उन्होंने कहा, बहुत ही कम समय की मुलाकात में उन्होंने बताया कि वह मुझे भविष्य में कहां देखते हैं, अभी कहां देखते हैं। जाहिर है कि मुझे अभी




बहुत कुछ सुधारना है। उन्होंने मेरे कोच लार्स के साथ मिलकर मेरा ध्यान सही चीजों पर फोकस करने में मदद की। उनके साथ वक्त बिताना वाकई बहुत अच्छा रहा। मैंने उन्हें यू-ट्यूब पर खूब देखा है। उनका स्टाइल और खेलने का तरीका कमाल का था। उनका करियर अपने आप में बहुत कुछ कहता है। जब रूने से पूछा गया कि क्या वह भविष्य में आंद्रे अगासी के साथ फिर से काम करना चाहेंगे, तो पूर्व वर्ल्ड नंबर 4 खिलाड़ी ने कहा, वह एक शानदार इंसान हैं। मैं जरूर ऐसा चाहूंगा। रूने ने इस साल कार्लोस अल्काराज को हराकर बार्सिलोना में एटीपी 500 खिताब जीता था। वह इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे थे। हालांकि, इस सीजन उन्हें छह बार पहले दौर में हार का सामना भी करना पड़ा, जिसमें विंबलडन में उनका पिछला मुकाबला भी शामिल है।

## अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद

**लास वेगास, एजेंसी।** लेवोन अरोनियन ने फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हांस नीमन को 1.5-0.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 42 वर्षीय अरोनियन ने पिछले सप्ताह मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी थी। लास वेगास के विंन होटल में फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन दूसरी बाजी में शानदार जीत दर्ज करते हुए उन्होंने खिताब और दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि अपने नाम की। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें 1,60,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फाबियानो कारुआना को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि




प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने वेसली सो को 1.5-0.5 से हराकर सातवां स्थान हासिल किया।

लेवोन अरोनियन ने खिताब जीतने के बाद कहा, यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैं इस अवसर के लिए बेहद खुश और आभारी हूं। हांस नीमन अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें उपविजेता रहते हुए 1,40,000 अमेरिकी डॉलर के साथ संतोष करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 1 कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पहले गेम में बराबरी के बाद, कार्लसन ने दूसरे गेम में दबाव बनाया और बढ़त को भुनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रीस्टाइल शतरंज की रिपोर्ट के अनुसार, लास वेगास में खिताबी मुकाबले से चूकने के बावजूद, इस नतीजे के साथ कार्लसन ग्रैंड स्लैम टूर की ओवरऑल स्टैंडिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। फाबियानो कारुआना पिछले दिन की तुलना में अधिक उत्साह से भरे नजर आ रहे थे। उन्होंने भारत के अर्जुन एरिगैसी को दो बार हराया और टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया।

## नुवान कुलशेखरा छोटे से शहर से निकला वो गेंदबाज, जिसने विश्व क्रिकेट में जमाई धाक

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रीलंका के एक छोटे से शहर, निट्टंबुवा में 22 जुलाई 1982 को जन्मे नुवान कुलशेखरा ने 21 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया। दुबले-पतले नुवान कुलशेखरा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 9 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें महज 19 रन देकर 2 शिकार किए। नुवान कुलशेखरा अपने डेब्यू वनडे मैच में ही छाप छोड़ चुके थे, लेकिन टेस्ट फॉर्मेट के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ गया। नुवान ने अप्रैल 2005 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेला। साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 133 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अप्रैल 2008 से 12 महीनों के भीतर 29 मैचों में 20.97 की औसत से 47 विकेट लिए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 28 और इकॉनमी रेट 4.45 रहा। लंबे रन-अप के साथ गेंदबाजी करने वाले कुलशेखरा गेंद को स्विंग कराने में उस्ताद थे।



## 25 रन बनाते ही कप्तान शुभमन गिल रच देंगे नया इतिहास... टूटेगा इस पाकिस्तानी दिग्गज का 19 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई (बुधवार) से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट मैच खेला जाना है. भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे हैं, ऐसे में ये मुकाबला उसके लिए करो या मरो का है. अगर भारत मैनचेस्टर टेस्ट हारता है या ड्रॉ करता है, तो सीरीज जीतने का मौका गंवा देगा. इस मुकाबले में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल पर सबकी निगाहें होंगी.शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान रचने के बेहद करीब हैं. यदि शुभमन मैनचेस्टर टेस्ट मैच में 25 रन बनाते हैं, तो वो 19 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देंगे. शुभमन 25 रन बनाते ही इंग्लैंड में किसी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बन जाएंगे.

फिलहाल ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ के नाम दर्ज है. दाएं हाथ के बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने साल 2006 में




इंग्लैंड में 4 मैचों की टेस्ट सीरीज में 90.14 की बेहतरीन औसत से 631 रन बनाए थे. अब शुभमन गिल के पास मोहम्मद यूसुफ को पछाड़ने का सुनहरा मौका है. शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अब तक 3 मैचों में 607 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत 101.16 रहा और उन्होंने तीन शतक लगाए. भारतीय कप्तान का मौजूदा सीरीज में सर्वोच्च स्कोर 269 रन रहा है, जो उन्होंने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में बनाया.भारतीय टीम के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने शुभमन गिल को लेकर बड़ी बात कही है. चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा, ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट शुभमन गिल के अब तक के करियर की सबसे बड़ी परीक्षा होगी. सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर नहीं, बल्कि कप्तान के तौर पर भी. चैपल का मानना है कि गिल के पास सीखने का समय बहुत कम है और वो अपनी भावनाएं नहीं दिखा सकते.

### ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। रविवार को प्रैक्टिस सेशन के समय नीतीश को घुटने में चोट लगी थी। सोमवार को मीडिया रिलीज में बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी पूरी टेस्ट सीरीज से और लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह मैनचेस्टर टेस्ट से बाहर हो गए हैं। अर्शदीप सिंह को बेकेनहम में नेट प्रैक्टिस के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है। वह मैनचेस्टर में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से शुरू होगा। इससे पहले खबर आई थी कि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के कारण चौथे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और नशीली दवा जब्त; 2 लोग गिरफ्तार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने इंटरस्टेट ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने दिल्ली के गाजीपुर स्थित हरिजन बस्ती के पास एक अभियान चलाया, जहां नशीले पदार्थ की सप्लाई की योजना बनाई जा रही थी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुलिस ने अभियान के दौरान 30 लाख रुपए मूल्य की 1.5 किलोग्राम अल्प्राजोलम और 1.25 करोड़ मूल्य की 606 ग्राम हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की एक टीम ने दिल्ली के गाजीपुर स्थित हरिजन बस्ती के पास एक अभियान चलाया। यहां मादक पदार्थ की सप्लाई की योजना बनाई जा रही थी। टीम ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान महेंद्र पाल और नत्थू खान के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित फरीदपुर के निवासी हैं। अधिकारियों ने बताया कि 50 साल का महेंद्र पाल शुरुआत में हेरोइन निर्माताओं को अल्प्राजोलम की आपूर्ति करता था। समय के साथ उसने अवैध नशीली दवाओं के व्यापार में नेटवर्क खड़ा कर लिया। दूसरा आरोपी 60 साल के नत्थू खान का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसे पहले तीन मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज है। उसके भाई के पास अफीम की खेती का लाइसेंस था, जिसका दुरुपयोग हेरोइन उत्पादन के लिए किया गया था। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि नशीले पदार्थों के स्रोत का पता लगाने और रैकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का मानना है कि यह भंडाफोड़ उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच सक्रिय अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है।

### फर्जी लॉटरी, इनाम वाली स्कीम से लोगों के साथ करते थे ठगी, पुलिस ने किया गिरोह का भंडाफोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इस सिलसिले में दो नाइजीरियाई नागरिकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी लॉटरी, उपहारों और इनामी योजनाओं के जरिए भारतीय नागरिकों से ठगी कर रहे थे। कई सालों से सक्रिय यह गिरोह पीड़ितों को फर्जी तरीके से खोले गए बैंक खातों में बड़ी रकम भेजने का लालच देता था। आरोपियों की पहचान शाहिद रज़ा (45), शाहरुख खान (23), विकास (25) और राकेश उर्फ लालू (22) के रूप में हुई है। ये चारों लोग लोग नाइजीरियाई नागरिक शेड्रैक ओनायनोर (29) और संडे जॉन उर्फ लिबर्टी (40) के साथ मिलकर ठगी करते थे। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) विक्रम सिंह ने बताया कि सात जुलाई को सूचना मिली थी कि दिल्ली से संचालित ठगों का एक समूह ऑनलाइन लॉटरी और उपहार योजनाओं के जरिए लोगों के साथ ठगी कर रहा है, जिसके बाद इस गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। डीसीपी ने कहा, रज़ा को दिल्ली के पंजाबी बाग से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 3.63 लाख रुपये नकद, नौ एटीएम कार्ड और एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें आपत्तिजनक जानकारी थी। उससे पूछताछ में नाइजीरियाई मूल के भारतीय और विदेशी नागरिकों से जुड़े एक नेटवर्क का पता चला। इसके बाद की छापेमारी में शेड्रैक को दिल्ली के खानपुर से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह कथित तौर पर ठगी की रकम वसूल रहा था। वह 2018 से अवैध रूप से भारत में रह रहा था। वह अपने मेडिकल वीजा की अवधि से अधिक समय तक भारत में रहा।

# स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाएं भी सीखेंगे छात्र, भाषा विवाद के बीच रेखा गुप्ता का बड़ा प्रस्ताव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में अब क्षेत्रीय भाषाओं को भी शामिल करने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार राजधानी में छात्रों को देशभर की विभिन्न भाषाओं की पढ़ाई करने का विकल्प देगी और अन्य राज्यों के छात्रों के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम भी शुरू करेगी। दरअसल, हाल ही में महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूलों में हिंदी भाषा को तीसरी अनिवार्य भाषा करने का आदेश देने के बाद वहां मराठी बनाम हिंदी की लड़ाई शुरू हो गई है। विवाद बढ़ने पर महाराष्ट्र सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। इस बीच, दिल्ली सरकार ने राजधानी के स्कूलों में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रीय भाषाएं पढ़ाने का एक नया प्रस्ताव रखा



है। रेखा गुप्ता ने रविवार को मंत्री कपिल मिश्रा के साथ दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों का दायरा बढ़ाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसे अपनी पहल को तय स्थानों से आगे ले जाकर आम जनता तक पहुंचाना होगा ताकि जनभागीदारी बढ़े। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित राज्यों के कलाकारों को शामिल कर दिल्ली में क्षेत्रीय उत्सव मनाए जाएं, क्योंकि ऐसा करने से इन आयोजनों में लोगों की रुचि बढ़ेगी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली के बच्चों को गैर-हिंदी भाषाएं सिखाने की संभावनाओं का पता लगाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि वे भारतीय सांस्कृतिक पहचान की विविधता को समझ सकें। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली के बच्चे दूसरे राज्यों की भाषाएं सीखें ताकि वे उन क्षेत्रों की परंपराओं और संस्कृतियों को बेहतर ढंग से समझ सकें। हमने अधिकारियों को राजधानी में भारत की विविध भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक डिटेल रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। सीएम ने स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के बारे में कहा इससे बच्चों को विभिन्न संस्कृतियों और जीवन शैलियों से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इससे देश की विविधता में एकता को और मज़बूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली केवल राजधानी ही नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतिबिंब है। हम चाहते हैं कि विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति हर गली-मोहल्ले तक पहुंचे और हर व्यक्ति इससे जुड़ाव महसूस करे। कला जागरूकता और सूचना फैलाने के शक्तिशाली साधन हैं, जो अक्सर संचार के अन्य माध्यमों से कहीं अधिक प्रभावी होते हैं।

## दिल्ली पुलिस ने जुआ खेलते पार्षद को पकड़ा, 2 महिलाओं समेत 7 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में आउटर नार्थ स्पेशल स्टाफ ने शनिवार रात प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में छापा मार कर जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पार्षद और दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 4.35 लाख रुपये बरामद किए हैं। एफआईआर के अनुसार, स्पेशल स्टाफ को कादीपुर गांव स्थित प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर में जुआ खिलाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा ने रात आठ बजे दफ्तर पर छापा मारा। मौके पर पार्षद समेत 7 लोग जुआ खेलते पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान दिलशाद खान नाम का शख्स भागने में सफल रहा। आरोपियों में जुए का संचालन करने वाला पूरन चुग भी शामिल है। दफ्तर भी उसी का है।

## चांदनी चौक में व्यापारी के परिवार को बंधक बना 50 लाख के गहने और डॉलर लूटे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चांदनी चौक के किनारी बाजार में बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर एक बुजुर्ग कारोबारी और उसके परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट की। वारदात के बाद आरोपी सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकालकर ले गए। पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 86 वर्षीय भीमसेन नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) से रिटायर्ड हैं। वह अपने बेटे संदीप, बहू नीलम और पोते हर्षित के साथ किनारी बाजार में रहते हैं। भीमसेन सोने-चांदी और कीमती पत्थर के कारोबार से जुड़े हैं। कारोबार घर से संचालित करते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह शनिवार को घर पर थे, तभी एक युवक ने भीमसेन का नाम लेकर दरवाजा खटखटाया और उसने अपना नाम सुनील बताया। पीड़ित के दरवाजा खोलते ही दो युवक अंदर घुस गए। लेकिन कुछ नहीं मिला। इसी बीच जब पोता हर्षित उन्हें बाहर निकालने लगा तो एक



बदमाश ने पिस्टल तान दी। उन्होंने हर्षित के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह पर टेप लगा दिया। इसके बाद घर में मौजूद पांच स्मार्टफोन बंद कर झोले में रख लिए। बदमाश करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने और हीरे के गहने तथा 3,550 डॉलर भी ले गए। वारदात के बाद बदमाशों ने कारोबारी के पूरे परिवार को रसोई में बंद कर दिया। बदमाशों के जाते ही पीड़ितों ने रसोई से शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया, तब जाकर घटना का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि वारदात में किसी जानकार का हाथ हो सकता है, क्योंकि किनारी बाजार की तंग गलियों में स्थित घर तक पहुंचना और कीमती सामान की सटीक जानकारी होना बाहरी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है।

## दिल्ली हाईकोर्ट में 6 नए जजों ने ली पद की शपथ, अब टोटल संख्या बढ़कर हुई 40

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को छह नए जजों ने पद की शपथ ली, जिससे अब यहां न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने हाईकोर्ट परिसर में आयोजित एक समारोह में इन छह नए जजों को पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले छह जजों में जस्टिस वी. कामेश्वर राव, जस्टिस नितिन वासुदेव साम्ब्रे, जस्टिस विवेक चौधरी, जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल, जस्टिस अरुण कुमार मोंगा और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं। इन जजों




के शपथ ग्रहण के साथ ही हाईकोर्ट में जजों की संख्या 40 हो गई है। हाईकोर्ट में जजों की स्वीकृत पदों की संख्या 60 है। जस्टिस चौधरी ने हिंदी में शपथ ली, जबकि अन्य पांच न्यायाधीशों ने अंग्रेजी में शपथ ली। जस्टिस साम्ब्रे इससे पहले बंबई हाईकोर्ट में कार्यरत थे, जबकि जस्टिस चौधरी एवं जस्टिस शुक्ला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत थे। जस्टिस क्षेत्रपाल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में और जस्टिस मोंगा राजस्थान हाईकोर्ट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जस्टिस राव का तबादला कर्नाटक हाईकोर्ट से दिल्ली किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश विभु बाखरू का कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में प्रमोशन होने पर 16 जुलाई को विदाई दी गई। इस फेरबदल के परिणामस्वरूप हाईकोर्ट के तीन सदस्यीय कॉलेजियम का पुनर्गठन भी होगा।

# चांदनी चौक में अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर ऐक्शन की तैयारी, एमसीडी ने बनाई टीमें

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
चांदनी चौक में अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) समेत अन्य विभागों ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए टीमें भी गठित कर दी हैं। ये टीमें सड़कों पर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

निगम के अफसरों ने इस सप्ताह व्यापारियों के साथ बैठक की योजना भी बनाई है। इसमें उनसे सहयोग मांगने के साथ चांदनी चौक के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। अफसरों ने बताया कि चांदनी चौक बाजार में हर दिन हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। निगम को अवैध तरीके से सड़क पर कब्जा करने, जर्जर इमारतों पर अनधिकृत अतिक्रमण करने, ई-रिक्शा के अतिक्रमण समेत कई शिकायतें मिली हैं। इनमें से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर सामान जब्त भी किया गया। अब अनधिकृत निर्माण की पहचान कर नोटिस जारी किए जाएंगे।

समस्याओं पर कई बैठकें की गईं = चांदनी चौक क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद विभागों ने कार्रवाई की कार्ययोजना बनानी शुरू कर दी है। अवैध कब्जों और अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई के लिए




पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीमें बनाई जा रही हैं।

इससे पहले इस वर्ष कई बार दिल्ली के सभी विभागों की चांदनी चौक में फुटपाथ पर होने वाले अवैध कब्जे को रोकने, ई-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ोतरी से प्रभावित हो रहे यातायात, तारों के जाल को खत्म करने समेत मुद्दों पर बैठकें हो चुकी हैं।


सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक इलाके में कथित रूप से बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध निर्माण कार्यों के लिए शुक्रवार को एमसीडी को जमकर फटकार लगाई और पुलिस को इलाके में अनधिकृत ईंट लगाते हुए पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने डॉ. एस. जेटली एवं अन्य बनाम दिल्ली नगर निगम और अन्य मामले में सुनवाई करते हुए ये गंभीर टिप्पणियां कीं और निर्देश दिए। सुप्रीम कोर्ट ने उस इलाके की उन सभी संपत्तियों को सील करने का निर्देश दिया, जहां अनधिकृत या अवैध निर्माण होता पाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस (संबंधित अधिकारियों) से कहा, आप हर दिन गश्त के लिए जाते हैं।

# धूप सेंकना पड़ा भारी, कोमा में पहुंची महिला! डॉक्टरों ने घरेलू नुस्खों पर दी चेतावनी

**बीजिंग , एजेंसी।**
कई बार लोग पारंपरिक या घरेलू नुस्खों पर आंख मूंदकर भरोसा कर लेते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला चीन के झेजियांग प्रांत से सामने आया है, जहां एक महिला को धूप सेंकने का नुस्खा इतना भारी पड़ा कि वह मौत के मुंह तक पहुंच गई।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वांग नाम की महिला ने पारंपरिक चीनी चिकित्सा के तहत शरीर की 'यांग ऊर्जा' बढ़ाने के लिए तेज धूप में दो घंटे तक बैठने का फैसला किया।

माना जाता है कि ऐसा करने से शरीर की नमी दूर होती है और बीमारियां ठीक होती हैं। लेकिन इस





अंधविश्वास ने वांग को अस्पताल पहुंचा दिया। तपती दोपहर में धूप सेंकने के बाद जैसे ही वह घर लौटी, अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिवार ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि महिला के मस्तिष्क में गंभीर रक्तस्राव (एनीरिज्मल सेरेब्रल हैमरेज) हुआ है और उन्हें जानलेवा ब्रेन हर्निया हो गया है। डॉक्टरों ने तत्काल आपातकालीन सर्जरी की, लेकिन वांग कोमा में चली गईं। कई हफ्तों तक डॉक्टरों की मेहनत, इलाज, सर्जरी और एक्यूपंक्चर के बाद उनकी हालत धीरे-धीरे सुधरी। अब वांग फिर से बोलने, बैठने और खाना खाने में सक्षम हैं।

झेजियांग प्रांतीय पीपल्स हॉस्पिटल के रिहैबिलिटेशन विभाग के निदेशक ये शियांगमिंग ने इस घटना पर साफ कहा, धूप सेंकने को हर बीमारी का इलाज मानना बिल्कुल गलत है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि तपती धूप में ज्यादा देर बैठना बुजुर्गों, हाई ब्लड प्रेशर और ब्रेन डिजीज वाले लोगों के लिए बेहद खतरनाक है। इससे हीटस्ट्रोक या स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्थिति बन सकती है। वांग की कहानी इस बात का बड़ा उदाहरण है कि हर पारंपरिक नुस्खा सही नहीं होता। किसी भी घरेलू या पारंपरिक इलाज को अपनाने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## सड़क से उछलकर घर की छत पर गिरी कार, बगीचे में खेल रहे बच्चे को मारी जोरदार टक्कर

**बर्लिन, एजेंसी।**
जर्मनी के बोमटे नामक क्षेत्र में एक चौंकाने वाला हादसा हुआ है। एक कार अनियंत्रित होकर पहले एक गाड़ी से टकराई भी फिर झाड़ियों के बीच से एक बगीचे में जा घुसी। इस दौरान ट्रेम्पोलीन पर खेल रहे एक बच्चे को भी कार ने टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, टक्कर के बाद कार हवा में उछलते हुए पास की खलिहान की छत पर जा गिरी। यह छत जमीन से करीब 3 मीटर (10 फीट) की ऊंचाई पर थी।

पुलिस ने बताया कि हादसे के समय कार में 42 साल का एक पुरुष था। उसके साथ उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी कार में सवार थे। बताया जा रहा है कि महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

कार में सवार तीनों बच्चों को मामूली चोट आई है। ड्राइवर को भी हल्की चोट लगी है। ट्रेम्पोलीन पर खेल रहा बच्चा सबसे ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर आपात सेवाएं भेजी गईं। दर्जनों फायरफाइटर, करीब एक दर्जन एंबुलेंस और दो रेस्क्यू हेलीकॉप्टर ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। छत पर फंसी कार को निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया गया। बचावकर्मी छत काटकर कार तक पहुंचे और कार को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

# जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी, प्रधानमंत्री पर इस्तीफे का दबाव

### 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं

**टोक्यो, एजेंसी।**
जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है।

यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है।

यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है। बीबीसी के मुताबिक इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वो पद नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे।

हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ सकता है। अगर वे हटते हैं तो एलडीपी में नई लीडरशिप की दौड़ शुरू हो सकती है। इसमें कई बड़े नाम जैसे साने ताकाइची, ताकायुकी कोबायाशी और शिंजिरो कोइज़ुमी शामिल हैं। जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए।




एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल एलडीपीजे को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाए हैं। यानी कि पीएम को सरकार चलाने के लिए अब विपक्ष के समर्थन की जरूरत पड़ रही है और यही सबसे बड़ा संकट है। इस चुनाव का सबसे चौंकाने वाला चेहरा रही धुर-दक्षिणपंथी पार्टी सैनसेतो। यह पार्टी 2020 में यूट्यूब पर शुरू हुई थी और अब 14 सीटें जीत चुकी है। चुनाव से पहले इसके पास सिर्फ 1 सीट थी। जापान के एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेफरी हॉल ने बीबीसी से कहा कि दक्षिणपंथी दलों को बढ़ता समर्थन अब एलडीपी की पारंपरिक वोट बैंक को काट रहा है। उनके मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के समर्थक मौजूदा प्रधानमंत्री इशिबा को पर्याप्त रूप से रूढ़िवादी नहीं मानते। उन्हें लगता है कि इशिबा चीन और इतिहास जैसे मुद्दों पर उतने सख्त नहीं हैं, जितने शिंजो आबे हुआ करते थे। एलडीपी को जो वोट पहले मिलते थे, उनमें से कई वोट अब सैनसेतो को मिलने लगे हैं। सैनसेतो खुलकर विदेशी विरोधी, राष्ट्रवादी और साजिश के सिद्धांतों वाली बातें कर रही है। इनकी बातों को पहले जापानी संसद में कोई नहीं कहता था। सैनसेतो पार्टी को कोविड-19 महामारी के दौरान यूट्यूब पर टीका-विरोधी और वैश्विक षड्यंत्रों पर आधारित वीडियो से पहचान मिली थी। अब यह पार्टी 'जापान फर्स्ट' जैसे नारों के जरिए कट्टरपंथी और आव्रजन-विरोधी लोगों का समर्थन हासिल कर रही है। सैनसेतो पार्टी विदेशियों के देश में आने को 'छिपा हमला' कहकर लोगों को डराती है। एक छात्र यू नागाई, जिसने सैनसेतो को वोट दिया, कहता है, मैं ग्रेजुएट स्कूल में पढ़ता हूं, लेकिन मेरे आसपास कोई जापानी नहीं है। वे सब विदेशी हैं। उसे लगता है कि सरकार विदेशियों पर बहुत खर्च कर रही है और जापानी लोगों के साथ न्याय नहीं हो रहा। गौरतलब है कि जापान की आबादी दुनिया की सबसे उम्रदराज है, और वहां रहने वाले विदेशियों की संख्या रिकॉर्ड 38 लाख तक पहुंच गई है। हालांकि यह अभी भी सिर्फ 3त्न है, लेकिन टूरिज्म और कामकाज की वजह से अब जापान में विदेशी चेहरों की मौजूदगी काफी दिखने लगी है। जिससे कुछ जापानी असहज महसूस कर रहे हैं। इस बार वोटिंग भी ज्यादा हुई और 58 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला।

# 18 से कम उम्र के बच्चे किसी प्रकार का वाहन न चलाएं : डीएसपी यातायात



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी अंतर्गत सेक्टर 12 स्थित द पेंटीकॉस्टल असेंबली स्कूल में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर एवं जिला सड़क सुरक्षा टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क दुर्घटनाओं से बचे इसके बारे में बताया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना काफी खतरनाक हो सकता है। यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

**वाहन चलाते समय मोबाइल, हेड फोन, इयर बड्स का उपयोग न करने के लिए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को प्रेरित किया-**

जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट, जूता इत्यादि का उपयोग कर कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल, हेड फोन, इयर बड्स का उपयोग न करने के लिए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई को लेकर कई टिप्स भी दिए। साथ ही बताया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु बाइक से हो रही है तथा सबसे अधिक दुर्घटना के शिकार लोग बाइक चलाने वाले ही हैं। इससे पता चलता है कि शहरी क्षेत्र में निर्धारित गतिसीमा से अधिक रफ्तार और ओवरटेक तथा असंतुलित होकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है। साथ ही डीटीओ व डीएसपी ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है, " सावधानी हटी, दुर्घटना घटी "।

**जिन बच्चों की उम्र 18 से कम है वे कृपया किसी प्रकार का वाहन न चलाए-**

पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर ने सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाए। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के वाहन चालकों को नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाए तो भविष्य उज्जवल हो सकती है। साथ ही कहा जिन बच्चों की उम्र 18 से कम है वे कृपया किसी प्रकार का वाहन न चलाए।

**डीटीओ ने दिलाई शपथ -**

जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की महत्वपूर्ण पहल जिसका उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना एवं यातायात नियम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि हम सभी सुरक्षित यात्रा करेंगे और दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा का अनुपालन करने और अपने परिवार के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाया जिसमें कहा कि हम सभी शपथ लेते हैं कि... " एक जिम्मेदार सड़क उपयोग करता है की भूमिका निभाते हुए- सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे। साथ ही सड़क पर और सावधानी पूर्वक चलेंगे। कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करेंगे। अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाएंगे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएंगे। दो पहिया वाहन चलाते समय या सफर करते समय हेलमेट जरूर पहनेंगे। चार पहिया वाहन चलाते या सफर का समय सीट बेल्ट जरूर लगाएंगे। वाहन चलाते समय गति पर नियंत्रित रखेंगे। खतरनाक ढंग से वाहन कभी नहीं चलाएंगे। वाहन चलाते समय कभी भी किसी प्रकार का नशा का प्रयोग नहीं करेंगे। आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को पहले जाने का रास्ता देंगे। सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। नेक नागरिक की भूमिका निभाते हुए दुर्घटना में हुए घायलों की मदद करेंगे और प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करेंगे कि वह भी इनका पालन करें। जागरूकता अभियान के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बैंक खाते से 81 लाख रुपये की निकासी का मामला आया सामने, उपायुक्त ने दिया जांच का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें स्थानीय निवासी अजय जैन उर्फ पन्नू पर रैयत मदन प्रसाद के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 81 लाख रुपये की निकासी का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय जैन ने अपने घर में वर्षों से कार्यरत मदन प्रसाद को विश्वास में लेकर, मुआवजा के तौर पर प्राप्त 1 करोड़ 81 लाख 70 हजार 770 रुपए में से विभिन्न तरीकों से 81 लाख रुपए की राशि 09 बार में निकाल ली। आरोप है कि आरोपी ने इसके लिए मदन प्रसाद से कई ब्लैंक चेकों पर अंगूठा निशान लिया और उसका दुरुपयोग किया। घटना की जानकारी मिलते ही मदन प्रसाद के परिजनों और अन्य रैयतों ने रविवार को आरोपी अजय जैन के घर के बाहर प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग की।



उल्लेखनीय है कि, यह राशि भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के एवज में संबंधित रैयतों को भुगतान की गई थी। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार, 6, 7 और 10 जून 2024 को पंजाब नेशनल बैंक, पेटरवार शाखा से तीन बार 9-9 लाख रुपये की सेल्फ निकासी की गई, साथ ही आरोपी और उसकी पत्नी के खाते में कई बार 9-9 लाख की राशि ट्रांसफर की गई। मामला प्रकाश में आने एवं गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा ने इस पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा है कि जांच उपरांत दोषी पाएं जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी प्रकार के वित्तीय दस्तावेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा निशान देने से पूर्व पूरी जानकारी और सतर्कता बरतें।

## संक्षिप्त समाचार

### लाभुकों की सुविधा हेतु जिले में विशेष आधार पंजीकरण व संशोधन कैम्प शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। परंतु कई लाभुकों के आधार में त्रुटि या आधार की अनुपस्थिति के कारण उन्हें बैंकिंग सेवाओं एवं राशन कार्ड में केवाईसी कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान हेतु बोकारो जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की गई है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न बैंकों, डाकघरों, प्रखंड कार्यालयों एवं प्रखंड संसाधन केंद्रों में आगामी 31 जुलाई 2025 तक (रविवार एवं अवकाश के दिनों को छोड़कर) विशेष आधार पंजीकरण/संशोधन कैम्प का आयोजन शुरू किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों में ऐसे लाभुकों की पहचान सुनिश्चित करें जिनका आधार पंजीकरण अब तक नहीं हुआ है या जिनके आधार विवरण में त्रुटियाँ हैं। ऐसे सभी लाभुकों का कैम्प के माध्यम से शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण एवं संशोधन कराया जाए। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को कैम्प के सफल आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभुक समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

### ठेका मजदूर का शव बरामद, हत्या की आशंका

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास थाना क्षेत्र के प्रभात कॉलोनी स्थित इंडियन फील्ड प्लांट में तारानगर के रहने वाले ठेका मजदूर विनय कुमार सिंह की संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने शव को बरामद किया है। मृतक सुबह 9 बजे तारानगर स्थित घर से निकला था। घर वालों को पुलिस ने सूचना दी। उसके बाद उसके जानने वाले और घर वाले मौके पर पहुंचे। लोगों का कहना है कि मृतक विनय के शरीर पर कई जख्म के निशान है। ऐसे में मौत पूरी तरह से संदिग्ध लग रही है। मृतक के जानने वाले सुबोध सिंह ने बताया कि हो सकता है कि यह मामला एक्सीडेंट और हत्या का हो। क्योंकि उसके सर से लेकर शरीर तक कई जख्म के निशान देखे जा रहे हैं। पोस्टमार्टम में ही पूरी बात सामने आएगी। उन्होंने बताया कि मृतक जमुई का रहने वाला था। जो प्लांट में ठेका मजदूर का काम करता था। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी और घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### आउटसोर्सिंग कंपनी के स्वास्थ्यकर्मियों ने बकाया वेतन की मांग के लिए प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वेतन भुगतान में हो रहे विलंब और चार महीने के वेतन बकाया की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी के स्वास्थ्य कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को ज्ञापन दिया। कर्मियों का कहना है कि अगर हमारी मांगों को नहीं मानी जाती है तो हम अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को विवश हो जाएंगे। कर्मियों का कहना है कि आज तक जो भी कंपनी काम का ठेका ले रही है उसके द्वारा ईएसआई और पीएफ का नंबर तक नहीं दिया गया है, जो न्यूनतम मजदूरी है उसका भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। वर्तमान समय में हम लोगों का चार महीने का वेतन बकाया है। सभी अधिकारी ठेका कंपनी की भाषा बोलते हैं। आज इस प्रदर्शन के माध्यम से फिर से एक बार उपायुक्त को ज्ञापन सौपा जा रहा है। अगर उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है तो हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### सीसी टीवी में कैद पशुधन चोर, दी पुलिस को सूचना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिटी थाना क्षेत्र के दुन्दीबाद स्थित विभिन्न खटालों से बीते कई महीनो से लगातार मवेशियों की चोरी हो रही थी। पशुपालक इसको लेकर परेशान थे। मौके पर लगे सीसीटीवी में गाय चोरी करते चोरों की तस्वीर कैद हुई, तो पशुपालकों ने चोर की पहचान करते हुए सोनाटांड स्थित रितेश यादव के खटाल पहुंच कर उससे से पूछताछ की, तो रितेश ने भोला तिवारी सहित अन्य चोरों के साथ मिलकर एक दर्जन से अधिक गाय और भैंस चोरी करने की बात स्वीकार की।, कुछ को कसाई और कुछ को बाहर बेचने की बात कही। मौके पर पहुंचे पशुपालकों ने खटाल में रखे भैंस और गाय को खोलकर लाने का काम किया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पूर्व में भी गाय चोरी की सूचना पुलिस को लिखित रूप से दी गई थी। लोगों ने पुलिस से आरोपियों को पड़कर चोरी की घटना को रोकने की मांग की है।

# क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का बेरमो एसडीओ ने किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खखंडा में बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण विद्यालय भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस संदर्भ में उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बोरमो मुकेश मछुआ द्वारा विद्यालय स्थल का सोमवार को निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की समीक्षा की गई। मौके पर गोमिया बीडीओ महादेव महतो समेत अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में पाया गया कि भवन का एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि उस कक्ष का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए तथा कक्षाओं को अन्य सुरक्षित कमरों में संचालित किया जाय। इसके अतिरिक्त क्षतिग्रस्त हिस्से की अस्थायी मरम्मत हेतु मिट्टी एवं बोल्डर डालकर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित विभाग को दिया है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अन्य दुर्घटना से बचा जा सके। जिला प्रशासन विद्यालय भवन की स्थिति पर निकटता से निगरानी रखे हुए है और आवश्यकता अनुसार आगे की कार्रवाई कर रहा है। जानकारी हो कि, उक्त मामला रविवार को मीडिया में आने के बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने संज्ञान में लिया था। उन्होंने एसडीओ बेरमो को मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा था।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लालपुर पंचायत में जन सुरक्षा अभियान चलाया



**चंदनकियारी (बोकारो)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा और बीमा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक अहम पहल की है। चंदनकियारी स्थित साबड़ा ब्रांच के अंतर्गत लालपुर पंचायत में बैंक द्वारा जन सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और ग्राहकों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत लोगों को विशेष रूप से सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद बैंक प्रतिनिधि रंजीत प्रभाकर ने बताया कि सुरक्षा बीमा, जिसे आमतौर पर व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कहा जाता है, एक ऐसा वार्षिक नवीकरणीय बीमा है, जो दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह बीमा योजना बेहद सस्ती होती है, जिसका प्रीमियम सीधे ग्राहक के बैंक खाते से स्वचालित रूप से कट जाता है। योजना में नामांकन की प्रक्रिया भी सरल और न्यूनतम कागजी कार्यवाही वाली है। यह योजना हर साल नवीनीकृत की जाती है, जिससे यह निरंतर सुरक्षा प्रदान करती है। रंजीत प्रभाकर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का उदाहरण देते हुए बताया कि यह योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के उन व्यक्तियों के लिए है जिनके पास बचत खाता है। दुर्घटना से मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर ₹2 लाख और आंशिक विकलांगता पर ₹1 लाख तक की राशि दी जाती है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को बीमा योजनाओं से जोड़ना है, ताकि अप्रत्याशित दुर्घटनाओं के समय उन्हें और उनके परिवारों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और बड़ी संख्या में लोगों ने ऑन-द-स्पॉट नामांकन कराया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की यह पहल ग्रामीण समाज में बीमा जागरूकता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम मानी जा रही है।

# मानव दुर्व्यापार के खिलाफ बोकारो रेलवे स्टेशन में जागरूकता कार्यक्रम

**विश्व मानव दुर्व्यापार के खिलाफ जारी है अभियान**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो रेलवे, रेलवे पुलिस बाल, तथा सहयोगिनी द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत विश्व मानव दुर्व्यापार के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन मैनेजर अजय हलधर , रेलवे सुरक्षा बल के अरुणा उरांव, रवि रंजन कुमार, रंजीत कुमार, टी टी सुमन कुमारी ,रंजीत कुमार रमेश चंद्र महतो ,रिपुंजय सिंह, मोनालीसा फ्रांसिस , सहयोगिनी के संबंध में सनी कुमार, विकास कुमार, रवि कुमार राय, सोनी कुमारी ने जागरूकता अभियान का संचालन किया। स्टेशन मैनेजर अजय हलधर ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद सभी नागिकों को जानकारी दिया कि अगर स्टेशन पर किसी प्रकार का बाल तस्करी का मामला आता है, तो तुरंत हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करें। जिससे बाल तस्करी को रोका जा सके । वही रेलवे पुलिस फोर्स के विकास कुमार ने टोल फ्री नंबर की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी लड़का या लड़की का तस्करी होता है , तो हमें सतर्क रहना है तथा तुरंत सरकार के टोल फ्री नंबर 1098 में कॉल कर-के सूचना देना है इसके बाद बच्ची को या बच्चा को रेस्क्यू कर उसे बचाया जा सके। सहयोगिनी के सन्नी कुमार ने बाल तस्करी ,बाल यौन उत्पीड़न, बाल मजदूरी तथा बाल विवाह के खिलाफ सहयोगिनी द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया ।इस कार्यक्रम में सहयोगिनी से अनिल कुमार हेंब्रम ,विकास कुमार, सोनी कुमारी उपस्थिति थी। इसके बाद सहयोगिनी के द्वारा बोकारो बस स्टैंड, फुसरो रेलवे स्टेशन चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन में भी जागरूकता का कार्य किया गया। मानव दूर व्यापार तथा तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगामी 30 जुलाई विश्व मानव दुर्व्यपार विरोधी दिवस तक जारी रहेगा।

# बोकारो जिला अधिवक्ता संघ चुनाव 2025: रणजीत गिरि ने किया उपाध्यक्ष पद हेतु नामांकन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-27 के लिए होने वाले चुनाव में आज उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता रणजीत कुमार उर्फ रणजीत गिरि ने अपने समर्थकों के साथ कोर्ट परिसर में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोर्ट परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल देखा गया। रणजीत गिरि, जो उपाध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "मैं अधिवक्ता संघ के हित में कार्य करने और अधिवक्ताओं के अधिकारों व कल्याण के लिए समर्पित रहूंगा। मेरा उद्देश्य संघ को और मजबूत करना है।" उनके समर्थकों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और जीत का भरोसा जताया। निवार्ची पदाधिकारी के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 23 जुलाई तक जारी रहेगी, और मतदान 2 अगस्त 2025 को होगा। मतगणना भी उसी दिन संपन्न होगी। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई अन्य पदों के लिए अधिवक्ता अपनी किस्मत आजमाएंगे। बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के इस चुनाव में अधिवक्ताओं के बीच उत्साह और जोश देखा जा रहा है। रणजीत गिरि के नामांकन ने उपाध्यक्ष पद की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है।

# सात हत्यारोपियों को हुई उम्र कैद की सजा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के चौरा बस्ती में जमीन विवाद में सुरेश मुर्मू की हत्या के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश दीपक वर्णवाल की अदालत ने सात आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इन आरोपियों में एक पुलिस का जवान सुखवंत सिंह भी शामिल है ,जो इस हत्याकांड में मुख्य अभियुक्त था। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी को सजा सुनाई गई है। यह घटना 24 मई 2023 को उस वक्त घटित हुई थी जब आरोपी सुखवंत सिंह, राहुल कुमार ,चरण दास महतो, मंतोष रंजन, रितेश कुमार, अभय कुमार उत्तम कुमार एवं लालू महतो ने मिलकर जमीन कब्जा करने का विरोध करने वाले सुरेश मुर्मू की लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में सुरेश मुर्मू के घर के अन्य लोग जिसमें महिला भी शामिल थे वे लोग भी घायल हुए थे। इस मामले में एससी एसटी एक्ट के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। सरकार के तरफ से स्पेशल पीपी टीएन ठाकुर ने इस मामले में पक्ष रखने का काम किया था।

# उपायुक्त ने की राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त को आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में आगमन, स्वागत, विश्राम कक्ष, ग्रीन रूम, ग्रीन रूम से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन, डायस प्लान, राष्ट्रपति का स्वागत, आमंत्रण पत्र, प्रॉक्सिमिटी पास, मजिस्ट्रेट व पुलिस ड्यूटी पास, फोटोग्राफी सेशन सहित राष्ट्रपति के मिनट - टू - मिनट कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपति के विश्राम कक्ष से कार्यक्रम स्थल तक का रास्ता बिल्कुल क्लियर रहना चाहिए। प्रवेश द्वार के अनुसार सभी के लिए अलग-अलग रंग के पहचान पत्र होने चाहिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने धनबाद एयरपोर्ट तथा बिरसा मुंडा स्टेडियम में हेलीकॉप्टर लेंडिंग, ड्रोप गेट, पुलिस व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति, आईआईटी आईएसएम तक रूट लाइन को लेकर धनबाद नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, पथ निर्माण विभाग, वन विभाग तथा भवन प्रमंडल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसपी सुमित कुमार, शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के रिकार्ड संधारण में गंभीरता बरतें, एलएस करें सुनिश्चितः डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग (आसीडीएस) तथा सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ), पर्यवेक्षिका (एलएस) एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

**रिकॉर्ड संधारण में लापरवाही नहीं हो, सभी एलएस करें सुनिश्चित**

बैठक में डीडीसी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार के रजिस्टर व रिकॉर्ड समय-समय पर अद्यतन रखें जाएं। रिकॉर्ड की प्रामाणिकता बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित पर्यवेक्षिकाओं पर होगी। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण में रिकॉर्ड अद्यतन नहीं पाए जाते हैं, तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण क्रम में उपस्थिति पंजी व अन्य रिकार्ड अद्यतयन नहीं होने पर नाराजगी जताई और एलएस को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर इसमें अविलंब सुधार लाने को कहा।

**मिशन सक्षम के तहत सभी निर्धारित सुविधाओं का करें अधिष्ठापन**

डीडीसी ने निर्देशित किया कि जिले में चयनित 715 मिशन सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में से शेष केंद्रों में भी शौचालय, सुरक्षित पेयजल, विद्युत, बाला पेंटिंग्स, एलईडी स्क्रिन आदि जैसे बुनियादी सुविधाओं का शीघ्र अधिष्ठापन किया जाए। संबंधित परियोजना पदाधिकारीगण इस पर सतत निगरानी रखें।

**400 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका बनाएं**

मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत जिले के 400 चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका की स्थापना की जानी है। इसके माध्यम से केंद्रों में ताजा एवं पोषणयुक्त फल-सब्जियां उगाकर बच्चों के आहार को समृद्ध बनाया जा सकेगा। यह प्रयास स्थानीय संसाधनों से कुपोषण उन्मूलन की दिशा में भी एक प्रभावशाली कदम होगा। इसे ससमय सुनिश्चित करें। सभी 400 केंद्रों में इसके लिए राशि हस्तांतरित कर दी गई है।

**400 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका लगाएं**





**समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों को भी बुलाएं**

डीडीसी ने निर्देश दिया कि आगामी बैठक में बिजली विभाग एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी बुलाएं, ताकि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक विद्युत कनेक्शन या शौचालय नहीं बने हैं, उन लंबित कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जा सके।

**पोषण ट्रैकर एप पर अद्यतन स्थिति अपलोड करना जरूरी**

डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर एप पर आंगनबाड़ी केंद्रों की अद्यतन स्थिति, उपस्थित लाभुकों की संख्या, पूरक पोषण आहार वितरण, हेल्थ चेकअप, अन्य गतिविधियों आदि की नियमित एंट्री की जाए। वरीय स्तर पर एप पर उपलब्ध आंकड़ों से ही समीक्षा की जाती है। इसलिए इसकी जरूरत को समझें, अनुपालन में कोताही पर संबंधित के विरूद्ध जवाबदेही तय की जाएगी।

**कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत किया समीक्षा, दिया जरूरी दिशा - निर्देश**

बैठक में डीडीसी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पात्र लाभुकों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय किश्त का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विवाह योग्य लाभुकों की पहचान कर समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बालिकाओं के नामांकन, बैंक खाता खुलवाने और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। योजना के तहत 18-19 वर्ष की किशोरियों से आनलाइन आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति के लिए आनलाइन ही अग्रसारित करें। वहीं, पूरक पोषाहार कार्यक्रम के तहत समुचित वितरण प्रणाली एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं सेविका/सहायिका चयन प्रक्रिया के लंबित प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा करने को कहा।

**पेंशन योजनाओं के लाभुकों का होगा सत्यापन, जिला से प्रपत्र होगा उपलब्ध**

सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा बैठक में डीडीसी ने कहा कि विभाग के निदेर्शानुसार वृद्धजन, विधवा, परित्यक्ता, दिव्यांगजन तथा अन्य पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी सेविका झ सहायिका झ एलएस का अहम योगदान होगा। सभी इसे निर्धारित अवधि में पूरा करेंगे। जिला से सत्यापन के लिए प्रखंड/अंचलों को प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन का आवंटन प्राप्त नहीं होने के कारण मार्च 2025 के बाद पेंशन भुगतान नहीं हुआ है। जैसे ही आवंटन प्राप्त होगा, लाभुकों को भुगतान किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआइवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेंडर पेंशन योजना का जुलाई 2025 माह तक की पेंशन राशि भुगतान की गई है। उधर, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का मई 2025 तक का पेंशन भुगतान किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com